भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 21 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 275, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कमला हैरिस ऐतिहासिक राष्ट्रपति साबित होंगी : बाइडन 14

जल्द रिलीज होगी प्रियंका की फिल्म पाणी 13

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर
ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती
फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## होटल में युवती की हत्या, रेलवे ट्रैक पर मिला मंगेतर का शव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली के पुराना रोडवेज के पास मंगेतर के साथ रुकी थी युवती

**अमृत विचार :** थाना कोतवाली से कुछ दूरी पर पुराने बस अड्डे के पास होटल प्रीत पैलेस में युवती की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस जांच में पता चला कि युवती की हत्या उसके मंगेतर ने की है, लेकिन शाम को उसका भी शव धनेटा फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर मिला। पुलिस आशंका जता रही है कि युवती की हत्या करने के बाद मंगेतर ने भी आत्महत्या की होगी।

होटल के कमरा नंबर 7 में मंगलवार सुबह 10 बजे के बाद कर्मचारी महेश सफाई करने गया था तो उसने कमरे में युवती का शव औंधे मुंह पड़ा देखा। होटल मैनेजर राजकुमार ने पुलिस को बताया कि आजमनगर निवासी आलम कुरैशी ने 18 अगस्त को कमरा बुक कराया था। आलम की पहचान के बाद शाम को युवती की पहचान शाही की फरजाना उर्फ शब्बो के रूप में हुई। इस दौरान पुलिस को मालूम हुआ कि आलम युवती का मंगेतर था। पुलिस आलम को तलाश रही थी कि तभी धनेटा फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर आलम का शव होने की सूचना मिली।

## परिषदीय स्कूलों में होगी 85 हजार शिक्षकों की भर्ती

### 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री के स्पष्ट आदेश के बाद शुरू हुई तैयारी

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ



- हाईकोर्ट में आरक्षण को लेकर मामला लंबित होने से चार साल से ठप पड़ी थी सुपर टीईटी परीक्षाएं

**अमृत विचार :** राज्य के परिषदीय स्कूलों में नई शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे लाखों युवाओं के लिए जल्द ही अच्छी खबर आने वाली है। 69 हजार बेसिक शिक्षक भर्ती हाईकोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री के स्पष्ट आदेश ने 85 हजार से अधिक खाली पड़े पदों पर भी नियुक्ति का रास्ता साफ कर दिया है। चार साल से टीईटी पास लाखों अभ्यर्थियों को ठप पड़ी सुपर टीईटी परीक्षा का इंतजार है।

राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में 2017 से अब तक मात्र 1 लाख 26 हजार 371 शिक्षकों की नियुक्ति की है। हाईकोर्ट में 69 हजार बेसिक शिक्षक भर्ती में आरक्षण संबंधी विवाद पर कानूनी दांव-पेच फंसने के बाद नियुक्तियां रुक गई थीं। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के मुताबिक स्कूलों में कुल 4,17,886 पद स्वीकृत हैं। इसके सापेक्ष प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के 85,152 पद खाली हैं। वे अंशकालिक, अनुदेशक, शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापकों को मिलाकर वर्तमान में कुल 6,28,915 शिक्षकों का दावा करते हुए बेसिक में 30 बच्चों पर एक शिक्षक और अपर प्राइमरी में 35 बच्चों पर एक शिक्षक का अनुपात होने से पढ़ाई में कोई दिक्कत नहीं मानते हैं। मगर, अब हाईकोर्ट में विवाद खत्म होने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सुप्रीम कोर्ट जाने की अटकलों को खारिज करने के बाद कामचलाऊ व्यवस्था की जगह नए शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए यूपीटीईटी और सीटीईटी पास अभ्यर्थियों को सुपर टीईटी परीक्षा देनी होगी।

राज्य सरकार नई भर्ती में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए बीएड करने वालों को प्राइमरी शिक्षक भर्ती से बाहर रखेगी। यानि बीएड करने वाले कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को नहीं पढ़ा पाएंगे। सिर्फ बीएसटीसी, बीटीसी, डीएलएड करने वाले ही प्राइमरी स्कूल में टीचर बन पाएंगे।

### कर्जदार शिक्षकों पर बैंकों की टेढ़ी नजर

लखनऊ। 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई मेरिट को लेकर कर्जदार शिक्षकों पर बैंकों की टेढ़ी नजर शुरू हो गई है। बांदा के जिला सहकारी बैंक के सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सभी शाखा प्रबंधकों को पत्र जारी करके निर्देश दिया है कि हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में मिल रही जानकारी का संज्ञान लेकर ऐसे शिक्षकों के खाते का परीक्षण करें। बैंक के धन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वसूली की कार्रवाई के साथ ओडी लिमिट व व्यक्तिगत लोन का भुगतान न करें।

## एक नजर

### एससी कोटे में कोटा के विरोध में आज भारत बंद

लखनऊ। अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में आरक्षण व क्रीमीलेयर की व्यवस्था लागू करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ आज (21 अगस्त) बसपा व भीम सेना ने भारत बंद का आह्वान किया है। बसपा नेता आकाश आनंद ने कहा कि फैसले पर समाज के लोगों में भारी गुस्सा है। इस बीच, आंदोलन को सफल बनाने के लिए भीम सेना ने आरक्षित वर्ग के लोगों को एडवाजरी जारी की है। कहा गया है कि आंदोलन में शामिल न होने पर नफा-नुकसान की जिम्मेदारी संगठन की नहीं होगी। इसकी जिम्मेदारी केंद्र व राज्य सरकारों के अलावा स्थानीय प्रशासन व आरक्षित वर्ग के लोगों की होगी।

### अब मंकीपॉक्स वैक्सीन बनाएगा सीरम इंस्टिट्यूट

नई दिल्ली। कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने मंकीपॉक्स वैक्सीन बनाने की घोषणा की है। कंपनी के सीईओ अदार पूनावाला ने बताया कि मंकीपॉक्स के पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित होने के बाद लाखों लोगों की मदद करने के लिए हम एक वैक्सीन विकसित कर रहे हैं। उम्मीद है कि एक साल के अंदर हम इसे बना लेंगे। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों के बीच देश के सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों के साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर अलर्ट जारी किया था।

### आप सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करने के आदेश

सुलतानपुर। जिले की एक अदालत ने 23 साल पूर्व एक मामले में आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह और सपा नेता अनूप संडा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। इस मामले में जमानती वारंट को कोर्ट ने जारी रखा है। 28 अगस्त को कोर्ट अब मामले की सुनवाई करेगा। करीब 23 वर्ष पहले 19 जून 2001 को बिजली-पानी समेत अन्य समस्याओं के विरोध में इन नेताओं ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया था।

### सीतलवाड़ को मलेशिया यात्रा की अनुमति मिली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को एक सम्मेलन के लिए 31 अगस्त से 10 सितंबर तक मलेशिया यात्रा की अनुमति दे दी। आरोपी से एक शपथपत्र दाखिल करने को कहा कि वह निर्धारित समय पर भारत लौट आएंगी। शीर्ष न्यायालय ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर दस्तावेज तैयार करने के मामले में तीस्ता को पिछले वर्ष जुलाई में नियमित जमानत दे दी थी।

# अब एक और दुष्कर्म का इंतजार नहीं

### कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या की घटना के बाद राज्य सरकार के रवैये पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गठित की 10 सदस्यीय नेशनल टॉस्क फोर्स

नई दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में सुरक्षा की कमी पर चिंता व्यक्त की और कहा कि देश जमीनी स्तर पर वास्तविक बदलाव के लिए एक और दुष्कर्म या हत्या की घटना का इंतजार नहीं कर सकते।

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल रहे। बेंच ने इस मामले में राज्य सरकार, पुलिस जांच से लेकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संदीप घोष की भूमिका तक पर सवाल उठाए। कोर्ट ने मामले में 10 सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स के गठन का फैसला किया। वाइस एडमिरल आरती सरीन की अध्यक्षता वाले 10 सदस्यीय टास्क फोर्स को तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

**तीन सदस्यीय पीठ ने मामले में की सुनवाई**



### कार्यस्थल पर सुरक्षा का मुद्दाः जस्टिस चंद्रचूड़

सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, "हमने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेने का फैसला इसलिए किया है, क्योंकि यह कोलकाता के एक अस्पताल में हुई किसी विशेष हत्या से संबंधित मामला नहीं है। यह पूरे भारत में डॉक्टरों की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को उठाता है।" चीफ जस्टिस ने कहा कि कार्यस्थल की सुरक्षित स्थिति बनाने के लिए एक राष्ट्रीय प्रोटोकॉल होना चाहिए। अगर महिलाएं कार्यस्थलों में नहीं जा सकतीं और सुरक्षित महसूस नहीं कर सकतीं, तो हम उन्हें समान अवसर से वंचित कर रहे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि देशभर के डॉक्टरों को शामिल करते हुए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स बनाया जा रहा है, जो चिकित्सा क्षेत्र के पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देशभर में अपनाए जाने वाले तौर-तरीकों पर सिफारिशें देगा।

इस घटना को भयावह बताते हुए कोर्ट ने प्राथमिकी दर्ज करने में देरी करने और हजारों उपद्रवियों को सरकारी सुविधा में तोड़फोड़ करने की अनुमति देने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर राज्य की शक्ति का इस्तेमाल न करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर भावनाओं के उबाल के इस क्षण में उनके साथ अत्यंत संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने को कहा। सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई को हत्या की जांच में हुई प्रगति पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, साथ ही राज्य सरकार से भी कहा कि वह उपद्रवियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

**राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दी सफाईः** पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इन टिप्पणियों का खंडन किया और कहा कि कोलकाता पुलिस ने सभी आवश्यक कार्रवाई की है। जांच की गई और तुरंत अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया। हमने अपराधी को पकड़ लिया जो एक स्वयंसेवी था। अदालत ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि पश्चिम बंगाल सरकार कोलकाता की घटना के मुद्दे पर समाज के किसी भी वर्ग द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर आवश्यक संयम बरतेगी।



### सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बातें

- यह कोलकाता का नहीं, पूरे देश के डॉक्टरों की सुरक्षा का मामला
- सीबीआई गुरुवार तक जांच की स्टेटस रिपोर्ट दें
- हमें डॉक्टरों, खासकर महिला डॉक्टर और युवा डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर चिंता है
- डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रोटोकॉल विकसित करना होगा
- डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए हम यहां हैं, इसे हम हाईकोर्ट पर नहीं छोड़ेंगे

### पश्चिम बंगाल सरकार पर उठाए सवाल

- समय पर एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई?
- शव माता-पिता को देर से क्यों सौंपा गया?
- घटना के बाद प्रिंसिपल संदीप घोष क्या कर रहे थे?
- क्राइम सीन को प्रोटेक्ट क्यों नहीं किया गया?
- कॉलेज में जब भीड़ घुसी, तब पुलिस क्या कर रही थी?

## यूपीएससी में लेटरल एंट्री का आदेश वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री के आग्रह पर आयोग ने विज्ञापन रद किया, विपक्ष ने अपनी पीठ थपथपाई

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को केंद्र के अनुरोध पर नौकरशाही में 'लेटरल एंट्री' भर्ती के लिए जारी अपना नवीनतम विज्ञापन रद कर दिया। विपक्षी दलों द्वारा लेटरल एंट्री भर्ती का विरोध किए जाने के बीच आयोग ने यह कदम उठाया है। यूपीएससी ने 17 अगस्त को लेटरल एंट्री के माध्यम से 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी।

यूपीएससी लेटरल एंट्री के जरिये सीधे उन पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति करता है, जिन पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तैनाती होती है। इस व्यवस्था के तहत निजी क्षेत्रों के अलग-अलग पेशे के विशेषज्ञों को विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सीधे संयुक्त सचिव और निदेशक व उप सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है। नौकरशाही में लेटरल एंट्री के जरिये भर्ती की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इससे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के आरक्षण अधिकारों का हनन हुआ है। इससे पहले केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिखकर उक्त विज्ञापन रद करने को कहा, ताकि कमजोर वर्गों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।




### विपक्ष के विरोध के कारण पीछे हटी सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को दावा किया कि विपक्ष के विरोध के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लेटरल एंट्री के मामले पर पीछे हटी और उसने संबंधित विज्ञापन वापस लेने का फैसला किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'संविधान जयते। हमारे दलित, आदिवासी, पिछड़े और कमजोर वर्गों के सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस पार्टी की लड़ाई ने आरक्षण छीनने के भाजपा के मंसूबों पर पानी फेरा है।'

## खेत की रखवाली कर रहे किसान को सांड़ ने पटक-पटककर मार डाला

संवाददाता, जलालाबाद (शाहजहांपुर)

- जलालाबाद के गांव शाहपुर की घटना खेत से पशु भगा रहे थे चरन सिंह

**अमृत विचारः** खेत से छुट्टा पशुओं को भगा रहे किसान पर एक सांड़ ने हमला कर दिया और खड़ंजे पर पटक दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी चरन सिंह (50) पुत्र बुद्धपाल सोमवार की रात 9 बजे खेत पर धान की फसल की रखवाली करने गए थे। मंगलवार सुबह पांच बजे खेत में छुट्टा पशुओं का झुंड घुस गया। वह लाठी लेकर पशुओं को भगाने लगे। इसी बीच एक सांड़ ने उनके ऊपर हमला कर दिया। उन्हें उठाकर खड़ंजे पर पटक दिया। चरन सिंह सांड़ के पैरों के नीचे भी आ गए। पड़ोस के खेतों में मौजूद किसान दौड़कर गए और पशुओं को भगाया, लेकिन तब तक चरन सिंह की मौत हो चुकी थी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के घर में पत्नी पुष्पा देवी के अलावा तीन बेटे व चार बेटियां हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है, शेष बच्चे अभी छोटे हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने मौका मुआयना किया।



मृतक किसान चरन सिंह और बिलखते परिजन।

## जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर पायलट बाबा ब्रह्मलीन

**हल्द्वानी।** श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के वरिष्ठतम महामंडलेश्वर पायलट बाबा का मंगलवार को मुंबई के अस्पताल में निधन हो गया। पायलट बाबा के ब्रह्मलीन होने की सूचना मिलते ही संत समाज व उनके अनुयायियों में शोक व्याप्त हो गया। भवाली के पास स्थित गेठिया आश्रम में उनके अनुयायियों का जमावड़ा लग गया। बुधवार को हरिद्वार में बाबा को समाधि दी जाएगी। बाबा के सहयोगी अनिल सिंह ने बताया कि पायलट बाबा पिछले सात माह से बीमार चल रहे थे। मुंबई स्थित कोकिला बेन अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। पायलट बाबा मूलतः बिहार के रोहतास के रहने वाले थे। उनका वास्तविक नाम कपिल सिंह था। संन्यास लेने से पहले पायलट बाबा भारतीय वायु सेना में विंग कमांडर थे। पायलट बाबा को वायुसेना का पायलट होने के कारण संन्यास लेने पर इसी नाम से प्रसिद्धि मिली।



## सैकड़ों छात्राओं के गुनहगारों को उम्रकैद

जयपुर, एजेंसी

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1992 के बहुचर्चित ब्लैकमेल व दुष्कर्म कांड मामले में छह शेष आरोपियों को दोषी मानते हुए मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस बहुचर्चित कांड में अजमेर शहर की सौ से अधिक लड़कियों का यौन शोषण किया गया था।

अभियोजन पक्ष के वकील वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट में हो रही थी। न्यायाधीश रंजन सिंह ने छह आरोपियों को अपराध में शामिल होने का दोषी ठहराया और फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि अदालत ने नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहेल गनी और सैयद जमीर हुसैन सहित प्रत्येक आरोपी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक आरोपी इकबाल भाटी को अदालत में पेश होने के लिए एम्बुलेंस में दिल्ली से अजमेर लाया गया था। बता दें कि पुलिस ने मामले में 12 आरोपियों कैलाश सोनी, हरीश तोलानी, फारुख चिश्ती, इशरत अली, मोइजुल्लाह, परवेज अंसारी, नसीम, पुरुषोत्तम, महेश लुधानी, अनवर चिश्ती, शम्सू उर्फ माराडोना और जहूर चिश्ती को गिरफ्तार कर जिला कोर्ट अजमेर में 30 नवंबर 1992 को पहली चार्जशीट पेश कर दी थी।

**अजमेर ब्लैकमेल कांड**



- 32 साल पुराने दुष्कर्म के मामले में छह दोषियों को मिली सजा

### क्या था मामला

1992 के इस बहुचर्चित मामले में लड़कियों की अश्लील तस्वीरें खींचकर उन्हें ब्लैकमेल किया गया था। पुलिस के अनुसार इन तस्वीरों को सार्वजनिक करने की धमकी देकर 100 से अधिक लड़कियों के साथ दुष्कर्म किया गया। मामले में अजमेर के एक मशहूर निजी स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों को फार्म हाउस में बुलाया जाता था, जहां उनके साथ दुष्कर्म किया जाता।

## बच्चियों का यौन शोषण, स्कूल में तोड़फोड़

मुंबई, एजेंसी

- महाराष्ट्र के ठाणे जिले की घटना गुस्साई भीड़ रेलवे ट्रैक पर उतरी



महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में नर्सरी की तीन और चार साल की दो बच्चियों से एक निजी स्कूल में यौन शोषण की घटना सामने आने के बाद हजारों की भीड़ यहां के लोकल ट्रेन के रेलवे ट्रैक पर उतर आई। भीड़ ने मंगलवार को पहले स्कूल में तोड़फोड़ की। फिर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बदलापुर स्टेशन पर प्रदर्शन किया। 10 घंटे से ज्यादा लोकल ट्रेनों की आवाजाही रुकी रही। शाम को पुलिस ने लाठीचार्ज कर रेलवे ट्रैक खाली कराया।

कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने के लिए बदलापुर स्टेशन पहुंचे, परंतु उन्हें लौटना पड़ा। इसके बाद उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एसआईटी गठित करने का ऐलान किया। इसके अलावा सरकार ने मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की बात कही। इस बीच, राज्य सरकार ने यौन शोषण का केस दर्ज करने से 12 घंटे तक टालते रहे बदलापुर थाने के महिला पुलिस निरीक्षक समेत 3 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। 17 अगस्त को आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### स्कूल के सफाईकर्मी ने किया यौन शोषण

घटना 12-13 अगस्त की है। आदर्श स्कूल में सफाईकर्मी अक्षय शिंदे ने दोनों बच्चियों का यौन शोषण किया। इसके बाद दोनों लड़कियां स्कूल जाने से डर रही थीं। माता-पिता को संदेह हुआ। उन्होंने लड़की को भरोसे में लेकर पूछताछ की तो बात सामने आई। एक पैरेंट्स ने उसी कक्षा की दूसरी लड़की के माता-पिता से संपर्क किया। जब डॉक्टर ने जांच की तो असल घटना सामने आई। अभिभावकों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से बदलापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**भविष्य की दुनिया** वैज्ञानिकों ने जेजेरो क्रेटर की प्राचीन चट्टानों में पानी की मौजूदगी की पुष्टि की, कहा- इंसानों के रहने योग्य

## मंगल की धरती पर मिल गया इंसान का बसेरा

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचारः** लंबी जद्दोजहद के बाद लाल ग्रह मंगल की धरती पर इंसान के रहने योग्य बसेरा मिल गया है। इस जगह का वातावरण इंसान के जीवन के लिए अनुकूल है। मंगल के जेजेरो क्रेटर की प्राचीन चट्टानों में जीवन की संभावना की पुष्टि वैज्ञानिकों ने कर दी है।

वैज्ञानिक दशकों पहले मंगल को मानव के रहने योग्य जगह बता चुके थे। तभी से इस ग्रह पर प्रत्येक बिंदु के आधार पर अध्ययन शुरू हो चुके थे। मंगल के नभ व थल की प्रत्येक जानकारी जुटाने के प्रयास किए गए। इसकी भीतरी संरचना को लेकर लाखों किमी दूर खुदाई कार्य भी रोबर द्वारा करवाया गया। तब जाकर पहली बार मंगल के एक स्थान पर पुष्टि हुई, जहां इंसान अपना बसेरा बना सकता है। नासा के पर्सीवरेंस रोवर को यह सफलता मिली है। जेजेरो एक प्राचीन क्रेटर की चट्टानें हैं, जिसमें पानी की मौजूदगी बनी हुई हैं। यह क्षेत्र चट्टान का तलछट है। चट्टानें 3.5 अरब वर्ष से अधिक पुरानी हैं, जो पृथ्वी पर जीवन बसने से पहले की हो सकती हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, 2022 में पर्सिवेरेंस रोवर ने जेजेरो क्रेटर के पश्चिमी ढलान में मौजूद चट्टानों का नमूना लिया और अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि इस क्षेत्र की कुछ चट्टानें प्राचीन झील के तल में बनी थीं। नमूनों का रसायन विज्ञान से विश्लेषण किया गया, जिससे पुष्टि हो सकी कि यह स्थान इंसान के रहने योग्य संभव है। पर्सिवरेंस साइंस टीम के सदस्यों ने अपने परिणाम प्रकाशित किए हैं, जिसमें खुलासा किया कि मंगल की ये चट्टानें कम से कम अस्थायी रूप से मंगल ग्रह पर रहने योग्य वातावरण की उपस्थिति की पुष्टि करती हैं।




### उम्मीद को पंख लगाने वाली है यह खोज

**नैनीताल।** खगोलविदों के लिए यह खबर उम्मीदों को पंख लगाने वाली है। वर्तमान में सैकड़ों खगोल वैज्ञानिक व इंजीनियर मंगल पर जीवन बसाने को लेकर जुटे हुए हैं। दुनिया की सभी बड़ी स्पेस एजेंसियां इस कार्य में सहयोग कर रही हैं। नासा 2028 में इंसानों की पहली टीम मंगल पर भेजने की तैयारी में है। निजी कंपनी स्पेस एक्स भी इस अभियान में पीछे नहीं है। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो मंगल ऑर्बिटर मिशन के जरिये अपने मंसूबे जता चुका है। बहरहाल, एजीयू एडवांसेज पत्रिका में यह खोज प्रकाशित हुई है।

# जुलूस मार्गों के सीसीटीवी क्रियाशील रखने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चेहल्लुम व जन्माष्टमी त्योहारों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में चेहल्लुम व जन्माष्टमी त्योहारों को देखते हुए कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मंगलवार को कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक हुई। जुलूस मार्गों के सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहने समेत कई निर्देश दिए।

एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय ने बताया कि 25 को चेहल्लुम व 26 अगस्त को जन्माष्टमी मनाई जाएगी। कहा कि आयोजक सभी आयोजन अनुमति लेकर ही कराएं। नगर निगम, विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चेहल्लुम व जन्माष्टमी के जुलूस मार्गों का भ्रमण कर सड़कों में गड्ढे, ढीले विद्युत तार व साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं।

मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एसडीएम, सीओ को निर्देश दिए कि सभी आयोजनों से पहले अराजक तत्वों व खुराफातियों को चिन्हित कर उन पर निरोधात्मक कार्रवाई अवश्य करा लें। एसपी अशोक कुमार मीणा ने जुलूस आयोजकों से कहा कि जुलूस परंपरागत तरीके से निकालें। नई परंपरा न डालें और अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन भी न करें। जुलूस में अराजक तत्वों को शामिल न करें और डीजे वॉल्यूम को सीमित ध्वनि में रखें।

## अनुसूचित वर्ग में उपवर्गीकरण को संगठनों ने बताया असंवैधानिक

# आरक्षण मुद्दा: आज होगा भारत बंद, एकजुट हुए संगठन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- विरोध में होने वाले भारत बंद को लेकर प्रशासन सतर्क
- संगठनों के प्रतिनिधियों संग वार्ता कर मांगा शांतिपूर्ण बंदी का समर्थन



विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करते डीएम उमेश प्रताप सिंह और एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अनुसूचित वर्ग में उपवर्गीकरण का विरोध करते हुए आज होने वाले राष्ट्रव्यापी भारत बंद को सफल बनाने के लिए आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 15 संगठन एकजुट हो गए हैं। समिति के महामंत्री राम सिंह ने बताया कि समर्थन देने वाले सभी संगठन सुबह 10 बजे खिरनीबाग स्थित जीआईसी मैदान में एकत्र होंगे और जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

महामंत्री राम सिंह ने बताया कि भारत बंद को एससी एसटी बेसिक शिक्षक संघ, एससी एसटी बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, बामसेफ, डॉ. आंबेडकर अधिवक्ता संघ, भारतीय बौद्ध महासभा, दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, एससी एसटी माध्यमिक शिक्षक महासभा, अखिल भारतीय कर्मचारी कल्याण एसोशिएशन, एससी एसटी छात्र संघ, संत रविदास सभा, डॉ. आंबेडकर मेमोरियल संस्थान एवं अखिल भारतीय अंबेडकर महासभा आदि संगठनों ने समर्थन दिया है। मुख्य संयोजक सियाराम दिनकर ने बताया कि सभी संगठनों के कार्यकर्ता बुधवार को सुबह 10 बजे खिरनी बाग में एकत्र होंगे, वहां से 10.30 बजे जुलूस के रूप में जेल रोड, अंटा चौराहा, अंजान चौकी, घंटाघर होते हुए डॉ. अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र डीएम को सौंपेंगे।

## डीएम ने की कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** 21 अगस्त को होने वाले भारत बंद को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। डीएम ने आंदोलन में शामिल होने वाले विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से तैयारी के संबंध में जानकारी ली। प्रतिनिधियों ने डीएम को आंदोलन और जुलूस निकालने संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर डीएम ने सभी से भारत बंद का आह्वान सावधानी पूर्वक एवं अनुशासित ढंग से किए जाने की अपील की। कहा कि सभी लोग कानून एवं शांति व्यवस्था का ध्यान रखें और अनुशासित होकर अपना विरोध जताएं। उनकी बात ऊपर तक पहुंचाई जाएगी। बैठक में एसपी अशोक कुमार मीणा, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी सिटी संजय कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि राम सिंह, सियाराम दिनकर, अजय वर्मा, महेंद्र सिंह दिनकर, अमर सिंह, बृजेश कुमार वर्मा, सुरेश पाल सिंह, बलवीर सिंह, तोताराम, अमर सिंह, हरि शंकर, मंगरे लाल, रवि वर्मा, बसपा अध्यक्ष राधेश्याम भारती, अनिल कुमार, महेश सागर, दिनेश कुमार, राम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## नागेश को मिलेगा राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मान



डॉ. नागेश पांडेय संजय।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बाल वाटिका भीलवाड़ा के तत्वावधान में पांच अक्टूबर को होने वाली 25वीं राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में बाल साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय संजय को सम्मानित किया जाएगा। पांडेय ने बताया कि संगोष्ठी में 21वीं सदी का हिंदी बाल साहित्य विषय पर उनका व्याख्यान भी होगा। पिछले लगभग 38 वर्षों से बाल साहित्य से पहचान बनाने वाले डॉ. नागेश की करीब 50 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। बताया: उन्हें अब तक उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ, दिल्ली से बाल साहित्य पुरस्कार के अतिरिक्त मंगलौर, कर्नाटक, भुवनेश्वर, कोलकाता, इंदौर आदि में प्रमुख सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

# सरप्लस 174 शिक्षकों का होगा समायोजन

## कल तक मांगी गईं आपत्तियां, जिला समिति पर निस्तारण का जिम्मा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर





- सूची में 79 हेड मास्टर और 95 सहायक अध्यापक शामिल
- बीएसए कार्यालय समेत बीआरसी पर लगाई गई सूची



"शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक स्कूलों के सरप्लस शिक्षकों का समायोजन किया जाना है। शासन के जो निर्देश हैं, उनका पालन किया जाएगा। संबंधित शिक्षकों के अभिलेखों की जांच और आपत्तियों को संग्रहित करने के लिए दो-दो सदस्यों की कुल तीन समितियां बना दी गई हैं। इसके बाद जिला समिति के समक्ष रिपोर्ट रखकर समायोजन किया जाएगा। – दिव्या गुप्ता, बीएसए

### डीएम की अध्यक्षता में बनी समिति

अंत :जनपदीय स्थानांतरण/समायोजन समिति डीएम की अध्यक्षता में बनाई गई है। शासन के निर्देशानुसार डीएम के अतिरिक्त सीडीओ उपाध्यक्ष, डायट प्राचार्य, लेखाधिकारी सदस्य और बीएसए को सदस्य सचिव नामित किया गया है। कुल पांच सदस्यीय समिति आपत्तियों का निस्तारण कर शिक्षकों का समायोजन करेगी।

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में आवश्यकता से अधिक (सरप्लस) शिक्षकों का समायोजन जरूरत वाले स्कूलों में करने के लिए मंगलवार को सूची जारी कर दी गई। स्कूलों में सरप्लस 174 शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची मुख्यालय स्थित बीएसए कार्यालय समेत सभी ब्लॉक स्तर पर संचाालित कार्यालयों में चस्पा कर आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्तियों के बाद जिला स्तरीय समिति शिक्षकों का समायोजन करेगी। सूची में 79 हेड मास्टर और 95 सहायक अध्यापक शामिल हैं।

शासन के निर्देश पर अंतःजनपदीय स्थानांतरण/समायोजन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले चरण में प्राथमिक स्कूलों में सरप्लस शिक्षक-शिक्षिकाओं को दूसरे शिक्षकों के जरूरत वाले स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में प्रधान अध्यापक भी शामिल हैं। यह वह प्रधान अध्यापक हैं, जिन स्कूलों में छात्र नामांकन के अनुरूप पद ही सृजित नहीं हैं, फिर भी उनकी तैनाती प्रधान अध्यापक पद पर चल रही है।

सरप्लस वाली सूची में 79 प्रधान अध्यापक और 95 सहायक अध्यापक शामिल हैं, जिन्हें उन स्कूलों से हटाकर अधिक आवश्यकता वाले स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। कुल 174 शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची फिलहाल जारी कर बीएसए कार्यालय और बीआरसी में चस्पा कर दी गई है।

बीएसए कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 150 छात्र नामांकन तक के स्कूलों में प्रधान अध्यापक के पद नहीं होते हैं, 151 छात्र संख्या पर प्रधान अध्यापक की नियुक्ति की जाती है। जो सूची जारी की गई है, उसमें सर्वाधिक 15 स्कूल विकास खंड भावलखेड़ा में और एक स्कूल नगर का शामिल है। संबंधित समायोजन सूची के सापेक्ष 22 अगस्त तक आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्तियों के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। इसके बाद 23 और 24 अगस्त को जिला समिति आपत्तियों पर विचार कर अग्रिम कार्रवाई करेगी।

## सीमा मुखर्जी अध्यक्ष देवालय बने प्रबंधक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** खिरनीबाग के कालीबाड़ी मंदिर में कालीबाड़ी मां दुर्गा फाउंडेशन समिति का गठन किया गया है। सीमा मुखर्जी को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

अध्यक्ष के अलावा आरएन सरकार को उपाध्यक्ष, सुनील कुमार देवनाथ सचिव, देवालय डे प्रबंधक, डॉ. उत्तम रॉय मनोज संयुक्त सचिव, सुनील दत्ता कोषाध्यक्ष और संजय मुखर्जी को सलाहकार की जिम्मेदारी मिली है। नवनियुक्त अध्यक्ष सीमा मुखर्जी ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के विकास को बढ़ावा देना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबों के उत्थान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए हर वर्ग को साथ लेकर चलना आवश्यक है। संस्था समाज के हर क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगी। इस समिति की स्थापना से क्षेत्र के लोगों में एक नई उमीद जगी है और भकिय में इससे बेहतर बाकी आशा की है।



सीमा मुखर्जी।

# अब्दुल हमीद स्मृति सम्मान से नवाजे गए महबूब इदरीसी



महबूब हुसैन इदरीसी को सम्मानित करते अंजुम इदरीसिया के वरिष्ठ पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अंजुम इदरीसिया ने उनकी सेवाओं के लिए किया सम्मानित

**अमृत विचार :** सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया के जिलाध्यक्ष महबूब हुसैन इदरीसी को उनकी सेवाओं के लिए अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद स्मृति सम्मान से नवाजा गया।

महबूब हुसैन इदरीसी पिछले लगभग 30 साल से सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया से जुड़े रहे हैं और वर्तमान में वह संस्था के जिला अध्यक्ष भी हैं। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्रदेश महामंत्री मो. अतीक इदरीसी ने कहा कि महबूब इदरीसी का नाम समाजसेवा के क्षेत्र में जाना-पहचाना है। उन्हें सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते देखा जा सकता है। राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर अहमद मुबीन ने उनकी सामाजिक सेवाओं को देखते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रदेश कोषाध्यक्ष हाजी हफीजुद्दीन इदरीसी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद मो. नकी, ताहिर हुसैन, हाजी जलालुद्दीन, सलीमुद्दीन इदरीसी, जहीर इदरीसी, शमीम अहमद, मो. असगर यासिर, ताहिर हुसैन, शरीफ अहमद, नौशाद हुसैन, मो. शकील आदि मौजूद रहे।

# आईकेएमजी ने दिव्यांग बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर





दिव्यांग बच्चों को राखी बांधती आईकेएमजी की सदस्य।

- प्रधानाचार्य की देखरेख में बच्चों के साथ कई गेम खेले

**अमृत विचार:** सामाजिक संगठन अंतर्राष्ट्रीय खत्री महासभा ग्रुप (आईकेएमजी) ने मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक रक्षाबंधन पर्व मनाया। महिला सदस्यों ने सेठ कालीचरण रोड चौक स्थित नन्हें फरिश्ते स्कूल में दिव्यांग बच्चों को मंगल तिलक लगाकर उनके राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उपहार भेंट किए।

अध्यक्ष रजनी सेठ के नेतृत्व में सदस्यों ने चलने-फिरने, देखने, बोलने और समझने में असमर्थ दिव्यांग बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां बांटी। स्कूल की प्रधानाचार्य शांति की देखरेख में बच्चों के साथ गई गेम भी खेले। प्रधानाचार्य बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। बच्चों को उपहार स्वरूप खानपान के आइटम भेंट किए गए। साथ ही खेलने के लिए लूडो, पजल, ब्लॉक तथा डबल बेड साइज की मैट और एक्सरसाइज के लिए एक बड़ी जिम बॉल भेंट की गई। संस्था की उपाध्यक्ष पूनम टंडन ने प्रधानाचार्य शांति को भविष्य में भी मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर बीना मल्होत्रा, रोली टंडन, कोमल खन्ना, नीरू कपूर, डिंपल टंडन, तन्वी खन्ना, रिद्धि बहल आदि सदस्य मौजूद रहे।

## रक्षा बंधन: साढ़े 16 हजार बहनों ने किया निःशुल्क सफर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने रक्षा बंधन वाले दिन सोमवार को बहनों के निःशुल्क यात्रा की घोषणा की थी। सोमवार की सुबह आठ बजे रोडवेज बस अड्डे पर भीड़ जमा हो गयी थी। बस खड़ी नहीं हो पाती थी कि महिलाएं बस में गेट से घुसने का प्रयास करती थी। कई सीट पाने के लिए खिड़की से अपना सामान सीट पर सामान रख देती थी। दोपहर एक बजे तक महिलाओं का जाने का सिलसिला जारी रहा। फर्रुखाबाद, बरेली, खीरी, पुवायां, गोला, बंडा, पलिया, खुटार जाने वाली बसों में अधिक भीड़ रही है। मुरादाबाद और लखनऊ की बसों में भी भीड़ रही है। रक्षा बंधन वाले दिन करीब साढ़े 16 हजार महिलाओं ने निःशुल्क सफर किया है। जिससे करीब 13 लाख 67 हजार 543 रुपये डिपो को आय प्राप्त नहीं हुई है। रक्षा बंधन वाले दिन 38 हजार 601 पुरुष यात्रियों ने सफर किया। जिससे डिपो को 32 लाख 28 हजार रुपये 987 रुपये आय प्राप्त हुई है। कार्यवाहक एआरएम शैलेंद्र कुमार ने बताया रक्षा बंधन वाले दिन करीब साढ़े 16 हजार महिलाओं ने बसों में निःशुल्क सफर किया था।

## 12 लोगों में निकला मोतियाबिंद किया जाएगा निःशुल्क ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां में निःशुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमे से 12 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनका ऑपरेशन रोहिलखंड अस्पताल में निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में सभी मरीजों को आई ड्रॉप व दवाइयां वितरित की गई। इस मौके पर चिकित्सकों की ओर से लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया गया व अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं जैसे काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि और फेको विधि द्वारा, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर द्वारा चश्मा के नंबर व प्रमाणीकरण व जांच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के चिकित्सक अक्षय अग्रवाल, नेत्र टेक्नीशियन शिवम शर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ सतीश चंद्र मौजूद रहे।



शिविर में महिला की आंख की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# जयंती पर याद किए गए राजीव गांधी



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

- कांग्रेसियों ने चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मंगलवार को हुई गोष्ठी में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी ने भारत में संचार क्रांति ला दी। 18 वर्ष की उम्र में ही युवाओं को वोट का अधिकार दिया, यदि आज वह जीवित होते तो भारत की तस्वीर ही अलग होती। महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि शाहजहांपुर से उनका विशेष लगाव था क्योंकि स्वर्गीय जितेंद्र प्रसाद बाबा साहब उनके सलाहकार थे। ओसवाल फैक्ट्री लगवाकर सैकड़ों परिवारों को उन्होंने नौकरियां दी। गोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरैशी ने किया। इस मौके पर पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, अनस इकबाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, रफी उल हसन, सईद अंसारी, जाने आलम, अब्दुल सत्तार लाले, अजय पाठक, फरमान खान, परवेज अहमद, सुशील शर्मा, सुधीर गुप्ता, साजिद खान, हरनाम कटियार, शाश्वत मिश्रा, राहिल अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता से लगेगी बीमारियों पर रोकथाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर





निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता। ● अमृत विचार

- जीएफ कॉलेज में विश्व मच्छर दिवस पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** जी एफ कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग की सालिम अली जूलोजिकल सोसाइटी के तत्वावधान में विश्व मच्छर दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां ने कहा की मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम ही सबसे बेहतर इलाज है, जिसके लिए आजकल बारिश के मौसम में हमें घर और कार्यालयों के आसपास जल भराव नहीं होने देना चाहिए।

मंगलवार को हुई प्रतियोगिता में हर्ष कुमार को प्रथम, खुशी गोयल को द्वितीय, इंशा नाज़ व दानिशा को तृतीय स्थान मिला। शजिया बानो और प्राची राजपूत को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। निर्णायक की भूमिका डॉ. कहकशा बेगम, डॉ. अरशद अली ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौम्या शर्मा और डॉ. शाहिस्ता खान ने किया। इस अवसर पर प्रो. मोहम्मद साजिद खां, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. इमरान खां आदि मौजूद रहे।

## बहू-बेटे ने मां-बेटी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सलनहा निवासी रामासरे की पत्नी गुड्डी देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 अगस्त को उनके पुत्र अरुण कुमार ने पुत्री लक्ष्मी से गाली गलौज की। विरोध करने पर अरुण कुमार ने उसे और उसकी पुत्री के साथ लात घूंसों, लाठी डंडों से पिटाई की। गर्दन दबाकर धमकी दी कि कही थाने में शिकायत की, तो जान से मार देंगे। पुत्र कई बार पिटाई कर चुका है। जिससे वह अपने पुत्र से काफी परेशान है। इसके अलावा उनकी बहू अनीता देवी ने भी पिटाई की और जान से मारने की धमकी भी दी है। गुड्डी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शिक्षकों को दी सारंगी, आनंदमय गणित के प्रयोग की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शिक्षकों को नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण देते एआरपी शैलेंद्र सिंह।

- बीआरसी निगोही में शुरू हुआ चार दिवसीय प्रशिक्षण
- एनसीईआरटी पुस्तकों के संबंध में दी गई जानकारी

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र निगोही में मंगलवार से नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी एआरपी शैलेंद्र सिंह कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद संचालित विद्यालयों में वर्तमान शैक्षिक सत्र से कक्षा एक और दो में हिंदी, गणित और अंग्रेजी की एनसीईआरटी की पुस्तकों से शिक्षण कार्य कराया जाएगा।

एआरपी ने बताया कि विकास क्षेत्र निगोही के प्राथमिक स्तर के सभी 429 शिक्षकों को चार चरणों में चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पश्चात सभी विद्यालयों का अक्टूबर, दिसंबर और फरवरी में डायट प्रशिक्षुओं द्वारा तीन चरणों में निपुण ऐप के माध्यम से आंकलन किया जाएगा। आंकलन में जिन विद्यालयों के 80 प्रतिशत बच्चे निपुण पाए जाएंगे, उन विद्यालयों को निपुण विद्यालय घोषित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर एआरपी वैभव मिश्रा ने नई शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2022 के आधार पर तैयार पुस्तिकाओं सारंगी, मृदंग, आनंदमय गणित के प्रभावी प्रयोग पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। सितंबर में होने वाली नैट-1 (एनएटी 1) परीक्षा से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में वैभव मिश्र, रामौतार, ओमप्रकाश वर्मा, राजेंद्र प्रसाद आदि संदर्भदाताओं समेत गिरजेश मिश्र, रेया सिंह, ऋतु, मीनाक्षी वर्मा, रमाकांत शर्मा, नूर सबा, भावना अग्रवाल, जाबिर खां, प्रिया दिवाकर, रोली चौहान, शबीना इस्लाम, विनीता भारती, प्रीतू सिंह, जयपाल आदि शिक्षक शामिल रहे।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# हाईवे पर बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

## पत्नी को लेने ससुराल जा रहा था लेखराज तो राखी बंधवाने के लिए निकला था राजवीर

संवाददाता, तिलहर

- बिरसिंहपुर के पास रटी मोड़ पर सोमवार रात हुआ हादसा



मृतक लेखराज।



मृतक राजवीर।

**अमृत विचार :** तिलहर-निगोही स्टेट हाईवे पर सोमवार रात बिरसिंहपुर के पास रटी मोड़ पर बाइकों की हुई आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं।

थाना मीरानपुर कटरा क्षेत्र के गांव जिगरीपुर निवासी लेखराज(35) सोमवार सुबह पत्नी बबली और बेटे नितिन (5) को बाइक से अपनी ससुराल हजरतपुर छोड़कर घर आ गया था। यहां बहन वंदना से राखी बंधवाने के बाद रात में वह फिर बाइक से पत्नी को लेने हजरतपुर स्थित ससुराल के लिए चल दिया। रात करीब 8:30 बजे बाइक तिलहर-निगोही स्टेट हाईवे पर गांव बिरसिंहपुर के पास रटी मोड़ पर पहुंची, तभी सामने निगोही की तरफ से थाना मदनापुर के गांव सिमरा खेड़ा निवासी राजवीर(32) पुत्र धर्मपाल बाइक से आ गया। जहां दोनों बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां लेखराज को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल राजवीर को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दोनों घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने लेखराज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेखराज रुद्रपुर में मजदूरी करता था।



तिलहर-निगोही हाईवे पर आमने-सामने भिड़ंत के बाद मौके पर क्षतिग्रस्त बाइकें।

वहीं मेडिकल कॉलेज में भर्ती राजवीर ने भी रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। राजवीर निगोही में जल निगम में काम करके जहानपुर गौटिया स्थित ससुराल में राखी देने गया था क्योंकि उसकी पत्नी अनुराधा गर्भवती होने के चलते मायके नहीं जा सकती थी। वह अकेले ही ससुराल राखी देने के बाद बहन देववती, रीना, कुसुम से राखी बंधवाने अपने घर लौट रहा था, क्योंकि तीनों बहनें अपनी ससुराल से भाई को राखी बांधने के लिए आई थी। इसी दौरान बिरसिंहपुर के पास रटी मोड़ पर हादसे का शिकार हो गया। राजवीर के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

> बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।
> – विशाल प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक

### जिसके लिए रखा दीर्घायु का उपवास...वह चला गया

राजवीर की मौत से उसकी बहनों देववती, रीना, कुसुम के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। भाई की मौत की खबर सुनकर वह बार-बार बेसुध हो रही थीं। बहनों ने रक्षाबंधन पर भाई के दीर्घायु की कामना के साथ उपवास रखा था। रात में भाई के हादसे में घायल होने की खबर सुनी तो वह आंखों में आंसू लिए भाई की सलामती की दुआ करती रही लेकिन देर रात उसे मौत की जानकारी मिली तो वह बेसुध हो गईं। उन्हें बमुश्किल लोगों ने संभाला। राजवीर से छोटे दो भाई किशन और अमित हैं, पिता की मृत्यु हो चुकी है। उस पर बूढ़ी मां और भाइयों व पत्नी बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी थी।

# रिश्तेदारी में गए युवक ने युवती से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन पर रिश्तेदारी में गए युवक ने युवती को घर में अकेला पाकर डरा- धमकाकर दुष्कर्म किया। शोर-शराबा सुनकर युवती के चचेरे भाई के आ जाने पर आरोपी ने उसको जमकर मारापीटा और जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

क्षेत्र के एक गांव के युवक ने पुलिस को बताया 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर वह पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गया था। उसकी 20 वर्षीया पुत्री बच्चों के साथ छत पर सो रही थी। रात के करीब 12 बजे जब उसकी पुत्री छत से उतरकर नीचे पानी लेने आई, इसी बीच गांव निवासी रिश्तेदार अमर सिंह घर में घुस आया और उसे डरा धमका कर दुष्कर्म किया। जब उसकी पुत्री ने शोर मचाया तो युवती का चचेरा भाई नीचे आ गया। इस पर आरोपी ने उसको भी जमकर मारा-पीटा और जान से मार देने की धमकी दी। मंगलवार सुबह जब युवती का पिता घर वापस आया तो उसकी पुत्री ने सारी बात बताई। युवती के पिता ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने युवती को मेडिकल के लिए भेजा है। वहीं पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### फेरी वाले ने महिला से की छेड़छाड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि रविवार की सुबह 11 बजे अपने घर पर अकेले थी। उसी समय फेरी लगाकर सूट बेचने वाला किसी बहाने से उसके घर में घुस आया। आरोप है कि आरोपी ने महिला को गलत नीयत से पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## एक नजर

### दरोगा से मारपीट के आरोपी का शांतिभंग में चालान

**बंडा, अमृत विचार :** पिकेट ड्यूटी करते समय शराबी युवक ने एक दरोगा सहित अन्य पुलिस कर्मियों के साथ बदसलूकी और मारपीट की थी। पुलिस ने युवक के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की है। रक्षाबंधन के दिन देर शाम पुलिस कस्बे के मुख्य चौराहे पर पिकेट ड्यूटी कर रही थी। तभी वहां एक युवक शराब के नशे में आया और बीच चौराहे पर साइकिल खड़ी करके पुलिस के साथ गाली गलौज करने लगा। पुलिस ने उसे वहां से हटाने का प्रयास किया, लेकिन युवक चौराहे से नहीं हटा तो पुलिस इधर-उधर व्यस्त हो गई। इसी दौरान शराबी युवक ने एक दरोगा के ऊपर हाथ चला दिया और मारपीट कर दी। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और मंगलवार सुबह उसका शांति भंग में चालान कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्या ने बताया कि युवक के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### फायरिंग मामले में दो लोग हिरासत में

**कलान, अमृत विचार :** 19 अगस्त रक्षाबंधन की रात अमरपाल यादव निवासी अजीत नगला अपने खेत पर था, जिसे खेत पर ही आरोपियों ने घेर लिया और दोनों तरफ से फायरिंग भी हुई। हालांकि किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस सूचना पाते ही गांव पहुंची और दो लोगों को पुलिस ने शक के आधार पर हिरासत में लिया।

# हादसे में महिला की मौत

संवाददाता, रौसर कोठी

**अमृत विचार :** सब्जी लेने गई महिला मोटरसाइकिल की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के रौसर कोठी लालबाग मजरा निवासी साजिदा(55) लालबाग सब्जी खरीदने गई थी। घर वापस आते समय हरदोई रोड पार करने के दौरान मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साजिदा गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। गंभीर घायल साजिदा को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिवार में पति उमेद अली, चार बेटे और तीन बेटियां हैं। साजिदा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### ई-रिक्शा पलटा, यात्री गिरकर घायल

**मकसूदापुर, अमृत विचार :** पुवायां थानाक्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी रामचंद्र ने बंडा पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि सोमवार को उसकी पत्नी लीलावती, पुत्र अनुज व पुत्री प्रांशी एक ई रिक्शा में बैठकर बिलसंडा से बंडा के लिए आ रहे थे। मकसूदापुर स्थित बजाज चीनी मिल के पास पीछे से तेज गति से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क किनारे पलट गया। गिरकर उसमे सवार अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि लीलावती और पुत्री प्रांशी के खरोंचे आई है।

# घर में घुसकर मारपीट मामले में चार पर रिपोर्ट

**पुवायां, अमृत विचार :** घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कुंवरपुर जप्ती गांव के अंचल की पत्नी सुमन ने गांव के ही मनोज पुत्र राजकुमार, प्रमोद पुत्र राजकुमार, अनुराग पुत्र मनोज, अभय पुत्र मनोज पर घर में घुस कर गाली गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया। सुमन ने बताया कि 15 अगस्त की शाम छह बजे सभी चारों आरोपी अवैध असलाह से लैस होकर घर में घुस आये और बेटे के बारे में पूछने लगे और गाली गलौज करते हुए कहा कि तेरे लड़के को जान से मार देंगे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए जिन्हें देखकर आरोपी भाग गए।

# हड़ताल खत्म: काम पर लौटे डॉक्टर, मरीजों को देखा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रत्येक वार्ड में तैनात होंगे एक-एक सुरक्षा गार्ड, दो कैमरे लगेंगे
- मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को बने 1616 पर्चे

**अमृत विचार :** कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के विरोध में मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की चल रही हड़ताल पांचवें दिन समाप्त हो गई। डॉक्टर ओपीडी में अपने काम पर वापस लौट आए और मरीजों को देखा। मंगलवार को पर्चा काउंटर पर 1616 पर्चे बने है। इधर कॉलेज के प्रत्येक वार्ड में दो-दो सीसीटीवी कैमरे और रात के समय एक गार्ड की ड्यूटी लगाई जाएगी।

कोलकाता कांड के विरोध में मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर चले गए थे। ओपीडी बंद कर दी गयी थी, सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू थी। डॉक्टर ओपीडी गेट पर बराबर धरना दे रहे थे। मांग थी कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और डॉक्टरों को सुरक्षा दी जाए। उधर, हड़ताल से मरीज काफी परेशान थे। वह रोजाना अस्पताल पहुंचते लेकिन इलाज न मिलने पर लौट रहे थे। जूनियर डॉक्टर राष्ट्रीय आह्वान पर हड़ताल पर थे। जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल पांचवें दिन मंगलवार को समाप्त हो गई। मंगलवार को पर्चा काउंटर पर 1616 पर्चे बने। डॉक्टर अपने कक्ष में सुबह नौ बजे से बैठ गए और मरीजों को देखा और दवा लिखी। जूनियर डॉक्टरों ने बताया कि राष्ट्रीय आह्वान पर उनकी हड़ताल समाप्त हो गई। इधर डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक वार्ड में एक-एक सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगाई जाएगी और दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएगे।



मंगलवार को ओपीडी में पहुंचे मरीज। ● अमृत विचार

> जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल समाप्त हो गई है। ओपीडी में डॉक्टरों ने मरीजों को देखा और दवा का वितरण किया गया। प्रत्येक वार्ड में एक-एक सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी और दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएगे।
> – डॉ. राजेश कुमार, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज

# कैहमारिया में कुत्तों का आतंक छह बकरियों को मार डाला

संवाददाता, खुटार

- सोमवार रात को घर में बंधी बकरियों पर कुत्तों ने किया हमला

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत कैहमारिया में सोमवार रात को एक दर्जन आवारा कुत्तों ने अलग-अलग घर में बंधी छह बकरियों पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया और उनके शव को नोंच-नोंच कर खा गए। अगले दिन सुबह दोनों परिवारों को घटना की जानकारी हो पाई। इसके बाद शवों को दफना दिया गया।

गांव कैहमारिया के रहने वाले यूनुस खां ने बताया कि गांव में आवारा कुत्तों का काफी आतंक है। इससे बकरियों के साथ ही लोगों पर हमला कर देते है। यहां एक दर्जन से अधिक कुत्तों का झुंड घूम रहा है और हमला कर देते है। जिससे लोगों में दहशत फैल गई है। उन्होंने बताया कि घर में चार बकरी पाल रखी है। सोमवार को घर के अंदर बकरियां बंधी हुई थी। रात किसी समय कुत्तों का झुंड घर में बंधी बकरियों की जगह पर पहुंच गया। जहां हमला कर चारो बकरी को मार डाला और उनका मांस खा लिया। मंगलवार सुबह उठे तो मामले का पता चल पाया। उधर, सोमवार रात को ही गांव के रहने वाले माना खां के घर में बंधी दो बकरियों पर कुत्तों ने हमला कर मार दिया। लोगों ने बताया कि कुत्तों का यह झुंड परेशान कर रहा है। सोमवार रात को दो घरों में दाखिल होकर छह बकरियों का निवाला बना लिया। इससे दोनों परिवारों को काफी नुकसान हुआ है। जबकि राह चलते लोगों पर हमला कर देते है। जिससे लोग परेशान है।

### यूकेलिप्टिस के 50 पेड़ उखाड़े, कार्रवाई की मांग

**खुदागंज, अमृत विचार :** कटरा क्षेत्र के गांव पोसिल निवासी रमेश पाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उन्होंने अपने खेत में यूकेलिप्टिस के 50 पेड़ लगाए थे। जिन्हें तीन लोगों ने उखाड़ दिया। जिससे उसको काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मानसिक मंदित किशोरी ने आग लगाकर दी जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा में मामा के घर आई एक किशोरी ने आग लगा ली। मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वह मानसिक मंदित थी। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव उदनापुर निवासी 16 वर्षीया लक्ष्मी पुत्री प्रभू दयाल के मामा सूरजपाल बंडा थाना क्षेत्र के गांव इंदलपुर में रहते है। वह नाग पंचमी को मामा के घर आई थी। तब से यहीं रह रही थी। सोमवार की शाम छह बजे उसके मामा व अन्य लोग कहीं गए हुए थे। वह घर में अकेले थी। उसने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। वह चिल्लाई तो पड़ोसी भागकर गए और शरीर में लगी आग को बुझाया। इधर उसके मामा भी पहुंच गया। झुलसी किशोरी को लेकर बंडा सीएचसी पर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान लक्ष्मी की मंगलवार को मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंडा थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतका मानसिक मंदित थी और परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

# ट्रेन में रेलवे विजिलेंस का छापा, दो टीटीई निलंबित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एक टीटीई पर अतिरिक्त कैश मिलने तो दूसरे पर ड्यूटी में लापरवाही करने का आरोप

**अमृत विचार:** रेलवे की विजिलेंस टीम ने मंगलवार को सत्याग्रह एक्सप्रेस में छापा मारा। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात एक टीटीई नदारद मिला और दूसरे टीटीई के पास अतिरिक्त कैश मिला। मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों ने दोनों टीटीई के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। इससे टीटीई में हड़कंप मच गया।

स्थानीय रेलवे स्टेशन के टिकट संग्रहक कार्यालय के टीटीई राजीव लोचन व अजीत कुमार की डाउन लाइन की सत्याग्रह एक्सप्रेस में दिल्ली से सीतापुर तक ड्यूटी थी। दोनों लोग दिल्ली से अपनी ट्रेन ड्यूटी में थे। रेलवे बड़ौदा हाउस नई दिल्ली की विजिलेंस टीम ने सीतापुर रेलवे स्टेशन पर सत्याग्रह एक्सप्रेस में छापा मारकर टीटीई राजीव लोचन को कैश चेक किया और कैश का मिलान कराया तो अतिरिक्त कैश निकला। उन्होंने दूसरे टीटीई अजीत कुमार के बारे में जानकारी की तो पता चला कि सीतापुर स्टेशन न जाकर बल्कि रोजा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर गए। उन्होंने अपनी ड्यूटी पूरी नहीं की।

विजिलेंस टीम ने अपनी रिपोर्ट बनाकर नई दिल्ली बड़ौदा हाउस को भेज दी। जब अन्य टीटीई को विजिलेंस के बारे में जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। रेलवे बड़ोदा हाउस नई दिल्ली ने अपनी रिपोर्ट बनाकर मुरादाबाद मंडल कार्यालय को भेज दी। मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों ने टीटीई अजीत कुमार को ड्यूटी में लापरवाही बरतने और टीटीई राजीव लोचन के पास अतिरिक्त कैश मिलने पर दोनों टीटीई को निलंबित कर दिया है।

> एक टीटीई पर अतिरिक्त कैश मिलने और दूसरे टीटीई द्वारा ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर दोनों को निलंबित कर दिया गया है।
> -आदित्य गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद

# युवक ने फेंका तेजाब, महिला झुलसी

संवाददाता, बंडा/शाहजहांपुर

- बाइक पर साथ में बैठी बेटी बाल-बाल बची, राहगीरों ने आरोपी को पकड़ा

**अमृत विचार :** एक युवक ने भाई को राखी बांधने जा रही एक महिला पर तेजाब फेंक दिया। जिससे उसके चेहरे का कुछ हिस्सा झुलस गया। गनीमत रही कि बाइक पर बैठे उसके पति, बेटी और 6 माह का बेटा बाल-बाल बच गए। राहगीरों की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। बाद में पुलिस की पूछताछ में आरोपी धोखे से तेजाब गिरने की बात कहने लगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिलसंडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला जाटव पुरा निवासी गुड्डू ने बंडा पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी लीलावती को बाइक से ससुराल घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई जा रहा था। बाइक पर उसकी 5 वर्षीया पुत्री आगे बैठी थी और पत्नी की गोद में 6 माह का बेटा था। शारदा नहर की पटरी पर गहलुईया पुल के पास एक युवक बोतल में तेजाब लेकर खड़ा था। बाइक पास पहुंचने पर उसने बोतल में भरा तेजाब लीलावती पर फेंक दिया। चेहरे पर तेजाब गिरने से पत्नी जलन से चीखने लगी। शोर मचाने पर राहगीरों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस बुलाकर उनके हवाले कर दिया।

> आरोपी को पकड़ लिया गया है। आरोपी ने मधुमक्खियों के छत्ते पर तेजाब फेंकने के दौरान हुए धोखे की बात कही है। मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
> – राकेश कुमार मौर्य, प्रभारी निरीक्षक

### झोपड़ी में लगी आग, बुजुर्ग झुलसा

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

- खखुड़ी गांव की घटना, परिजनों ने आग लगाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** सोमवार की रात खखुड़ी गांव में एक झोपड़ी में आग लग गई। जिसमें एक बुजुर्ग झुलस गया। झुलसे बुजुर्ग को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। परिजनों ने कुछ लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया है।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव खखुड़ी निवासी जुगेंद्र(70) के घर के बाहर एक झोपड़ी पड़ी है। सोमवार की रात वह और उसकी पत्नी गुड्डी देवी झोपड़ी के अंदर चारपाई पर सो रहे थे। झोपड़ी में घर के अंदर से बिजली का कनेक्शन है। रात 11 बजे अचानक झोपड़ी में आग लग गई। उसकी पत्नी ने देखा कि झोपड़ी में एक साइड से आग लगी है। उसने पति को जगाकर शोर मचा दिया। गुड्डी तो झोपड़ी से बाहर भाग आई लेकिन इस दौरान उसका पति जुगेंद्र आग से झुलस गया। परिवार और गांव वालों ने झोपड़ी में लगी आग को बुझाया। जुगेंद्र के परिजनों ने रंजिशन झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया है। गांव में उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि झोपड़ी में लगी आग में बुजुर्ग झुलस गया था। उन्होंने बताया कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लचर व्यवस्था — खेत में घुसे पशु भगाने के दौरान सांड़ के हमले में किसान की मौत का मामला

# किसानों में रोष, बोले– आज चरन तो कल किसी और की जाएगी जान

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी चरन सिंह(50) सोमवार की रात नौ बजे खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए गया था। इस दौरान खेत में घुसे पशुओं के झुंड को भगाने के दौरान सांड़ ने उसे पटककर मार डाला था।

ग्रामीणों ने बताया कि जानवरों के झुंड खेत में घुस जाते हैं और फसल को बर्बाद कर देते हैं। एसडीएम और तहसीलदार से कई बार आवारा पशुओं के बारे में शिकायत की, लेकिन अधिकारियों पर शिकायत का कोई असर नहीं पड़ा है। अगर समय रहते छुट्टा पशु पकड़ लिए गए होते तो आज चरन की जान नहीं जाती और उसके बच्चों के सिर से पिता का साया नहीं उठा होता। घटना को लेकर किसानों में रोष है। उन्होंने छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है। किसानों ने कहा कि अगर पशु नहीं पकड़े गए तो ऐसे ही किसानों की मौत होती रहेगी। आज चरन गया है कल को कोई और जान से हाथ धोएगा।

### इनकी भी जा चुकी है जान

- 16 जनवरी 2020 को इसी क्षेत्र के गांव फरीदापुर में चंद्रपाल(52) को खेत में फसल की रखवाली के दौरान हमलावर हुए सांड़ ने पटक-पटक कर मार दिया।
- 16 जून 2022 को फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे पर गांव खाई खेड़ा के चौराहे के पास 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को सांड़ ने हमलाकर मार डाला।
- 23 जनवरी 2023 को इसी क्षेत्र में ग्राम पंचायत कुंडरा के मजरा स्थित आलू के खेत में घुसे जानवरों को भगाने के दौरान शिवलाल की पत्नी रीना देवी की मौत हो गई थी।
- 12 फरवरी 2023 को इसी क्षेत्र के गांव हथिनापुर से रिश्तेदारी में शादी से लौट रहे बाइक सवार कांट क्षेत्र के गांव कुर्रिया निवासी योगेश की रास्ते में सांड़ से टकराने से मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे उनके साथी इसी गांव के जय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।
- 24 दिसंबर 2023 को ग्राम पंचायत कोला के मजरा रैपुरा निवासी साधुराम को खेत की रखवाली के दौरान छुट्टा पशुओं ने दौड़ा लिया। इस दौरान तालाब में गिरे साधुराम की डूबने से मौत हो गई।
- छह मार्च 2024 को खाई खेड़ा चौराहे के पास बाइक से जा रहे गांव चंदौरा बहादुरपुर निवासी सुमोध(27) की सांड़ से टकराकर मौत हो गई।

### सांड़ के हमले से किसान घायल, अस्पताल में भर्ती

**खुटार, अमृत विचार :** खेत में धान फसल की रखवाली कर रहे किसान को छुट्टा सांड़ ने हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। क्षेत्र के गांव रामपुर खुर्द निवासी किसान मंजीत सिंह मंगलवार सुबह खेत पर गए थे। जहां खेत में खड़ी धान की फसल को छुट्टा पशु चर रहे थे। वह उसे भगाने के लिए आगे बढ़े, तभी सांड़ ने हमला कर उन्हें जमीन पर पटक दिया, जिससे वह जख्मी हो गए। वहां मौजूद किसान भागकर पहुंचे और लाठी डंडों से सांड़ को भगाया। इससे मंजीत सिंह की जान बच गई। सूचना पर परिजन खेत पर पहुंचे और घायल मंजीत को निजी अस्पताल ले गए। जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) गुट के जिलाध्यक्ष तरविंदर सिंह मोमी ने कहा है कि शासन-प्रशासन की लापरवाही से छुट्टा पशुओं की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे किसान बेहद परेशान है। उन्होंने सरकार से इस ओर ध्यान देने की मांग की है। उन्होंने समस्या समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# घरेलू कलह में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**खुटार, अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते एक युवक ने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया।

क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक की सोमवार शाम अपने परिजनों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आस पड़ोस के लोगों ने विवाद को शांत करा दिया। इसके बाद परिजन अपने कामों में व्यस्त हो गए। इस बीच युवक ने कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के देखने के बाद कोहराम मच गया और उसे नीचे उतारा। जानकारी लगते ही तमाम लोग मौके पर पहुंच गए लेकिन किसी ने पुलिस को सूचना नहीं दी। इसके बाद मामले को परिजनों के बीच बैठाकर सुलझा दिया गया। मंगलवार सुबह परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस ने जानकारी से इंकार किया है।

# मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

- खुटार के एक अस्पताल में भर्ती बेटी को खाना देने जा रहा था पुवायां का जसविंदर

**अमृत विचार:** पुवायां-खुटार रोड पर भुटिया गांव के सामने मवेशी से बाइक टकरा गई। बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव दियूरिया निवासी जसविंदर(47) की बेटी खुटार में एक निजी अस्पताल में भर्ती है। रविवार की शाम साढ़े सात बजे जसविंदर बेटी के लिए खाना लेकर बाइक से खुटार अस्पताल जा रहा था। खुटार-पुवायां रोड पर भुटिया गांव के सामने सड़क पर अचानक मवेशियों का झुंड आ गया। उन्होंने मवेशियों को बचाने के चक्कर में बाइक धीरे की। बाइक अनियंत्रित होकर मवेशी से टकरा गई। इस दौरान बाइक सवार जसविंदर बाइक से नीचे गिर गया और कुछ दूर तक बाइक से घसीटते चले गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और परिवार वालों को सूचना दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

जहां इलाज के दौरान उसकी देर रात मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि बाइक मवेशी से टकरा गई थी। घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# रोडवेज बस स्टैंड पर जलभराव बना मुसीबत

## बस स्टैंड के अंदर घुसने से पहले गंदगी से गुजरते हैं यात्री, कपड़े हो जाते हैं गंदे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रोडवेज बस स्टैंड पर जलभराव यात्रियों के लिए बना मुसीबत बना हुआ है। बस स्टैंड के अंदर घुसने से पहले यात्रियों को इस गंदगी से गुजरना होता है। जिसमें अक्सर उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। वहीं रात में वाहनों के इंतजार में रुकने वाले यात्रियों को इस गंदगी की वजह से पूरी रात मच्छरों से परेशान होना पड़ता है।

शहर में रोडवेज बस स्टैंड दिल्ली-पलिया नेशनल हाईवे किनारे है। किसी भी जगह का मुख्य द्वार साफ-सुथरा होता है लेकिन

- सड़क किनारे नाली का निर्माण नहीं कराने से दिक्कत
- जरा सी बरसात में बिगड़ जाते है हालत, पनप रहे मच्छर

> बस स्टैंड पर अभी निर्माण कार्य चल रहा है, जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए जल निकासी की व्यवस्था जल्द कराई जाएगी, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।
> – **शैलेंद्र सक्सेना**, कार्यवाहक, एआरएम

बस स्टैंड के अंदर घुसने से पहले यात्रियों को गंदगी से गुजरना होता है। यह एक दिन की समस्या नहीं है। बल्कि वर्षों पुरानी है। जरा सी बरसात होने पर हालात और बिगड़ जाते है। जिसमें मच्छर पनप रहे हैं, इनसे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। वैसे तो नगर निगम के सफाई कर्मचारी गली-मोहल्लों में सुबह सफाई करते नजर आ जाएंगे लेकिन रोडवेज बस स्टैंड पर जमा इस गंदगी से यात्रियों को निजात दिलाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। इस गंदगी की वजह से रात में यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी होती है। रात में रोडवेज बस स्टैंड से हर रोज करीब 35 हजार यात्रियों का आना-जाना होता है लेकिन इन यात्रियों की सहूलियत के लिए जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

रात में वाहनों के इंतजार में रुकने वाले यात्रियों की पूरी रात गंदगी की दुर्गंध और इसमें पलने वाले मच्छरों से लड़ने में बीत जाती है। रक्षाबंधन त्योहार पर कई बहनों के इसी जलभराव से होकर निकलते समय कपड़े खराब हो गए। रात में सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी में जलभराव दिखाई नहीं देता है और अक्सर पैदल निकलने वाले व दोपहिया वाहन वाले लोग जलभराव वाले स्थान पर पहुंच जाते हैं, जिससे उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। दरअसल रोडवेज बस स्टैंड पर सड़क किनारे बरसाती पानी आदि निकालने के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया है, जिस कारण रोडवेज बस स्टैंड के अंदर जाने वाले रास्ते पर जलभराव बना रहता है, सबसे अधिक परेशानी बरसात के दिनों में झेलनी पड़ती है।


रोडवेज बस स्टैंड के पास जलभराव। ● अमृत विचार

## मूक बधिर बहू को मारपीट कर घर से निकला

**कलान, अमृत विचार:** थाना तिलहर के गांव वमनुआ निवासी रामलड़ैते ने तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी मूक बधिर पुत्री सती देवी की शादी कलान थाना क्षेत्र के गांव नौगवा मुबारिकपुर निवासी राजवीर के साथ की थी। उसने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन ससुराली आए दिन पुत्री को प्रताड़ित करते हैं। ससुरालियों ने रक्षाबंधन के दिन 19 अगस्त को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

# झमाझम बारिश, घरों में घुसा पानी

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** नगर पंचायत में मंगलवार को हुई झमाझम बारिश में थाना व ब्लॉक प्रमुख वाली गली समेत आधा दर्जन गलियों में जलभराव की समस्या हो गई। हाईवे पर बने नाले सफाई होने के बावजूद कई जगह से अभी भी बंद हैं।

बरसात का पानी निकलने के लिए एक नाला अपर्याप्त हैं, जिस कारण पानी निकालना मुश्किल हो रहा है। इसी वजह से नगर की कई गलियों में डेढ़ डेढ़ फिट से ज्यादा पानी भर गया। लोगों को गंदे पानी में निकलने को मजबूर होना पड़ा। यहां तक कि दो पहिया वाहन वाले बमुश्किल निकल पाए। कई जगह बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर बरसात का पानी भर गया। यहां स्टेट हाईवे कई जगह काफी नीचा है, जिस कारण बरसात के बाद जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। नगरवासियों ने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से जलभराव की समस्या को दूर किए जाने की मांग की है।


बरसात के दौरान गली में भरा पानी, बाइक से निकलता युवक। ● अमृत विचार

- नाले से पानी की निकासी न होने से जलभराव की समस्या

## पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला चमकीन गाड़ीपुरा निवासी शकीला बेगम ने बताया कि उसने अपनी बेटी फराह अल्वी की शादी पांच माह पूर्व मोहम्मद शान निवासी अख्तयार नगर थाना कांट के साथ की थी। दहेज से असंतुष्ट ससुराली कार की मांग कर रहे थे। बेटी के मना करने पर वह नाराज हो गए और प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 18 जून को ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति मोहम्मद शान समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


# रौसर कोठी में शराब पीने के बाद युवकों के दो गुटों में मारपीट

संवाददाता, रौसर कोठी

**अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के रौसर कोठी चौराहे पर सोमवार की शाम शराब पीने के बाद युवकों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की बात कह रही है।

थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के रौसर कोठी चौराहे के पास स्थित शराब की दुकानों के पास अराजक तत्वों का जमघट लगता है। लोग यहां खड़े होकर शराब पीते हैं, फिर उनमें आए दिन झगड़ा होता रहता है। सोमवार की शाम यहां दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इतने में एक युवक गांव रौसर कोठी निवासी युवक की बाइक जबरन लेकर चला गया। युवक की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। एसआई कैलाश चंद्र ने घेराबंदी कर आरोपी युवक को मय बाइक के पकड़ लिया और थाने ले आए। थाने में भी दोनों पक्षों के कई लोग एकत्रित हो गए और उनके बीच जमकर बहस होने लगी। पहले तो पुलिस पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही थी। बाद में उसे छोड़ दिया गया। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। इसी के चलते कार्रवाई नहीं की गई है।

# मांगों को लेकर कलान से मुख्यमंत्री कार्यालय तक पैदल तिरंगा यात्रा शुरू


जलालाबाद पहुंचने पर पैदल यात्रा का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** दस सूत्रीय मांगों को लेकर समाजसेवी विनोद गुप्ता के नेतृत्व में कलान के गांव कुंडरिया से लखनऊ पैदल तिरंगा यात्रा शुरू की गई है।

जलालाबाद में मंगलवार को लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। यह पैदल यात्रा 25 अगस्त को लखनऊ मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचेगी। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जाएगा। जिसमें कलान की ग्राम पंचायत परौर को ब्लॉक का दर्जा दिए जाने की मांग के साथ साथ ग्राम पंचायत खजुरी एवं परौर में प्रस्तावित विद्युत केंद्र को शीघ्र स्थापित कराने की मांग की जाएगी। इसी तरह कुंडरिया एवं खजूरी में नंदी शाला का निर्माण, कुंडरिया के मजरा बोझी एवं नौगामा और बम्हनी ब्रह्मनी चौकी के मजरा बमनी नगला में विद्युतीकरण का कार्य, परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह के पैतृक ग्राम खजुरी में उनके नाम से मिनी खेलकूद मैदान, कुंडरिया में चकबंदी, परौर में स्थापित स्वास्थ्य उपकेंद्र पर प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम की स्थाई रूप से नियुक्त किए जाने, हरनोखा में कई वर्षों से टूटी पड़ी नहर की पुलिया का निर्माण, बम्होरा से हरनौखा तक डामरीकरण, परौर से रठेली तक रोड का चौड़ीकरण कराकर डामरीकरण आदि मांगों को लेकर समाजसेवी विनोद गुप्ता राजा भैया सीएम को मांग पत्र सौंपेंगे।

- जलालाबाद पहुंचने पर यात्रियों का किया गया स्वागत

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# तिलहर नगर पालिका में बगावत...17 सभासदों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

## कहा- भ्रष्टाचार के खिलाफ कई बार आवाज उठाने पर भी नहीं की गई कार्रवाई

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर पालिका में भ्रष्टाचार व्याप्त होने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को 17 सभासदों ने बगावत कर दी। सभासदों ने कहा कि पालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ उन्होंने बार-बार आवाज उठाई। इसके बाद भी भ्रष्टाचार कम होने की जगह बढ़ गया। ऐसे में उनके पास इस्तीफे के सिवा कोई और रास्ता नहीं है। इससे ज्यादा वह भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं।

सभासदों ने नायब तहसीलदार को इस्तीफा सौंप दिया। इससे नगर पालिका प्रशासन और तहसील प्रशासन में हड़कंप की स्थिति है। हालांकि उनका इस्तीफा अभी मंजूर नहीं किया गया है। वहीं इस संबंध में एसडीएम ने बुधवार शाम को बैठक बुलाई है। जिसमें चेयरमैन, ईओ और इस्तीफा सौंपने वाले सभासद शामिल होंगे। एसडीएम ने बैठक में समाधान निकलने की उम्मीद जताई है। इस्तीफा सौंपने वाले सभासदों में शामिल अमित वर्मा उर्फ रॉकी, अभिषेक सिंह, अकरम पाला, आसिफ खान उर्फ छोटू, शानू हुसैन, राधा गुप्ता, सफिया, अजमा शाहीन, राखी गुप्ता, संदीप रस्तोगी, दिलीप कुमार सक्सेना, जावीदा, सायरा बी, रोशनवती, राजीव यादव, सतेंद्र सिंह, संगीता सिंह का आरोप है कि नगरपालिका में कराए जा रहे विकास कार्यों में भेदभाव किया जा रहा है। इसके अलावा भ्रष्टाचार के अन्य मामले हैं, जिनका खुलासा होना चाहिए और उनमें दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है।

सभासदों ने कहा कि इन्हीं सब मामलों को लेकर 14 से 18 जुलाई तक धरना प्रदर्शन किया गया था, तब चेयरमैन हाजरा बेगम और ईओ कल्पना शर्मा ने भ्रष्टाचार मामले की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया था लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई और भेदभाव पूर्ण कार्य किया जा रहा है। इसी से नाराज सभासद एसडीएम जीत सिंह राय को इस्तीफा देने पहुंचे लेकिन एसडीएम नहीं मिले, तब भी नाराज सभासदों ने एक-एक करके नायब तहसीलदार पूनम मधुकर को इस्तीफा सौंपा। एक साथ 17 सभासदों द्वारा इस्तीफा सौंपे जाने से तहसील प्रशासन सकते में है, वहीं चेयरमैन हाजरा बेगम ने इस मामले में चुप्पी साध ली है। ईओ कल्पना शर्मा का मोबाइल फोन भी रिसीव नहीं हो रहा है, जबकि सभासद भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग पर अड़े हुए हैं।



नायब तहसीलदार पूनम मधुकर को सामूहिक इस्तीफा सौंपते सभासद। ● अमृत विचार

> मैं मीटिंग में था। नायब तहसीलदार पूनम मधुकर के जरिये सभासदों द्वारा इस्तीफा दिए जाने की जानकारी मिली है। इस संबंध में बुधवार को शाम चार बजे बैठक बुलाई है। जिसमें नगर चेयरमैन हाजरा बेगम, ईओ कल्पना शर्मा व नाराज सभासदों को बुलाया गया है। वार्ता के बाद मामले का हल निकाला जाएगा।
>
> – **जीत सिंह राय**, एसडीएम

### सभासद लगा रहे ये आरोप

सार्वजनिक कार्यों के टेंडर में चहेते ठेकेदारों को काम देने के लिए मनमानी की जा रही है। वहीं बड़े पैमाने पर डीजल घोटाला किया गया है। नगर पालिका पर अतिरिक्त बोझ डालते हुए 84 संविदा कर्मचारी लगा दिए गए, इनमें से ज्यादातर का धरातल पर कुछ पता नहीं है और इनके नाम पर मानदेय निकाला गया है, जिसमें लाखों रुपये का घोटाला किया गया। तहसील रोड पर आवासीय कॉलोनी के पास कूड़ा घर बना दिया गया है, जिससे कॉलोनी के बाशिंदे दुर्गंध से परेशान हैं।

### पालिका कैबिनेट में हैं 25 सभासद

नगर पालिका में 25 वार्ड हैं, जिसमें चुने गए सभासदों में से 17 सभासद चेयरमैन हाजरा बेगम के विरोध में खड़े हुए हैं, जबकि आठ सभासद चेयरमैन के पक्ष में हैं। एक साथ 17 सभासदों द्वारा इस्तीफा दिए जाने से चेयरमैन की कुर्सी हिलने लगी है। यदि 17 सभासदों के इस्तीफे मंजूर कर लिए जाएंगे तो ऐसी स्थिति में दोबारा चुनाव कराने पड़ सकते हैं।

## एक नजर

### दुष्यंत शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट बीसलपुर बने

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रिक्त चल रहे न्यायिक मजिस्ट्रेट बीसलपुर के न्यायालय में जिला मुख्यालय से दुष्यंत शर्मा को न्यायिक मजिस्ट्रेट बीसलपुर के पद पर तैनात किया गया है। उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश जिला मुख्यालय पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा के कार्यालय में प्राप्त हो गया है। दुष्यंत शर्मा अब बीसलपुर में न्यायिक अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

### रंजिशन युवक को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव देवरनिया निवासी केशराम ने बताया कि आठ अगस्त की रात 11 बजे खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था। गांव का वीरेंद्र उसके खेत पर आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

# प्रार्थना पत्र देने कोतवाली आया फरियादी हुआ बेहोश

संवाददाता, पुवायां

- पुलिस ने सीएचसी में कराया भर्ती डॉक्टर ने हालत देख किया रेफर
- पत्नी को ससुराल लेने पहुंचे रामकरन को सालों ने पीट दिया था

**अमृत विचार :** कोतवाली में प्रार्थना पत्र देने आया एक फरियादी अचानक बेहोश हो गया। फरियादी के बेहोश होते ही कोतवाली में हड़कंप मच गया। कोतवाल के आदेश पर पुलिस ने बेहोश फरियादी को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

पुवायां कोतवाली में मंगलवार दोपहर दो बजे सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव बडावन निवासी रामकरन पुत्र सालिकराम ने बताया कि पुवायां थाना क्षेत्र के गांव अगोना में उसकी ससुराल है। रक्षाबंधन से पहले रामकरन ने अपनी पत्नी और बच्चों को मायके भेजा था। आज वह अपनी पत्नी की विदा करने पहुंचा तो उसके सालों ने उसे मारपीट कर भगा दिया। पीड़ित रामकरन पुवायां कोतवाली पहुंचा और तहरीर दी। इसी दौरान रामकरन अचानक बेहोश हो गया। फरियादी के अचानक बेहोश होने से पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मी रामकरण को पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखकर रामकरन को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# भाजपा में बगावत, पहले से घोषित प्रत्याशी के खिलाफ दो नामांकन

ब्लॉक प्रमुख उपचुनाव

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** पूरनपुर में ब्लाक प्रमुख पद के लिए होने वाले उपचुनाव में बगावत तेज है। भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ संगठन से जुड़े लोगों ने ही बगावत शुरु कर दी है। पार्टी से टिकट न मिलने से नाराज दो अन्य दावेदारों ने भी नामांकन पत्र जमा कर अपनी मंशा प्रकट कर दी है। इससे चुनाव त्रिकोणीय होने के आसार है। संगठन के कुछ नेता अब अन्य दोनों को मनाने में जुटे हुए हैं। भाजपा प्रत्याशी मानसी सिंह ने दल बल के साथ पहुंचकर नामांकन कराया।

पूरनपुर में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए 22 अगस्त को चुनाव होना है। भारतीय जनता पार्टी ने मानसी सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। हालांकि दोनों अन्य दावेदार मनप्रीत कौर और पल्लवी दीक्षित भी खुद को भाजपा की पक्की सच्ची सिपाही बता रहीं है। मंगलवार को पल्लवी और मनप्रीत कौर ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इससे दोनों प्रत्याशियों की भाजपा से बगावत की बात खुलकर सामने आ गई है। नामांकन के दौरान तीनों प्रत्याशियों ने दलबल के साथ ब्लॉक पहुंचकर नामांकन दाखिल कराया। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन से पहले भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी पीलीभीत मार्ग पर स्थित एक बैंकट हाल में मौजूद रहे। हालांकि नामांकन कराने के लिए प्रत्याशी के साथ कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। नामांकन के बाद से दोनों अन्य प्रत्याशियों को मनाने के लिए संगठन के लोग जुट गए हैं। नाम वापसी को लेकर भी कई तरह की चर्चाएं चल रहीं हैं। चर्चा है कि सत्ता पक्ष संगठन की साख को दांव पर लगा होना मानकर प्रत्याशी की जीत के लिए जी जान से जुटा है। नामांकन के बाद गन्ना एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार भी पूरनपुर ब्लाक पहुंचे। सियासी गलियारों में चर्चा है कि काफी मान मनौव्वल के बाद एक प्रत्याशी ने नामांकन वापस करने की हामी भी भरी दी है। दूसरे प्रत्याशी को संगठन के पदाधिकारी मनाने की कोशिश कर रहे हैं। उसके नामांकन वापस लेने पर निर्विरोध चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान पूरनपुर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला, कलीनगर एसडीएम आशुतोष गुप्ता के अलावा माधोटांडा, घुंघचाई, बीसलपुर, करैली, न्यूरिया और अमरिया सहित सभी थानों की फोर्स मौजूद रही।



समर्थकों के साथ जानकारी देतीं प्रत्याशी। ● अमृत विचार



ब्लॉक प्रमुख के उपचुनाव के लिए नामांकन कराने जाते प्रत्याशी। ● अमृत विचार

- बुधवार को नाम वापसी के बाद साफ होगी चुनाव की तस्वीर

# नशेड़ी ने फायरिंग की झूठी सूचना देकर पुलिस को छकाया

**तिलहर, अमृत विचार :** सोमवार रात लगभग 11 बजे एक युवक ने डायल 112 पर सूचना दी गई कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और जान से मारने की नीयत से फायर कर रहे हैं, जिसमें उसको गोली लग गई है। सूचना से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया।

आनन-फानन में दो गाड़ी 112 मौके पर पहुंची और युवक की तलाश में जुटी। सूचना पर कोतवाल विशाल प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ नेशनल हाईवे पर पहुंचे और युवक की खोज शुरू की। काफी देर के बाद भी सूचना देने वाले युवक के बारे में कोई पता नहीं लगा और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ था, तो कोतवाल ने उधर से गुजर रहे राहगीरों से फायरिंग के बारे में जानकारी की, तो उन्होंने पुलिस को फायर की आवाज सुनाई देने से मना कर दिया।

किसी भी राहगीर ने फायरिंग की पुष्टि नहीं की। बाद में कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने कॉल करने वाले युवक की लोकेशन निकलवाई, इसके बाद कोतवाली पुलिस वापस सरयू पुलिया के पास पहुंची तो रोड के किनारे एक युवक नशे में पड़ा दिखाई दिया, उससे पूछताछ की गई तो वह युवक फर्जी सूचना देने वाला निकला।

कोतवाली पुलिस उस नशेड़ी युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर थाने ले आई।

# छुट्टा पशुओं का आतंक बुजुर्ग की मौत, एक घायल

संवाददाता, घुघचिहाई



- रक्षाबंधन वाले दिन हुई दो घटनाएं, टहलने के लिए जा रहा था

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं के झुंड ने एक बार फिर राहगीरों पर हमला कर दिया। जिसमें एक बुजुर्ग समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया है।

मामला रक्षाबंधन वाले दिन सुबह का है। थाना क्षेत्र के ग्राम कबीरपुर कसगंजा निवासी कालीचरन पुत्र (60) घुरई लाल सोमवार सुबह नियमित दिनचर्या के अनुसार सुबह उठकर खेतों की तरफ टहलने जा रहे थे। जब वह घर से थोड़ी दूरी पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो छुट्टा पशुओं के एक झुंड ने हमला कर दिया। यह देख वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह पशुओं को भगाने के बाद उन्हें बचाया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना परिवार वालों को देने के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के कुछ देर बाद सोमवार को ही छुट्टा पशुओं ने दोबारा से हमला कर दिया। जिसमें गांव के ही राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। लगातार दो हमले के बाद भी छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए कोई रणनीति न बनाने पर ग्रामीणों में रोष है।

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में नौ लोग घायल

**पीलीभीत/बरखेड़ा, अमृत विचार :** पीलीभीत और बरखेड़ा में बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में नौ लोग घायल हुए हैं। एक हादसा अमरिया क्षेत्र में हुआ। करगैना पेट्रोल पंप के पास दो बाइकें आपस में टकरा गई। जिसमें एक बाइक पर सवार निवासी पूरनपुर क्षेत्र के पिंजरा बमनपुरी निवासी शंभू और उनकी पत्नी पुष्पा देवी घायल हो गई। वह अपने मायके मंगरी रोट से वापस आ रही थी। जबकि दूसरी बाइक पर अमरिया क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी देवेंद्र कुमार घायल हो गए। जो अपनी ससुराल ग्राम कुरैया नवदिया थाना गजरौला आ रहे थे। घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जहां इलाज जारी है। वहीं, बरखेड़ा में दो बाइकों की भिड़त में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव पिपरिया मंडन निवासी पूर्व प्रधान पति नोखेलाल ने बताया कि सोमवार दोपहर उसके बहनोई कोतवाली बीसलपुर के गांव भडरिया निवासी गुरु सहाय 35 वर्षीय अपने भाई बच्चू लाल के साथ बाइक से उनके घर से गांव अम खेड़ा जा रहे थे। तभी गांव पचपेड़ा पुखा पुलिया के पास दौलतपुर पट्टी की ओर से आ रही बाइक से टकरा गई। हादसे में उनके बहनोई गुरु सहाय, बच्चूलाल और दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार गांव पिपरिया मंडन निवासी अनुज, अजय, लोकेश, और मुकेश घायल हो गए।

## सार-संक्षेप

### वरुण अर्जुन के कैंप में निःशुल्क की गई ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से मंगलवार को कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर में लगने वाले मेले में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें ब्लड प्रेशर व शुगर की जांचे की गई। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। शिविर में लगभग 58 लोगों की ब्लड शुगर की जांच की गई। एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों के डिस्काउंट कूपन वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम के साथ मेडिकल व कॉलेज के पीआरओ मौजूद रहे। पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक भी किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी। यह कार्ड अस्पताल की ओर से 200 रुपये में बनाया जाता है और 1 वर्ष के लिए मान्य है। बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर एवं मुफ्त चिकित्सीय परामर्श की सुविधा है। हर प्रकार के ऑपरेशन, दवाइयां, आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा 24 घंटे सस्ती दरों पर उपलब्ध है। मेडिकल टीम के साथ पीआरओ मोहित थापा उपस्थित रहे।

### स्कूल से रुपये चोरी करने वाले को भेजा जेल

**पुवायां/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने स्कूल में हुई चोरी का पर्दाफाश करके एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोर के कब्जे से नगदी बरामद की है। पुवायां थाना के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि पुवायां थाना के गांव नहिलोरा बुजुर्ग निवासी विजय वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह कृष्णा एकेडमी का प्रबंधक है। चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर तिजोरी में रखे 16 हजार 400 रुपये चोरी कर लिए थे। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस चोरों की सुरागरसी में लगी हुई थी। पुलिस ने मंगलवार की सुबह बंडा रोड पर चोर को पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर दीपूराज निवासी मुड़िया कुर्मियात थाना पुवायां है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की 1420 रुपये बरामद किए है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि 20 दिन पूर्व स्कूल का ताला तोड़कर रुपये चोरी किए थे। कुछ रुपये खर्च कर दिए है। पुलिस अभियुक्त का चालान कर दिया।

### घर में घुसकर 80 हजार रुपये और जेवर चोरी

**कलान, अमृत विचार :** गांव पटना देवकली निवासी रमेश ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह खेत पर था। रक्षाबंधन की रात 19 अगस्त को गांव के ही दो चोर घर में घुस आए और बक्से में से सोने का हार, झाले व 80 हजार रुपये की नगदी चुरा ली। घर में ही एक चोर को आहट की चलते पुत्र समोद ने दबोच लिया, जबकि उसका एक साथी भाग गया। इसके बाद भी चोरों ने धमकी दी है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पिता को देखने आए पुत्र को पीटा

**जलालाबाद, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव खखुड़ी निवासी विशाल ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि वह दिल्ली में काम करता है। 19 अगस्त की रात में उसके मकान के बाहर पड़ी झोपड़ी में रंजिशन आग लगा दी थी। उसके पिता जुगेंद्र आग से झुलस गए। वह दिल्ली से बाइक से अपने गांव आया। रास्ते में किरतापुर गांव के सामने सुबह आठ बजे तीन लोगों ने उसे घेर लिया और पीटकर घायल कर दिया। उसका आरोप है कि बाइक छीनने ली। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला मौजमपुर निवासी अनूप कुमार ने बताया कि सोमवार की रात आठ बजे मौजमपुर से बरेली मोड़ आ रहा था। कांट थाना क्षेत्र के गांव लाड़पुर निवासी देव वर्मा व धर्मपाल ने बरेली मोड़ के पास उसे रोक लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अनूप को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी देव वर्मा व धर्मपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मांगों को लेकर ईदगाह समिति ने सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** ईदगाह प्रबंध समिति ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंप कर बताया कि मंगलवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने एक बैठक शहर इमाम हुज़ूर अहमद मंज़री की कयादत में की। बैठक में मुसलमानों ने पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में बार-बार अभद्र टिप्पणी किए जाने व दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई न होने पर रोष जताया। कहा गया कि मुसलमान मुल्क में अपनी धार्मिक आज़ादी को खोता जा रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि नासिक के रहने वाले रामगिरी ने हुज़ूर मोहम्मद साहब की शान में अभद्र भाषा का प्रयोग किया जिसे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं कर सकते। ज्ञापन में कहा गया है कि अभी कुछ दिन पहले नमाज़ को लेकर कानून बनाया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर नमाज न अदा की जाए, उसका मुसलमानो ने अक्षरशः पालन किया जबकि इसके बावजूद कांवड़ यात्रा में देखा गया कि एक रोड बंद करके कांवड़ यात्राएं निकाली गई। लाउडस्पीकर पर अज़ान की आवाज़ भी कम कर दी गई जबकि कांवड़ यात्रा में डीजे की आवाज़ से ज़मीन भी थर्राने लगती है। समिति ने पैगंबर के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई किए जाने समेत तमाम मांगें की। इस दौरान ईदगाह कमेटी के सदर राहत अली खां, जामा मस्जिद शाहजहांपुर के आफाक अली खां, मलक अब्दुल कादिर खां, सैय्यद कासिम रज़ा, हाफ़िज़ अनीस अत्तारी, हाफ़िज़ खालिद रज़ा, हुज़ूर अहमद मंज़री आदि रहे।

### नवोदय में प्रवेश को पैन कार्ड जरूरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए छात्र-छात्राओं के पास परमानेंट एजुकेशन नंबर (पैन) होना जरूरी है, जो उस विद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी अध्ध्यनरत हैं। विद्यालय की वेबसाइट पर 16 सितंबर तक प्रवेश को आवेदन किया जा सकता हैं। प्रवेश के लिए परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी, इसके माध्यम से चयन होगा। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश के लिए जरूरी दस्तावेज होना जरूरी है। इसमें आधार कार्ड, पात्रता प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, स्थानांतरण, ग्रामीण कोटा, विकलांगता प्रमाणपत्र (विकलांग होने पर) व पैन शामिल है।

### हत्या करने की नीयत से की जा रही रेकी, दी तहरीर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना के मोहल्ला अलीजई निवासी कमल सिंह ने बताया कि वह रविवार की रात 11 बजे कचहरी रोड एक होटल पर खाना खा रहा था। इसी बीच साइड की टेबल पर बैठा एक युवक उसका मोबाइल से फोटो खींच रहा था। उन्होंने सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक को फोन पर सूचना दी। थाने से दो सिपाही होटल पर आए। उन्होंने सिपाहियों को इशारा करके युवक के बारे में बताया। सिपाहियों ने युवक का फोन लेकर देखा तो कमल सिंह का फोटो मिला। उसका फोटो किसी दूसरे नंबर पर व्हाट्सएप भेजा गया था। उसे आशंका है कि उसकी हत्या किए जाने के उद्देश्य से रेकी की जा रही है। उन्होंने बताया कि टॉपटेन अपराधी की खबरें छापी थी, तब से बराबर धमकी मिल रही है। साथ ही एक पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार के खिलाफ भी गुणवत्ता को लेकर खबर छापी थी। उसका आरोप है कि उसकी हत्या कराना चाहते है और जान माल का खतरा बना हुआ है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


VAMCRH SHAHJAHANPUR

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर के

चर्म रोग विभाग में विदेशी व अत्याधुनिक मशीनों द्वारा निम्नलिखित रोगों के इलाज की सुविधा



अनचाहे बालों को हटाना
दाग, धब्बे, मुहाँसे के निशान, चोट के निशान हटाना
त्वचा का कायाकल्प
सफेद धब्बे का इलाज
मस्सों को हटाना, तिल को हटाना
गंजेपन व बालों के झड़ने का इलाज
कील, मुहासे का इलाज
जन्मजात निशान हटाना व अन्य सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा

अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें :- मो. 7521001988, 7521001989



AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE



KCMT GROUP OF INSTITUTIONS
KCMT CAMPUS 2
AT PREM PRAKASH GUPTA INSTITUTE OF ENGINEERING
COURSES AFFILIATED TO AKTU, PCI & BTE | APPROVED BY AICTE
अपना उज्जवल भविष्य बनाएं हमारे साथ
JOIN
B.Tech (ME & CS | (College Code : 653 & Lateral Entry in B.Tech)
POLYTECHNIC (CIVIL & ME)
D. PHARMA (College Code : 2554 & D.Jeecup Enternce Mandatory)
B.Ed
Call on : 8081332211
ADMISSION OPEN 2024-2025
LOWEST FEES STRUCTURE



Campus - Address - 16th km. Faridpur Road, Bareilly

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


डायल 112 पर तैनाती सिपाही राशि को सोमवार रात मिली थी झगड़े की सूचना

# भाइयों का झगड़ा सुलझाने गए सिपाही के पेट में युवक ने घोंपा चाकू, हालत गंभीर

## कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदोई का मामला, सिपाही ने दर्ज कराई एफआईआर, एएसपी समेत कई अफसर पहुंचे अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



घटना की सूचना पर मेडिकल कॉलेज पहुंचे पुलिस अफसर। ● अमृत विचार



सिपाही के चाकू लगने के बाद मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे पुलिसकर्मी।

**अमृत विचार :** दो भाइयों का झगड़ा सुलझाने पहुंचे डायल 112 पर तैनात एक सिपाही के पेट में युवक ने चाकू घोंप दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में सिपाही के अन्य साथी उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां सूचना मिलते ही एएसपी समेत कई अफसर भी आ गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला सोमवार रात साढ़े दस बजे का है। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नावंकूड निवासी एक युवक ने डायल 112 पर फोन करके अपने भाई पर मारपीट का आरोप लगाते हुए सूचना दी। जिसके बाद पीआरबी 5920 को मौके के लिए रवाना हो गई। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पीआरबी में तैनात सिपाही राशिद अपने साथी सिपाही के साथ झगड़ा कर रहे भाइयों को समझाने का प्रयास किया। इसी बीच भाई से झगड़ा कर रहे दो युवकों ने सिपाही के पेट में चाकू मार दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। चाकू मारने की घटना देख अन्य पुलिसकर्मी भी सहम गए। आनन फानन में सिपाही को पीआरबी से मेडिकल कॉलेज लाया गया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, सीएमओ डॉ. आलोक शर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नरेश कुमार त्यागी, प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय, डायल 112 प्रभारी मुकेश शुक्ला मेडिकल कॉलेज पहुंचे। सिपाही की हालत गंभीर देखते हुए शहर के एक निजी सर्जन को भी मेडिकल कॉलेज बुलाया गया। डॉक्टरों की टीम सिपाही के इलाज में जुट गई। उसके पेट में जख्म होने के कारण सिपाही को बरेली हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस टीम एंबुलेंस से लेकर बरेली के एक निजी अस्पताल में सिपाही के साथ पहुंची। जहां उसका उपचार जारी है। वहीं, हादसे की जानकारी मिलते ही सिपाही के परिवार वाले भी पीलीभीत पहुंच गए। पीआरबी के सिपाही रामफल की ओर से शेर सिंह और उसके भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### घटना से महकमे में हड़कंप, दौड़ती रहीं गाड़िया



घायल सिपाही राशिद

सिपाही पर चाकू से हमला करने की सूचना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना का पता चलने पर सबसे पहले आनन फानन में शहर कोतवाल नरेश त्यागी, सुनगढ़ी इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय और डायल 112 के प्रभारी मुकेश शुक्ला मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इसके कुछ ही देर बाद एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी पहुंच गए। सिपाही की हालत को लेकर उपचार कर रहे चिकित्सकों से जानकारी जुटाई। इसके बाद बेहतर उपचार के लिए सिपाही को बरेली के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक घायल सिपाही राशिद रहने वाला मुजफ्फरनगर जिले का है। शहर की आवास विकास कॉलोनी में किराये के मकान में रहता है।

> पीआरबी झगड़े की सूचना पर गई थी। जहां युवकों ने सिपाही के पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। पीआरबी सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिपाही का इलाज कराया जा रहा है।
> – **नरेश त्यागी** कोतवाल

# समस्याओं का निस्तारण न होने पर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, पूरनपुर

- एक्सईएन से प्रसादपुर गांव की समस्याओं के निराकरण की मांग
- जर्जर तारों और ट्रिपिंग की समस्या से परेशान हैं ग्रामीण

**अमृत विचार :** प्रसादपुर गांव में जर्जर लाइन और बिजली आपूर्ति समेत कई अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने नाराजगी जताई है। कार्यकर्ताओं ने पावर कॉरपोशन विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग की है। इसके साथ ही समस्या का समाधान नहीं होने पर कार्यकर्ताओं ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता डिवीजन कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रसादपुर में जर्जर बिजली लाइनों को बदलने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने बताया तारों के जर्जर होने से गांव में आपूर्ति सुचारु रुप से नहीं मिल पा रहीं हैं। ट्रिपिंग की समस्या से लोगों को लगातार बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।

आरोप है शिकायती पत्रों का निस्तारण न कर उन्हें कचरे के डिब्बे में फेंक दिया जाता है। कार्यकर्ताओं ने समस्याओं का समाधान होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान पवन कुमार, रामकृपाल, गुडडू वर्मा, राजेश वर्मा, रजनीश अनूप, कमलश राजेश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मंगलवार को फंदे पर लटका मिला शव, मायके वालों ने ससुराल वालों के खिलाफ दी तहरीर
- थाना गजरौला क्षेत्र के बिठौरा कला गांव की घटना, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार :** ससुराल में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इसके बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव विधिपुर निवासी नेमचंद ने बताया कि उन्होंने अपनी 21 वर्षीय बेटी हेमलता की शादी इसी क्षेत्र के गांव बिठौरा कलां निवासी नंद किशोर पुत्र श्यामलाल के साथ डेढ़ साल पहले की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। पूर्व में कई बार ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की थी, इसके बाद समझाकर शांत करा दिया गया था। 11 अक्टूबर 2023 को ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट की थी। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। तो उस दौरान भी समझौता हो गया था। इसके बाद से विवाहिता ससुराल में ही रह रही थी।

मंगलवार को उन्हें बिठौरा कला के किसी ग्रामीण ने फोन कर सूचना दी कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। इस पर वह ससुराल पहुंचे। तो उसका शव कमरे में दुपट्टे से बने फंदे पर कढ़ी से लटका मिला। उस दौरान ससुराल वाले घर पर मौजूद नहीं मिले। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर एएसपी विक्रम दाहिया और गजरौला इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां परिवार वालों से जानकारी करने के बाद शव को फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिवार की ओर से तहरीर मिली है। जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शराब के रुपये मांगे तो सेल्समैन को पीटा

- बिलसंडा क्षेत्र के महोलिया गांव का मामला, पांच पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** गांव महोलिया में देशी शराब की दुकान के सेल्समैन से मारपीट करने और दुकान में तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ बलवा समेत कई अनय गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तालाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव महोलिया स्थित देशी शराब दुकान के सेल्समैन नवीन कुमार की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि सोमवार की शाम करीब सात बजे वह दुकान पर बैठा हुआ था, इसी बीच ग्राहक रामकुमार उसकी दुकान पर आया और उसे शराब का पौवा मांगा, जिसे उसने दे दिया। आरोप है कि शराब का पौवा लेने के बावजूद उसने पैसे नहीं दिए। जिसको लेकर उसकी कहासुनी हो गई। आरोप है इसी बीच रामकुमार ने उसके साथ मारपीट की और दुकान का काउंटर फेंक दिया।

उसके अन्य साथियों ने भी दुकान में ईट पत्थर भी बरसाए। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल भी हो गया। पुलिस ने आरोपी रामकुमार, भानमती, सोनू, रंजीत, अभिषेक एवं कई अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### बीमार महिला से पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एक बीमारी महिला से दंपति ने धोखाधड़ी कर उसे बैंक ले जाकर उसके खाते से पांच लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब उसे मामले की जानकारी हुई। तो उसने आरोपी दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव शिवपुरिया निवासी महिला रामलली ने एसपी के आदेश पर थाना जहानाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि वह लंबे समय से पैरालाइसिस बीमारी से पीड़ित हैं। जिसके कारण चलने फिरने से मजबूर हैं। आरोप है कि 30 अप्रैल को गांव की महिला प्रशंसा रस्तोगी दवा दिलवाने के बहाने उन्हें ले गई। उक्त महिला का पति नितिन रस्तोगी भी साथ था। दवा न दिलवाकर उक्त दोनों लोग गीता मंदिर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक ले गए और धोखे से उनके खाते से पांच लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जिसकी बैंक में किसी अधिकारी द्वारा कोई जांच पड़ताल भी नहीं की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# बहन को छोड़कर आ रहे युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, बीसलपुर



- चठिया रोहनिया के पास बाइक फिसलने से हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बीसलपुर-शाहजहांपुर मार्ग पर बहन को ससुराल छोड़कर लौट रहे भाई की बाइक अचानक वाहन बचाने के चक्कर में फिसल गई। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के गोबल पतीपुरा निवासी 45 वर्षीय सर्वेश कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल बहन मीना देवी से राखी बंधबाने के बाद मंगलवार को उसकी ससुराल शिवपुरी नवदिया छोड़ने गया था। दोपहर तीन बजे घर लौटते समय चठिया रोहनिया के पास सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के चक्कर में बाइक फिसल गई। जिसमें वह गंभीर रुप से चोटिल हो गया। हादसा देखकर लोगों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ई-रिक्शा चालक घायल

**बरखेड़ा :** गोपी कॉलोनी का संजीव मंगलवार शाम बीसलपुर के गांव टिकरी माफी से अपने ई रिक्शा से घर लौट रहा था। गांव भैसहा ग्वालपुर मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक से ई रिक्शा में टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक संजीव कुमार घायल हो गया। जबकि बाइक चालक वाहन को लेकर मौके से भाग गया। घायल को सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत गंभीर होने पर संजीव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता घुघचिहाई



हैंडपंप ठीक नहीं कराने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- घुघचिहाई की पंचायत कबीरपुर कसगंजा में खराब सरकारी हैंडपंप को ठीक नहीं करने का मामला

**अमृत विचारः** पंद्रह दिन से खराब पड़े हैंडपंप को ठीक कराने के लिए ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान और सचिव से शिकायत की। लेकिन समस्या का समाधान तो दूर मौके पर कोई पहुंचा तक नहीं। जिसके चलते ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया और खराब पड़े हैंडपंप को ठीक करने की मांग उठाते हुए कई प्रधान और सचिव पर कई गंभीर आरोप भी लगाए।

ग्राम पंचायत कबीरपुर कसगंजा की बात करें तो यहां काफी समय से हैंडपंप खराब पड़े हैं। ग्रामीणों की मानें तो हैंडपंप न ठीक कराया जा रहा है और न ही नए हैंडपंप लगवाए गए हैं। ग्राम प्रधान और सचिव पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि इस बार वित्तीय वर्ष में बहुत से काम कार्य योजना में पड़े हैं, लेकिन धरातल पर कोई भी कार्य नहीं हो रहा है।

इतना ही नहीं पूरी ग्राम पंचायत में एक भी सरकारी नल का रिबोर नहीं हुआ।

जबकि प्रधान और सचिव ने सांठगांठ कर हैंडपंप रिबोर का सारा पैसा डकार लिया। कहा कि गांव में सड़कें भी जर्जर हो चुकी है। हल्की बारिश में सड़क पर पानी भर जाता है। जिससे ग्रामीणों की आवाजाही बाधित होती है। सबसे अधिक परेशान स्कूल जाने वाले गांव के बच्चों को होती है।

कई बार शिकायत के बाद भी प्रधान और सचिव खराब हैंडपप ठीक इसलिए नहीं करा रहे क्यों कि वह इसकी मरम्मत का पैसा डकार चुके हैं। द विरोध प्रदर्शन करने वालों में संजीव कुमार, नरेंद्र कुमार, शोभित भारद्वाज, करन भारद्वाज, अभिषेक शास्त्री, राम लखन, दुर्गेश, सतीश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में दो नामजद और 20 अज्ञात पर रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचारः** नगर की एकता नगर कॉलोनी निवासी मुनेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रविवार को शाम सात बजे साहू साहब के पेट्रोल पंप पर पेमेंट लेने गया था। वहां आदेश कुमार, शिव रतन सिंह समेत 20 अज्ञात लोग मौजूद थे। जैसे ही वह पंप पर पहुंचा तो दो आरोपियों ने उससे बाहर चलने के लिए कहा। इनकार करने पर आरोपियों ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी। मौके पर भीड़ लगने लगी जिसको देखकर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने दो नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बंद मकान और सराफा दुकान को चोरों ने बनाया निशाना, नगदी समेत लाखों के आभूषण समेटे

## पीलीभीत के वल्लभ नगर कालोनी और पूरनपुर में मोहल्ला कायस्थान में रक्षाबंधन वाले दिन हुईं घटनाएं

- रक्षाबंधन पर पत्नी को मायके छोड़ने उत्तराखंड गया था मकान स्वामी
- बाजार बंद का फायदा उठा सराफा की दुकान को बनाया चोरों ने निशाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : रक्षाबंधन पर चोरों ने पीलीभीत में एक बंद मकान और पूरनपुर में सराफा की दुकान को निशाना बनाया। यहां से नगदी जेवरात समेत चोर लाखों का माल चोर समेट ले गए। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की पॉश कॉलोनी वल्लभ नगर निवासी अजय अग्रवाल पेट्रोल पंप संचालक है। उन्होंने बताया कि वह रक्षाबंधन पर्व के चलते शनिवार सुबह साढ़े 11 बजे पत्नी बच्चों के साथ अपनी ससुराल उत्तराखंड के बाजपुर गए हुए थे। मकान में ताला लगा हुआ था। इसी बीच बंद मकान को चोरों ने रेकी कर निशाना बन लिया। मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे। इसके बाद कमरों के ताले तोड़ने के बाद कमरे में रखी एक अलमारी का लॉकर भी तोड़ दिया। इसमें रखा 60 तोला सोने के जेवरात और डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। अजय अग्रवाल ने बताया जेवरात उनकी मां और पत्नी ने बच्चों की शादी के लिए रखे थे। वह रक्षाबंधन की शाम छह बजे घर पहुंचे तो मकान के ताले टूट देखकर उनके होश उड़ गए। घर के भीतर भी सामान फैला हुआ था। चोरी की जानकारी लगते ही कॉलोनी में भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडे और अन्य पुलिस टीमें मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद आसपास में लगे सीसीटीवी चेक किए। लेकिन कोई क्लू नहीं मिल सका। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने बताया कि चोरी की सूचना मिली थी।घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया। सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए गए हैं। घर में लगे कैमरे भी बंद थे। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। टीमें लगाई गई है। घटनास्थल का खुलासा किया जाएगा।



घर में बिखरा पड़ा सामान और टूटा पड़ा लॉकर। ● अमृत विचार



कॉलोनी में तोड़ा गया मकान के ताला।



दुकान पर चोरी होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पडताल की।

### सराफा कारोबारी के यहां से सोना और चांदी समेट ले गए चोर

पूरनपुर, अमृत विचार : रक्षाबंधन पर चोरों ने बाजार बंद होने का फायदा उठाते हुए सराफा व्यापारी की दुकान को निशाना बनाया। नगर के मोहल्ला कायस्थान के सुमित कुशवाहा ने बताया कि उनकी मोहल्ले में ही सड़क किनारे सराफा की दुकान है। सोमवार को रक्षाबंधन का त्यौहार होने पर दुकान नहीं खोली थी। वह रक्षाबंधन में व्यस्त थे, मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे दुकान पर काम करने वाला सहयोगी संजय दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान के पीछे सीढ़ियों पर जाने वाले गेट का ताला टूटा देख होश उड़ गए। संजय ने दुकान मालिक को सूचना दी। जानकारी लगने पर व्यापारी दुकान पर पहुंच गया और आभूषण चेक किए। इस दौरान सोने के पेंडिल, नथनी, नाक का फूल और अंगूठी गायब मिली। इसके अलावा पुरानी पायलें सहित लगभग डेढ़ किलो चांदी गायब थी। सोने चांदी के जेवर गायब देखकर सुमित ने पुलिस को सूचना दी। इधर, चोरी होने की जानकारी लगने पर आसपास के दुकानदारों की भीड़ पहुंच गई। सराफा व्यापारी की सूचना पर कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने कस्बा चौकी इंचार्ज प्रद्युमन कुमार को मौके पर भेजा। चौकी इंचार्ज ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी। उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए जाएंगे।

### पहले कैमरा घुमाया फिर दिया घटना को अंजाम

सुमित कुशवाहा ने लगभग आठ महीने ही मोहल्ला कायस्थान में सर्राफा की दुकान खोली थी। सुरक्षा के लिए उसने दुकान के शटर और पीछे लगे लोहे के दरवाजे के पास सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। देर रात पीछे लगे दरवाजे का सीसीटीवी कैमरा चोर ने उखाड़ कर नीचे की ओर घुमा दिया और उसके बाद घटना को अंजाम दिया।

# धर्म गुरु की तस्वीर से छेड़छाड़ करने वाला यू ट्यूबर गिरफ्तार

- थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया का रहने वाला है आरोपी वसीम
- इंस्टाग्राम पर पोस्ट वायरल करने पर चौकी इंचार्ज ने लिखाया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचार** : सोशल मीडिया पर चर्चित एक यू- ट्यूबर ने धर्मगुरु के फोटो को एडिट कर उसे सोशल साइट्स इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया गया। इसकी जानकारी होने पर लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आसाम रोड चौकी प्रभारी मनवीर सिंह की ओर से सुनगढ़ी थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया कि वह मंगलवार को टीम के साथ गश्त पर थे।

इस दौरान असम चौराहे पर मुखबिर ने बताया कि सोमवार को एक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई। जिसमें पकड़िया निवासी वसीम रजा की ओर से अपनी सोशल मीडिया इंस्टाग्राम आईडी से सोमवार को एक धर्म गुरु के फोटो को एडिट कर अपलोड किया गया है। जिससे धर्म विशेष में रोष व्याप्त है। मामले में गंभीरता से लेकर सोशल मीडिया पर उक्त वीडियो की जानकारी जुटाई। जिस पर उक्त युवक की इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट वायरल करने की बात सामने आई। आरोपी वसीम की इस हरकत से दो समुदाय के बीच सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया आरोपी का लैपटॉप समेत कुछ साक्ष्य कब्जे में लिए गए हैं। आरोपी शहर का यूट्यूब पर है और मिस्टर पीलीभीत के नाम से उसका यूट्यूब चैनल भी बना हुआ है।

### टिप्पणी कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

पीलीभीत : दूसरे समुदाय के युवक ने एक अन्य समुदाय के खिलाफ इंस्टाग्राम आईडी पर एक आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पोस्ट शेयर कर दी। पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जेल भेज दिया गया है। थाना जहानाबाद में तैनात उपनिरीक्षक गौतम सिंह ने थाना जहानाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा गया कि 19 अगस्त को सोशल मीडिया में वायरल पोस्ट पर लगी स्टोरी की जांच की गई। जांच के दौरान पता चला कि उक्त स्टोरी को थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सहगवां नगरिया निवासी आरिश पुत्र रफीक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट किया है। उक्त युवक किराने की दुकान चलाता है। आरोपी ने एक समुदाय के खिलाफ टिप्पणी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# युवक पर घर में घुसकर चोरी करने का आरोप

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : कस्बे के गांव गुजरानपुर मे देशी शराब की दुकान के सेल्समैन के घर में दीवार कूदकर घुसे चोर हजारों रुपये की नकदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। सेल्समैन के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी का आरोप लगाते हुए गांव के एक युवक खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। तहरीर के बाद पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ करने में लगी हुई है।

थाना क्षेत्र के गुजरानपुर निवासी बाबूराम गांव में स्थित देसी शराब की दुकान में सेल्समैन है। सेल्समैन के पुत्र लवलेश ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि सोमवार की रात दीवार कूदकर चोर घर में घुस गए। घर में रखें 50 हजार रुपये और जेवरात चोरी कर लिए। उसने गांव के ही एक व्यक्ति पर चोरी किए जाने का आरोप शक जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर भी दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच नाराजगी चल रही है। कुछ दिन पूर्व एक पक्ष ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि दूसरा पक्ष चोरी के इरादे से मकान की दीवार पर रात में बैठे देखा था। इसके बाद दूसरे पक्ष द्वारा मंगलवार को उसे पक्ष पर चोरी का आरोप लगाया।

# पावर फेल होने से स्टेशन पर दो घंटे खड़ी रही पैसेंजर ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**। पीलीभीत से बाया बीसलपुर होते हुए शाहजहांपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का पावर फेल हो गया। खराबी को दुरुस्त करने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बरेली से दूसरा पावर मंगाकर करीब सवा दो घंटे बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

पीलीभीत रेलवे जंक्शन से बीसलपुर होते शाहजहांपुर के लिए रोजाना पैसेंजर ट्रेन का सुबह 7.10 बजे संचालन किया जा रहा है। मंगलवार सुबह तमाम रेल यात्री प्लेटफार्म नंबर तीन पर खड़ी पैसेंजर ट्रेन में रवाना होने के लिए सवार हुए। रवानगी का समय होते ही लोको पायलट ने ट्रेन चलाने का प्रयास किया, लेकिन पावर फेल होने पर ट्रेन आगे नहीं बढ़ सकी। काफी देर बाद भी जब सफलता नहीं मिल सकी तो लोको पायलट ने इस मामले की जानकारी कंट्रोल और अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद बरेली से पावर भेजा गया, तब कहीं जाकर ट्रेन करीब 9.25 बजे रवाना हो सकी। इस दौरान ट्रेन में सवार यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टेशन अधीक्षक धमेंद्र कुमार ने बताया कि पैसेंजर ट्रेन के पावर में खराबी आ गई थी। दूसरा पावर आने के बाद ट्रेन को 2.15 घंटे देरी से रवाना किया गया।

# भारत बंद : सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने किए कड़े इंतजाम

- मुख्य बाजार समेत सभी स्थानों पर तैनात रहेगी पुलिस
- जबरन दुकान बंद कराने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के विरोध में 21 अगस्त को प्रस्तावित भारत बंद को लेकर जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जबरन दुकान बंद करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। शहर में पॉइंट बनाकर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। उसके अलावा मोबाइल पार्टियां भी बनाई गई है। बंद को बहुजन समाज पार्टी ने भी समर्थन दिया है।

बता दें कि आरक्षण को लेकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों ने 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी ने भी बंद को समर्थन करते हुए सड़कों पर धरना प्रदर्शन करने की बात कही है। इसे देखते हुए जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शहर को जोनल और सेक्टर में बताकर सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। शहर के सभी प्रमुख चौराहों और कलेक्ट्रेट समेत अन्य स्थानों पर पुलिस की पिकेट लगाई गई है। इसके अलावा सभी थाना और चौकी प्रभारियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि यदि किसी ने जबरन बाजार बंद करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानून हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

### बसपा नेहरू पार्क पर देगी ज्ञापन

बसपा जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम ने बताया कि कैम्प कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई है। जिसमे 21 अगस्त को सुबह 11 बजे शहर में स्थित नेहरू पार्क पर एकत्र होकर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपेंगे। इसके अलावा किसी भी प्रकार के उपद्रव और तोड़फोड़ में बसपा का कोई कार्यकर्ता शामिल नहीं होगा।

### गोवंश से टकराई बाइक, तीन लोग घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव पतरसिया निवासी 45 वर्षीय नन्हेंलाल सोमवार की देर शाम मोटरसाइकिल से अपने गांव से बरखेड़ा की तरफ आ रहे थे। मोटरसाइकिल पर उनकी पत्नी रामकली और बेटी पिंकी बैठी हुई थी। तभी बीसलपुर मार्ग पर गांव नवादा महेश के समीप अचानक एक गोवंशीय पशु सामने आ गया। जिससे बाइक फिसलकर गिर गई। जिसमें तीन घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

### स्प्रिंगडेल कॉलेज के बीसीए के छात्र यश बने टॉपर



प्रियांशी गुप्ता दीपांजलि राणा यश वर्मा

**पीलीभीत,अमृत विचार** : स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीसीए द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम इस बार उत्तम रहा। रूहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीसीए के सभी सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए। द्वितीय सेमेस्टर में प्रियांशी गुप्ता 83 प्रतिशत अंक पाकर पहला, शिखा कुमारी ने 82 .14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और अमित वर्मा 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया। चतुर्थ सेमेस्टर में दीपांजली राणा 80 प्रतिशत अंक पाकर अव्वल रहीं। अमन गंगवार 78 प्रतिशत पाकर द्वितीय और भूमिका सागर 77 .57 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रही। षष्ठ सेमेस्टर में यश वर्मा 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे। प्रिया पाराशरी 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और माही सक्सेना 83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की प्रशंसा की।


Bareilly International University

{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}

Excelled in CUET? Join the Courses:

ADMISSIONS OPEN 2024

ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/

Courses Available

Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India

Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404





अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे तीन पुत्र मो. मजहर, हैदर अली, अरशद हुसैन उर्फ डैनी व एक पुत्री अलीशा है। मेरा पुत्र अरशद हुसैन उर्फ डैनी को मैंने उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मो. जफर पुत्र वशीर अहमद निवासी मो. गोपाल सिंह थाना सुनगढ़ी, पीलीभीत**

**सूचना**

कार चालक जगपाल पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम सिसईया मगनपुर थाना फरीदपुर बरेली दि. 13.08.2024 को शाम करीब 7:00 बजे वाहन कच्चे में खड़ा था कोई अज्ञात वाहन बीसलपुर रोड फरीदपुर टक्कर मारकर चला गया था। जगपाल का इलाज के दौरान लोकनायक अस्पताल दिल्ली में दिनांक 17.08.2024 को मृत्यु हो गयी।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम ISHAR AHMAD पासपोर्ट में गलत अंकित हो गया था। वास्तव में मेरा नाम IZHAR AHMAD है भविष्य में मुझे IZHAR AHMAD के नाम से जाना जाये। **इजहार अहमद पुत्र रियाज अहमद नि. ग्राम कैमोर दूनीडाम अमरिया, पीलीभीत**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा कक्षा 10 का अंक पत्र- प्रमाण पत्र, अनुक्रमांक- 210864945, सन-2021 वास्तव में कहीं खो गया है। **देवनाथ विश्वास पुत्र सपन विश्वास निवासी गंगसरा, पुवायां (शाहजहांपुर)**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे दो पुत्र MOHD MAHAD एंड MOHD GHAMIZ जो की सेंट अलसियस कॉलेज पीलीभीत में पढ़ते है जिनके अभिलेख में मेरा नाम MOHD MUSTAQEEM होगया है जब की वास्तविक नाम MOHAMMAD MUSTAQEEM है।

**आवश्यकता**

**बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।**

कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।

DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।

**जल आकाश, परसाखेड़ा**

**7669334441, 7599074780, 9720554832**

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपने पुत्र रजत कुमार माहेश्वरी एवं उसकी पत्नी ममता को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सुनील कुमार पुत्र लक्ष्मी नरायन निवासी मोहल्ला सैफुल्लागंज तहसील सहसवान, जिला बदायूं (उ.प्र.)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सगे भाई रामगोपाल पुत्र मनोहर लाल उर्फ नत्थू के द्वारा मुझे धोखा देकर अपने नाम मुख्तारनामा आज दिनांक 12.04.2024 को करा लिया है जिसे मेरे द्वारा दिनांक 22.07.2024 को निरस्त करा दिया गय है। यदि कोई जन मुख्तारनामा की आड़ की कोई सम्पत्ति स्थिति ग्राम दूंदेनगर पर उझानी तहसील व जिला बदायूं क्रय न करें क्योंकि वह फर्जी दस्तावेज माना जायेगा। **प्रदीप पुत्र मनोहर उर्फ नत्थू निवासी ग्राम दूंदे नगर पो. उझानी जिला बदायूं हाल निवासी मो. ऊपर पारा लालपुल शहर, बदायूं मो. 7409889648**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### जहरीले सांप के काटने से किशोर की मौत

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुरिया ता. गजरौला का रहने वाला मृत्युंजय पुत्र पूरन सिंह सोमवार को घर में कुछ काम कर रहा था। इस दौरान जहरीले सांप ने उसके हाथ में डस लिया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### थानाध्यक्ष पर अभद्रता करने का आरोप

पूरनपुर। मंगलवार को चंदिया हजारा की मंजू देवी कई महिलाओं साथ सीओ कार्यालय पहुंची। उन्होंने सीओ को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया रविवार को भाई से झगड़ा होने पर वह थाना हजारा में शिकायत करने गई। आरोप है थानाध्यक्ष ने युवती से अभद्रता कर भगा दिया। उसके बाद पुलिसकर्मी उसके घर धमकाने के लिए भी पहुंचे। युवती ने थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग की। एसओ परमेंद्र कुमार ने बताया कि मुझे ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है।

### चैतन्य टेक्निकल स्कूल में होगी फुटबॉल प्रतियोगिता

पूरनपुर। नगर के पब्लिक इंटर कालेज में हर साल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। इस बार भी 22 अगस्त को कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना था। बरसात होने से कॉलेज के मैदान में पानी भर गया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार गौतम ने बताया कि यह फुटबॉल प्रतियोगिता अब 22 अगस्त को चैतन्य टेक्निकल स्कूल में संपन्न कराई जाएगी। इसमें सभी टीमों से सुबह नौ बजे स्कूल के मैदान में पहुंचने को कहा गया है।

### बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बीसलपुर, अमृत विचार: सप्ताह भर पहले हुए सड़क हादसे में घायल की ओर से चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्राम अहिर पुरा नगला के लोकेश कुमार ने बताया कि आठ अगस्त को तीन बजे वहअपनी बाइक पर भाई उमेश को बैठाकर घर से सितारगंज रोड से कांवड़ियों की सेवा के लिए ग्राम चुर्रासकतपुर जा रहे थे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें वह और उनके भाई घायल हो गए। हादसे के बाद चालक बाइक छोड़कर भाग गया। पीड़ित ने हादसे की सूचना पुलिस को देने के बाद अब बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# मेले में उगाही करना पड़ा महंगा, ग्राम प्रधान को नोटिस

संवाददाता, बीसलपुर

- मीरपुर बहानपुर का मामला एसडीएम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** मीरपुर वाहनपुर में लगने वाले ताजिया चेहल्लुम मेले में दुकानदारों से वसूली करने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद को लेकर प्रशासन गंभीर हो गया है। एसडीएम ने अब ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर मेले में किसी भी तरह की वसूली करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

बता दें कि मीरपुर बहानपुर के इरशाद खान ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में 27 अगस्त से दो सितंबर तक लगने वाले ताजिया चेहल्लुम मेले में ग्राम प्रधान मोहम्मद मियां द्वारा व्यापारियों से तहबाजारी के नाम पर वसूली करने की शिकायत की थी। एसडीएम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को गांव भेज कर मामले की जांच कराई। जांच के उपरांत उन्होंने ग्राम प्रधान को अवगत कराया की मेले के लिए गठित कमेटी द्वारा ही नियमानुसार लाइट टेंट, साफ साफ सफाई व्यवस्था के लिए दुकानदारों से वसूली की जाएगी। ग्राम प्रधान किसी भी तरह की वसूली दुकानदारों से नहीं करेंगे। यदि उनके द्वारा वसूली की गई तो नियमानुसार उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम महिपाल सिंह ने इस संबंध में जिलाधिकारी को भी पत्र भेज कर अवगत करा दिया है।

**खेत तालाब योजना के तहत जिले को जिला 54 तालाबों का लक्ष्य, एक तालाख पर किसान के 1.5 लाख रुपये का होगा खर्च**

# किसान भाई...खेत में तालाब बनवाओ, 50% अनुदान पाओ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जनपद के किसान अब अपने खेतों में तालाब भी बना सकेंगे। तालाब बनाकर किसान सिंचाई के लिए जल संचयन के साथ मछली पालन आदि का कार्य कर सकते हैं। इसमें सरकार उनकी मदद करेगी। इसके लिए किसानों को 50 फीसदी अनुदान मिलेगा। अफसरों का दावा है कि दतालाबों में जहां वर्षा का जल संरक्षित होगा वहीं खेतों की सिंचाई भी हो सकेगी। योजना से किसानों को आर्थिक लाभ भी होगा। इसके लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा।

दरअसल, प्रदेश के तमाम जिलों में भू-जल के स्तर का तेजी से गिरना किसानों के लिए समस्या बनता जा रहा है। जिसके चलते खेतों की सिंचाई करने में किसानों को काफी परेशानी होती है। सबसे अधिक समस्या धान की खेती करने वाले किसानों को उठानी पड़ती है। कुछ इस तरह की समस्याओं से निटपने के लिए सरकार ने ''खेत तालाब योजना'' शुरू की है। इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए जनपद को 54 तालाबों का लक्ष्य दिया गया है। योजना में किसानों का ऑनलाइन चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर शुरू कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक तालाब की लंबाई 22 मीटर, चौड़ाई 20 मीटर और गहराई तीन मीटर होगी। लघु तालाब की लागत 1.05 लाख रुपये हैं। तालाब की कुल लागत का 50 फीसदी अनुदान के रूप में मिलेगा। शेष 50 प्रतिशत कृषक अंश रहेगा। तालाब खुद जाने के बाद अनुदान की धनराशि दो किश्तों में दी जाएगी। पहली किश्त के रूप में 39,375 रुपये जबकि दूसरी किश्त पक्का इनलेट कार्य पूरा होने के बाद 13,125 रुपये अनुदान के रूप में दिए जाएंगे। दोनों किश्तें डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में भेजी जाएगी। इतना ही नहीं पंपसेट पर मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 15000 रुपये प्रति इकाई अनुदान की सुविधा भी प्राप्त होगी।

### मत्स्य पालन व सिंघाड़े की खेती कर बढ़ाएं आय

भूमि संरक्षण विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक किसानों की चयन प्रक्रिया के लिए आनलाइन आवेदन शुरू है। खेत तालाब योजना में तैयार तालाबों में वर्षा का पानी बाहर नहीं जा पाता। तालाब में ही वर्षा का जल संरक्षित हो जाता है। इससे भूजल स्तर ठीक रहता है तो वहीं फसलों को भी लाभ पहुंचता है। साथ ही जब सिंचाई करनी होती है तो पानी खोजना नहीं पड़ता। तालाब में मत्स्य पालन भी किया जा सकता है। सिंघाड़ा की खेती कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। ऐसे में यह तालाब किसानों की खेतों को पानी देने के साथ आय संवर्धन का भी काम करते हैं।

### इस तरह करें आवेदन

तालाब खुदवाने के किसान upagriculture.com पर ऑनलादन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को एक हजार रुपये टोकन मनी के रूप में जमा करना होगा। आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक, खतौनी की नकल की फोटो कॉपी, मोबाइल नंबर के साथ टोकन निकाल सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

> खेत-तालाब योजना के तहत जनपद को 54 तालाब का लक्ष्य दिया गया है। 20 किसानों द्वारा टोकन मनी जमा करते हुए अभिलेख अपलोड कराए जा चुके हैं। अब 32 लाभार्थियों के लिए लक्ष्य अवशेष है। – **गणेश शंकर परिहार**, भूमि संरक्षण अधिकारी

# अक्टूबर तक करिए इंतजार...हरदोई ब्रांच नहर पर नए पुल के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

## कार्यदायी संस्था ने फाउंडेशन पूरा होने के बाद अब गर्डर असेंबलिंग का काम कराया शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


हरदोई ब्रांच नहर पर तैयार किया जा रहा पुल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** असम हाईवे पर पीलीभीत-पूरनपुर के बीच हरदोई ब्रांच नहर पर बन रहे पुल का निर्माण तेज कर दिया गया है। करोड़ों की लागत से बनने वाले इस पुल का फाउंडेशन कार्य पूरा होने के बाद अब गर्डर असेंबलिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। कार्यदायी संस्था ने अक्टूबर तक पुल तैयार होने की संभावना जताई है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि तीन महीने के भीतर यह काम पूरा कर लिया जाएगा।

पीलीभीत-पूरनपुर के बीच हरदोई ब्रांच नहर पर ब्रिटिश काल का बना पुल काफी जर्जर हो चुका है। बताया जाता है करीब एक दशक पूर्व हाईवे का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन इस संकरे पुल को जस का तस छोड़ दिया गया था। तबसे इस पुल की मरम्मत कर जैसे-तैसे वाहनों को गुजारा जा रहा है। जिसके चलते अक्सर जाम की स्थिति बनती है। इधर, शासन से मंजूरी मिलने पर करीब डेढ़ साल पहले 27.41

- असम हाईवे पर 27.41 करोड़ से बनाया जा रहा स्टील ब्रिज

करोड़ रुपये की लागत से इस पुल का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। इस पुल के दोनों साइड में 300-300 मीटर का संपर्क मार्ग भी बनाया जाना है। यह पुल कुल 74.8 मीटर लंबा बनना है। कार्यदायी संस्था ने नहर के अंदर पिलर बनाने का काम पूरा लिया था। यही नहीं संपर्क मार्ग के लिए मिट्टी भी डाल दी गई। इस पुल को खास तकनीक स्टील ब्रिज से निर्माण कराया जाना है। इसको लेकर स्टील ब्रिज के डिजाइन को ओडिशा में तैयार किया गया। करीब डेढ़ माह पूर्व ओडिशा से गर्डर समेत अन्य सामान ट्रकों के माध्यम से मंगा लिया गया था। पुल के फाउंडेशन को लेकर तैयारी चल रही थी कि इस बीच बारिश शुरू हो गई थी। जिस कारण काम रुक गया था। इधर, बीते कुछ दिनों से पुल निर्माण का कार्य तेजी से शुरू किया गया है। कार्यदायी संस्था की टीम की देखरेख में नदी में बने पिलरों पर फाउंडेशन का काम पूरा करने के साथ ही इसके ऊपर गर्डर असेंबलिंग का कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्था के मुताबिक यदि सब ठीकठाक रहा तो अक्टूबर में पुल तैयार हो जाएगा।

> हरदोई ब्रांच नहर पर पुल निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। फाउंडेशन का कार्य पूरा हो चुका है। अब आगे का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। संभावना है कि अक्तूबर तक पुल तैयार करा लिया जाएगा। – **सुमन**, डीपीएम

### रोजाना लगने वाले जाम से मिल सकेगा छुटकारा

असम हाईवे गुजरने वाले सभी छोटे-बड़े वाहन ब्रिटिश काल में बने इसी संकरे पुल से होकर गुजर रहे है। पुल संकरा होने के चलते यहां आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। घंटों जाम के झाम से जूझने के बाद ही वाहन सवार इस पुल से गुजर पा रहे हैं। हरदोई ब्रांच नहर पर पुल बन जाने से लोगों को आए दिन लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सकेगी।

# बीसलपुर हाईवे पर सड़क हादसे में घायल दो गोवंश की मौत

- ग्रामीणों की मदद से गोवंश के शवों को दफन कराया

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बीसलपुर नेशनल हाईवे पर पतरासा कुंवरपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो गोवंश के चोटिल होने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे ग्राम पंचायत ने ग्रामीणों की मदद से गोवंश के शवों को दफन कराया। मामला सोमवार देर शाम नौ बजे का है। बरखेड़ा के गांव पतरासा कुवरपुर के पास एक कार की टक्कर लगने से एक गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार सवार लोग चोटिल नहीं हुई। इसके बाद कार सवार दूसरे वाहन से निकल गए। कुछ देर बाद गोवंश की मौत हो गई। इतना ही नहीं कुछ देर बाद फिर इसी स्थान पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर होने से दूसरे आवारा गोवंशीय पशु की भी मौत हो गई। मंगलवार शव पड़े देखकर मामले की सूचना ग्राम पंचायत सचिव रामवीर गंगवार को दी। सूचना मिलने पर ग्राम पंचायत सचिव मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से मार्ग के पास गड्ढा खुदवा कर दोनों मृत गोवंशीय पशुओं को दफन कराया।

# सितंबर में होगा व्यापारी सम्मेलन, रणनीति तय


बैठक में विचार विमर्श करते व्यापारी गण। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- बैठक में कहा- आवश्यक वस्तुओं पर भी जीएसटी टैक्स लगाया है इसपर छूट मिले

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी की बैठक में व्यापारियों की कई समस्याएं उठाई गईं। साथ ही सितंबर माह में संगठन का जिला स्तरीय सम्मेलन बीसलपुर नगर में आयोजित किए जाने की रणनीति तय की गई।

अध्यक्ष वीरेंद्र लोहिया ने कहा कि सरकार ने दूध दही अनाज जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर भी जीएसटी का टैक्स लगा दिया गया है। इसमें छूट दी जानी चाहिए। जिससे जनमानस को राहत मिल सके। कहा कि अगले माह बीसलपुर में जिला व्यापारी सम्मेलन होगा। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल होंगे। उनका जोरदार स्वागत करने और अन्य कार्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए युवा जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल को कार्यक्रम प्रभारी बनाया। संचालन नगर युवा अध्यक्ष कन्हैया भारद्वाज और युवा महामंत्री कौशल अग्रवाल और प्रियंक अग्रवाल ने किया। नगर महामंत्री दीपक अग्रवाल, मनोज गोयल, विशाल गुप्ता, संजय अग्रवाल, पंकज गंगवार, सचिन अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, शाहिद खान, इनायत अली खान, अंकुश मिश्रा, उमंग अग्रवाल मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड की नई जिला कार्यकारिणी गठित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


गांधी सभागार में भारत स्काउट, गाइड की बैठक करते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर। ● अमृत विचार

- सिटी मजिस्ट्रेट/जिला मुख्य आयुक्त ने कार्यकारिणी के नवीन पदों पर दी स्वीकृति

**अमृत विचार :** सिटी मजिस्ट्रेट/जिला मुख्य आयुक्त विजय वर्धन तोमर की अध्यक्षता में भारत स्काउट और गाइड जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने स्काउट और गाइड की जिला कार्यकारिणी के नवीन पदों पर स्वीकृति दी।

गांधी सभागार में मंगलवार को हुई बैठक में जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे ने गत वर्ष की कार्रवाई प्रस्तुत की। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना ने 2024-25 में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया। जिला आयुक्त स्काउट डॉ. महेश बाबू ने ट्रेनिंग काउंसलर, प्रशिक्षक चयन, मानदेय और जिला स्काउट मास्टर बेसिक वीर सिंह गंगवार ने स्काउट भवन परिसर के बाहर सौंदर्यीकरण एवं स्काउट भवन परिसर में द्वितीय तल के निर्माण पर की बात कही। हायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त नेहा कटियार ने राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक शिविरों में जनपद का प्रतिनिधित्व लक्ष्य को हासिल करने के लिए के बारे में बताया। सिटी मजिस्ट्रेट ने जिला कार्यकारिणी के नवीन पदों पर स्वीकृति दी गई। जिसमें जिला आयुक्त डॉ. महेश बाबू, जिला आयुक्त कब-एनसी पाठक, पीलीभीत जिला आयुक्त स्काउट नरेश चंद्र शुक्ला, जिला आयुक्त रोवर डॉ. दुष्यंत कुमार, पीलीभीत जिला आयुक्त अनीता सिंह, जिला आयुक्त बुलबुल पूजा छाबड़ा, जिला आयुक्त गाइड सुमन देवी, जिला आयुक्त रेंजर डॉ. दरख्शा अजहर, सहायक आयुक्त स्काउट शिव शंकर मौर्य, कमल मोहन पांडेय, नरेंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त गाइड शोभा वर्मा, अजय चौहान, जिला मुख्यालय आयुक्त स्काउट अर्पित अग्रवाल, अक्षत भसीन, सुरेंद्र गंगवार, वीरेंद्र मिश्रा, जिला मुख्यालय आयुक्त गाइड अंजू मिश्रा, चारु धवन, रितिका धमेजा, स्काउटर/गाइड प्रतिनिधि वीर सिंह एवं परिणीता सिन्हा बनाए गए। सभी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में अनिवार्य वार्षिक प्रशिक्षण योजना की योजना बनाकर सभी छात्रों को स्काउट गाइड से जोड़ने के लिए प्रयास करेंगे। जिला कोषाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, जिला सचिव संतोष कुमार, जिला सह सचिव शिवम कश्यप, जाहिदा खातून, कमल मोहन पांडे, पूजा छाबड़ा, अनीता चौहान, मीना कुमारी, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# चालक की लापरवाही से पलटा टेंपो, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** टेंपो चालक की लापरवाही से टेंपो पलट गया। जिसमें सवार जूता व्यापारी समेत कई लोग घायल हो गए। इस मामले में जूता व्यापारी ने चालक की लापरवाही मानते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खान जनूबी निवासी जूता व्यापारी अनीस ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 अगस्त को शाम सात बजे वह अपने जूते की दुकान बंद कर टेंपो से घर जा रहे थे। जिस टेंपो में वह सवार थे। वह लापरवाही के साथ ड्राइविंग कर रहा था। जिस कारण टेंपो अनियंत्रित होकर ब्लॉक कार्यालय के पास पलट गया। जिसमें वह घायल हो गए। इस मामले में व्यापारी ने टेंपो चालक के खिलाफ टेंपो संख्या यूपी 26 ए टी 1351 के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पैगम्बर ए इस्लाम की शान में गुस्ताखी पर भड़की जमाअत रजा ए मुस्तफा

संवाददाता, अमरिया


अमरिया में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम धर्मगुरु व मौलाना। ● अमृत विचार

- एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर टिप्पणी करने वाले महंत रामगिरि पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** पैगम्बर ए इस्लाम मुहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी एवं अभद्र टिप्पणी को लेकर जमाअत रजा ए मुस्तफा भड़क उठी। राष्ट्रपति को संबोधत ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर पैगम्बर ए इस्लाम पर टिप्पणी करने वाले महंत रामगिरि महाराज पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।

जमाअत रजा ए मुस्तफा की स्थानीय शाखा ने मंगलवार को मौलाना तारिक रजा मिस्बाही के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि भारत शांति का उद्गम स्थल है। देश का संविधान किसी भी धर्म, राष्ट्र, मजहब का अपमान करने की इजाजत नहीं देता है।

पैगम्बर ए इस्लाम मुहम्मद साहब पर महंत रामगिर महाराज की अभद्र टिप्पणी और उनके शान में की गई गुस्ताखी से मुस्लिम समाज में आक्रोश है। इससे मुस्लिमों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। मुस्लिमों को निशाना बनाकर देश का शांतिपूर्ण माहौल कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। ज्ञापन में कहा गया कि महंत रामगिरि महाराज को सख्त से सख्त सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा अपराध करने की हिम्मत न कर सके। ज्ञापन देने वालों में मौलाना एजाज, मौलाना सुलेमान, मौलाना नदीम, मौलाना हाशिम, मौलाना कारी फरीद, मो. मुनाजिर, हाफिज अनस, मो. उवैस, वसीम, सलाउद्दीन, हाफिज रेहान, अब्दुल कदीर आदि शामिल रहे।

# साहब ! हर साल हम लोग झेलते हैं बाढ़ का दंश ...नहीं मिलता मुआवजा

**बाढ़ प्रभावित खिरकिया बरगिया के ग्रामीणों ने तहसील में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, जमीन का मुआवजा देने की मांग**

संवाददाता, पूरनपुर


मंगलवार को ग्रामीणों ने तहसील में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** खिरकिया बरगदिया के ग्रामीणों ने जमीन का मुआवजा दिलाने, सुरक्षित स्थान पर बाढ़ पीड़ितों को बसाने, तटबंध बनाने आदि की मांग को लेकर मंगलवार को तहसील में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि गांव खिरकिया बरगदिया के ग्रामीण हर बर्ष बाढ़ का दंश झेलते हैं। फसलों के अलावा खाने पीने के लिए रखे अनाज को भी नुकसान होता है। हर वर्ष किसानों की फसलें जमीन सहित नदी में समा जाती है। बावजूद जमीन और फसलों का सर्वे नहीं कराया। किसानों ने जमीन और फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों को ढक्का चांट में बसाने की मांग का मुद्दा उठाया। जिससे बाढ़ के दौरान ग्रामीणों को नुकसान न उठाना पड़े। नदी किनारे तटबंध बनाने की मांग भी ग्रामीणों ने रखी। आरोप लगाया कि जमीन नदी में समाने के बाद भी बैंकों कीओर से लोन चुकता करने के लिए परेशान किया जा रहा है। बैंकों की वसूली कराने का अनुरोध किया। साथ ही ग्रामांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। फूलमती, लल्लन प्रसाद, हरिशंकर, राजकुमार, संजीव कुमार, राम दयाल, श्यामसुंदर, अलादीन और पप्पू सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## ...अब बाढ़ से बर्बाद नहीं होंगी फसलें

**संवाददाता, गजरौला।** बाढ़-बारिश के दौरान मुसीबत बनी पुल की रैलिंग को लोक निर्माण विभाग ने तुड़वा दिया। रैलिंग टूटने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि कटना नदी के जर्जर पुल पर बनाई गई रैलिंग के चलते पानी का निकास न होने के कारण 10 से अधिक गांवों के किसानों की गन्ने एवं धान की फसल प्रभावित हुई थी। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गजरौला हाईवे से लेकर वाया कंजा हरैया अजीतपुर होते हुए खाग तक नई सड़क का निर्माण करवाया गया। सड़क बनने के बाद भी कई कार्य आज भी अधूरेहैं। इसी सड़क पर रामनगरिया गांव के पास कटना नदी का 50 मीटर लंबा पाइप नुमा पुल है। बताते हैं कि कुछ समय पूर्व इस पुल पर दोनों तरफ तीन- फिट की रेलिंग बनाई गई थी। कुछ दिन पूर्व आई बाढ़ से इस पुल से पानी की निकासी न होने की वजह से घेरा रिछोला, गोयल कॉलोनी, सिरसा, सरदहा, महुआ, कंजा हरैया समेत कई गांवों के रहने वाले किसानों की गन्ने और धान की फसलें बर्बाद हो गई थी। किसानों का आरोप था कि पुल पर बनी रेलिंग के चलते पानी की निकासी न होने के कारण फसलें जलमग्न हुई थी। इसको लेकर पांच दिन पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार और किसान नेता बाज सिंह भुल्लर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर पूरे मामले से अवगत कराया था। इधर मंगलवार को लोक निर्माण विभाग की ओर से पानी निकास में बाधक बनी रैलिंग को तुड़वा दिया गया। इससे किसानों ने राहत की सांस ली है।


मलवा उठाती ट्रैक्टर-ट्राली।

# पशु अस्पताल में बकरियों का भी होगा कृत्रिम गर्भाधान

संवाददाता, बीसलपुर


- एक सितंबर से शुरू हो जाएगी योजना, विभाग की तैयारी पूरी
- डिप्टी सीवीओ बोले- फार्मासिस्ट को तीन दिवसीय दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** पशु अस्पताल में अब बकरियों का भी कृत्रिम गर्भाधान होगा। इसके लिए फार्मासिस्ट को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। पशु अस्पताल में सितंबर माह में योजना लागू की जाएगी। गायों और भैंसों का कृत्रिम गर्भाधान कराने की योजना पहले से चल रही है। शासन ने बकरी पालन को बढ़ाना देने के लिए कृत्रिम गर्भाधान योजना बनाई है।

डिप्टी सीवीओ डॉ. योगेंद्र कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत बकरे से बकरियों में होने वाले रोगों में कमी आएगी। बकरों में मोनियोसिस, ब्रुसलोसिस, विब्रियोसिस बीमारियां होती हैं। ये बीमारियां बकरियों में भी फैल जाती हैं। कृत्रिम गर्भाधान से इन बीमारियों से छुटकारा मिल जाएगा। डिप्टी सीवीओ ने बताया कि जिले में यह योजना तो काफी समय पहले शुरू हो गई थी। लेकिन पशु अस्पताल के स्टॉफ के किसी भी व्यक्ति को विभाग से इस संबंध में प्रशिक्षण नहीं मिला था। जिस वजह से पशु अस्पताल में बकरी कृत्रिम गर्भाधान योजना चालू नहीं हुई थी। अब पशु अस्पताल के फार्मासिस्ट लाल बहादुर वर्मा तीन दिन का प्रशिक्षण प्राप्त कर लौट आए हैं। अब पहली सितंबर से पशु अस्पताल में यह योजना लागू हो जाएगी।

# हड़ताल खत्म होने के बाद पटरी पर लौटी चिकित्सा व्यवस्था

## डॉक्टरों के चैंबर रहे फुल, सबसे ज्यादा बुखार खांसी और खुजली के रहे मरीज


मेडिकल कॉलेज में दवा काउंटर पर लगी भीड़। ● अमृत विचार


गोद में मरीज को लेकर आता तीमारदार।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● दो दिन लगातार मेडिकल कॉलेज बंद रहने की वजह से रही मरीजों की भीड़

**अमृत विचार :** कोलकाता की घटना के विरोध में मेडिकल कॉलेज और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से 24 घंटे की हड़ताल का आह्वान किया गया था। रविवार को हड़ताल समाप्त हो गई थी। लेकिन, मेडिकल कॉलेज में रविवार के बाद सोमवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने के चलते ओपीडी नहीं खुली। मंगलवार को ओपीडी खुली तो मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह आठ बजे से पहले ही तीमारदार अपने मरीजों को लेकर अस्पतालों में पहुंच गए थे। मेडिकल कॉलेज की बात करें तो मंगलवार को ओपीडी में करीब 1680 पर्चे बने। जिन्होंने अपना इलाज और अन्य जांचें कराई।

बता दें, कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना के विरोध में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने ओपीडी बंद कर जुलूस निकालकर शनिवार को जबरदस्त प्रदर्शन किया था। इसमें आईएमए ने भी समर्थन दिया। आईएमए से जुड़े चिकित्सकों ने शनिवार को अस्पताल, नर्सिंग होम और पैथोलॉजी लैब बंद कर हड़ताल की थी। रविवार को सरकारी अस्पतालों में अवकाश और प्राइवेट अस्पतालों में रविवार को डॉक्टर नहीं बैठने की वजह से भी दिक्कतें सामने आई थी।


मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों को देखते डॉक्टर ● अमृत विचार

मगर, सोमवार को निजी अस्पतालों में ओपीडी चालू हो गई। लेकिन रक्षाबंधन के चलते मेडिकल कॉलेज बंद रहा। अब तीन दिन बाद मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने मरीजों को देखा। सुबह से ही मरीज और तीमारदार अपना पर्चा बनवाने के बाद ओपीडी में नजर आए। ठीक नौ बजे डॉक्टरों ने मरीज देखना शुरु कर दिए। सबसे अधिक भीड़ एमडी मेडिसिन, सर्जरी, और स्किन विभाग में देखने को मिली। हालांकि आंखें के डॉक्टर का चैंबर भी फुल नजर आया। आलम यह रहा था कि दूर-दराज से आने वाले मरीज ओपीडी खुलने से पहले ही अस्पताल पहुंच गए थे, ताकि समय से नंबर आ सके। पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड और एक्सरे में भी भीड़ लगी रही।

## 43 हजार महिलाओं ने रोडवेज बसों में की मुफ्त यात्रा

**बरेली, अमृत विचार :** रक्षाबंधन पर महिलाओं की मुफ्त यात्रा के बावजूद परिवहन निगम का खजाना भर गया। बरेली रीजन को एक दिन में एक लाख से अधिक यात्रियों से एक करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है। रक्षाबंधन पर बसों में 43 हजार से अधिक महिलाओं ने मुफ्त यात्रा की। रक्षाबंधन पर रविवार की रात 12 बजे से सोमवार की रात 12 बजे तक रोडवेज बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा कराई गई। जिसमें बरेली रीजन के बरेली डिपो की बसों में एक दिन में 27 हजार 469 लोगों ने यात्रा की, जिसमें महिलाओं की संख्या 11307 रही। इससे बरेली डिपो को 46 लाख 1779 रुपये की आय हुई। महिलाओं ने 13 लाख 13 हजार 340 रुपये की मुफ्त यात्रा की। इसी तरह रुहेलखंड डिपो की बसों में 36 हजार 671 लोगों ने यात्रा की। जिसमें महिला यात्रियों की संख्या 11 हजार 307 रही। रुहेलखंड डिपो को 54 लाख 20 हजार 779 रुपये की आय हुई। जिसमें महिला यात्रियों ने 16 लाख रुपये से अधिक की मुफ्त यात्रा की। इसी तरह पीलीभीत डिपो में 14 हजार 4492 लोगों ने यात्रा की, जिनसे 23 लाख 62 हजार 506 रुपये की आय हुई।

## लेखपाल ने आवेदन कर दर्ज कराई विरासत

**मझोला :** गांव हरदासपुर निवासी सुरेंद्र कौर की मृत्यु 29 जुलाई को हुई थी। उनके नाम पर दर्ज जमीन की विरासत बेटे सुखदेव सिंह के नाम पर होना थी। लेखपाल विनय गंगवार से संपर्क कर समस्या बताई। इस पर लेखपाल ने स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर 10 दिन में प्रधान सुलिंदर सिंह, दलजिंदर सिंह के साथ उनके बेटे सुखदेव सिंह को विरासत के अभिलेख सौंपे।

# रुविवि में विदेशी छात्रों के प्रवेश के लिए खोला पोर्टल

बरेली कार्यालय

● प्रवेश के पोर्टल पर अलग से दिया गया आप्शन

**अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के प्रवेश के लिए पहली बार पोर्टल पर अलग से ऑप्शन दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में आवेदन कर सकेंगे और उनके आवेदनों की जांच के बाद उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। अभी तक शोध में नेपाल के कुछ छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने अब तक अलग-अलग 11 देशों से एमओयू किया है। इसके तहत रुहेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र इन देशों में अध्ययन कर सकेंगे और इन विश्वविद्यालयों के छात्र यहां अध्ययन कर सकेंगे। इसी के तहत विश्वविद्यालय के पोर्टल पर सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए एडमिशन रजिस्ट्रेशन फॉर फोरन नेशनल्स का ऑप्शन खोला गया है।

इसमें विदेश के छात्र को अपनी जानकारी, फोन नंबर, ईमेल आईडी और शिक्षा का रिकॉर्ड भरना होगा। पोर्टल पर अलग से भी इसका लिंक दिया गया है ताकि छात्रों को ढूंढने में आसानी रहे। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय संबंध निदेशालय के निदेशक प्रो. एसएस बेदी ने बताया कि इस बार विश्वविद्यालय के पोर्टल पर विदेशी छात्रों के प्रवेश के लिए अलग ऑप्शन रखा गया है। अभी आवेदन आ रहे हैं। आवेदनों की जांच के बाद प्रवेश होंगे। कुछ दिनों पहले नेपाल के छात्रों ने शोध में प्रवेश लिया है।

### परास्नातक में प्रवेश पंजीकरण का कल अंतिम दिन

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 अगस्त है। प्रवेश पंजीकरण 23 जुलाई से हो रहे हैं और विश्वविद्यालय दो बार तिथि बढ़ा चुका है। अब महाविद्यालयों को मेरिट जारी कर प्रवेश लेंगे।

### एलएलएम की 100 सीटों पर काउंसिलिंग पूरी

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में एलएलएम की 100 सीटों पर मंगलवार को काउंसिलिंग पूरी हो गई। विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने बताया कि काउंसिलिंग में शामिल छात्रों को शुल्क जमा करने का समय दिया गया है। इसके बाद यदि कोई छात्र प्रवेश नहीं लेता है और सीटें रिक्त रहती हैं तो दूसरे चक्र की काउंसिलिंग होगी।

### विश्वविद्यालय ने लंदन रैंकिंग में 721वां स्थान पाकर पाया डायमंड बैंड

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग लंदन की ग्रेजुएट आउटकम वर्ल्ड रैंकिंग 2024 में डायमंड बैंड प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय रैंकिंग में 3.75 अंकों के साथ 721वें स्थान पर रहा है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने इसे विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि बताई है। कुछ दिनों पहले ही विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ में भी अच्छा प्रदर्शन कर दो वर्गों में बैंड प्राप्त किया था। इसके अलावा नैक में ए डबल प्लस ग्रेडिंग भी प्राप्त कर चुका है और एडु रैंकिंग में भी बेहतर प्रदर्शन किया था। अलग-अलग रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन की वजह से विदेशी छात्र भी विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आगे आएंगे।

# आईवीएफ से बच्चा करने की बात पर प्रोफेसर दंपती में तकरार

बरेली कार्यालय

● शादी के चार साल बाद भी नहीं हुई संतान पति आईवीएफ से बच्चा करने के पक्ष में नहीं

**अमृत विचार :** शादी के करीब चार साल बाद बच्चा नहीं होने और बढ़ती उम्र को देखते हुए प्रोफेसर महिला काफी चिंतित हो गईं। उन्होंने प्रोफेसर पति से आईवीएफ के जरिए बच्चा करने की बात कही तो पति ने सहमति नहीं दी। परामर्श केंद्र में मामले में सुनवाई शुरू हो गई है।

मेरठ के 48 वर्षीय प्रोफेसर की शादी बरेली की 42 वर्षीय महिला प्रोफेसर से करीब चार साल पहले हुई थी। महिला बदायूं में तो पति अमरोहा में एक कॉलेज में प्रोफेसर हैं। शादी के चार साल बीतने के बाद भी बच्चा नहीं हुआ तो महिला प्रोफेसर आईवीएफ तकनीक से बच्चा करने की जिद पर अड़ गईं। महिला के पति को इस विधि पर भरोसा नहीं। दूसरी तरफ प्रोफेसर पति के मां-बाप नहीं हैं। भाई-भाभी ने ही उन्हें पढ़ा-लिखा कर बड़ा किया, इसलिए माता-पिता के समान मानते हुए प्रोफेसर ने उन्हें अपना नामिनी बना लिया है। वहीं, महिला एक तरफ बच्चा न होने व पति की प्रापर्टी में नामिनी न बनाए जाने से चिंतित हो गईं। इस मुद्दे पर उनके बीच विवाद हुआ। महिला प्रोफेसर ने परामर्श केंद्र में शिकायत कर दी। दूसरी तारीख पर मंगलवार को प्रोफेसर दंपती परामर्श केंद्र पहुंचे। जहां मुकदमे के डर से पति आईवीएफ से बच्चे कराने को राजी हो गए लेकिन पत्नी को नामिनी बनाने की बात पर चुप्पी साध ली। पति का कहना है वह बस इतना चाहते हैं कि पत्नी साथ रहे वें उसका ध्यान रखें।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता, द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन ,हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिंचाई विभाग, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के अन्तर्गत द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन के अन्तर्गत निम्नलिखित बागात की फलत बहार आम का नीलाम वर्ष 2024-25 (एक वर्ष) के लिये, जिसकी अवधि दिनांक 01.08.2024 से दिनांक 31.07.2025 तक रहेगी, दिनांक 02.09.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे द्वितीय उपखण्ड, निरीक्षण भवन बाईफरकेशन जनपद पीलीभीत में सार्वजनिक रूप से की जायेगी, जो व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, वो निश्चित समय व तिथि पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| क्0 सं0 | बागात का नाम | अग्रिम धरोहर धनराशि हेतु F.D.R. की राशि | फसल का नाम | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | निरीक्षण भवन बाईफरकेशन बाग | रू0 2000.00 | आम बाग | 02.09.2024 अपरान्ह 02.00 बजे |
| 2 | चूका बाग | रू0 2000.00 | आम बाग | |
| 3 | शाहगढ़ बाग | रू0 2000.00 | आम बाग | |
| 4 | चित्तरपुर बाग | रू0 1000.00 | आम बाग | |
| 5 | हरदोई शाखा किमी0 0.00 से 0.120 तक पटरी दॉयी पर स्थित बाग | रू0 1000.00 | आम व अमरूद बाग | |

**नीलामी शर्तें :-**

1. नीलामी बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को उपरोक्त विवरण के अनुसार धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बंधक हो, जमा करनी होगी, तभी टोकन नम्बर दिया जायेगा, टोकन नम्बर प्राप्त करने वाले बोलीदाता ही नीलामी में सम्मिलित होंगे तथा वे ही बोली बोलने के हकदार होंगे। नकद धनराशि किसी भी स्थिति में जमा नहीं की जायेगी।
2. कोई व्यक्ति किसी अन्य की ओर से बोली बोलने के लिये तब तक अनुज्ञता नहीं किया जायेगा, जब तक बोली लगाने के लिये उपस्थित व्यक्ति ने उस व्यक्ति से जिसकी ओर से बोली लगाना चाहता है, प्राधिकार प्राप्त न किया हो।
3. अधिकतम बोली बोलने वाले को अपनी अधिकतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्त होते ही तुरन्त एकमुश्त नकद जमा करनी होगी, अन्यथा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और द्वितीय व तृतीय उच्चतम बोलीदाता को अवसर प्रदान किया जायेगा।
4. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये नीलामी निरस्त करने तथा नीलामी की तिथि को निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
5. स्टाम्प शुल्क, जी0एस0टी0 व विभाग द्वारा अन्य कोई कर की देयता पारित की जाती है, तो वह बोलीकर्ता को अलग से वहन करनी होगी। इसके लिये कोई भी प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा स्वीकार नहीं होगी। स्टाम्प शुल्क रू0 70/- प्रति हजार की दर से नीलामी राशि पर देय होगा, जो नीलामीकर्ता को जमा करना होगा।
6. उपरोक्त बागात का निरीक्षण भली-भाँति ठेकेदार/नीलामी बोलीदाता बाग स्थल पर कर लेवें।
7. किसी प्रकार का मतभेद होने पर अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
8. नीलामी की अन्य शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।
9. वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप पूरे देश में चल रहा है। अतः नीलामी बोली में उपस्थित बोलीदाता मास्क लगाकर उपस्थित होंगे तथा सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करेंगे एवं मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रह सकेगा।

UP - 218492 दिनांक 17.08.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**सहायक अभियन्ता**
द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन
हैंड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बहेड़ी (बरेली)**

पत्रांक: 466-सी/लेखा/2024-25/टेण्डर पत्रा.
**निविदा सूचना**
दिनांक: 20.08.2024

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत बहेड़ी (बरेली) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्षेत्र पंचायत समिति के द्वारा अनुमोदित कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, 15 वां वित्त आयोग (टाईड / अनटाईड) योजनान्तर्गत निम्न विवरण अनुसार कार्य आईटम रेट पर A,B,C, एवं D श्रेणी के शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से कराने हेतु निविदा दिनांक 21.08.2024 से 03.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म खण्ड विकास अधिकारी बहेड़ी के कार्यालय से दिनांक 03.09.2024 तक क्रय किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि बिल ऑफ क्वान्टिटी का 02 प्रतिशत राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. जो खण्ड विकास अधिकारी बहेड़ी के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। जो वित्तीय बिड खण्ड (ख) के साथ संलग्न कर अलग लिफाफे में संलग्न करें। सीलबन्द निविदा विकास खण्ड के निविदा बॉक्स में दिनांक 04.09.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक डाले जा सकेंगे। डाले गये निविदा / टेण्डर खण्ड विकास अधिकारी, बहेड़ी के समक्ष निविदा समिति द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति में दिनांक 04.09.2024 को अपरान्ह 02:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम | माप | धनराशि जी.एस.टी. को छोड़कर | 02% धरोहर राशि | टेण्डर का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ग्राम बहादुरपुर के मजरा सैदपुर में रोड से भूपाल गंगवार के घर की ओर सी.सी. निर्माण | 156 मी. | 844222 | 16884 | 1000 | 3 माह |
| 02. | ग्राम फरदिया में मेन रोड से गुरूद्वारे की ओर सी.सी. निर्माण। | 143 मी. | 739810 | 14796 | 900 | 3 माह |
| 03. | ग्राम गिरधरपुर में सी.सी. रोड से होरी लाल अमीन के घर की ओर सी.सी. व नाली निर्माण | 79 मी. | 653570 | 13071 | 800 | 3 माह |
| 04. | ग्राम परशुरामपुर में रविन्द्र कुमार के घर से राम रतन सागर के घर की ओर सी.सी. व नाली निर्माण। | 143मी. | 846077 | 16922 | 1000 | 3 माह |
| 05. | ग्राम आखा में पी.डब्लू.डी. रोड से रपटपुल की ओर सी.सी. व नाली निर्माण। | 132 मी. | 846840 | 16917 | 1000 | 3 माह |
| 06. | ग्राम पंचायत भिलैईया के मजरा धिमरी में होली चौराहे से डोरी लाल के पूर्व दिशा से दुली राम के घर की ओर सी.सी. व नाली निर्माण। | 140 मी. | 586347 | 11727 | 700 | 3 माह |
| 07. | ग्राम डांडी अभयचन्द में अंगेज सिंह के खेत से खडंजे की ओर मि./खडंजा निर्माण। | 278x3 मी. | 506900 | 10138 | 700 | 3 माह |
| 08. | ग्राम पुन्नापुर के में मोड से गुरूदयाल सिंह के घर ओर नि./खडंजा निर्माण। | 394x3 मी. | 676903 | 13538 | 800 | 3 माह |
| 09. | ग्राम टांडाछगा के ग्राम चाचेट में डिग्री कॉलेज से रोड की ओर नि./खडंजा निर्माण | 394x3 मी. | 676903 | 13538 | 800 | 3 माह |
| 10. | ग्राम बुझिया में मास्टर जोगेन्द्र सिंह के घर से रोड की ओर मि./खडंजा निर्माण। | 330x3 मी. | 603416 | 12068 | 800 | 3 माह |
| 11. | ग्राम हरसूनगला के देवहरी में गुरमुख सिंह के घर से कुलवीर सिंह के घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण | 35 मी. | 230536 | 4611 | 400 | 3 माह |
| 12. | ग्राम सिमरा में बलवीर के घर से देवस्थान की ओर सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 121 मी. | 811176 | 16224 | 1000 | 3 माह |
| 13. | ग्राम नौली में सुधीश कुमार के घर से मंजू देवी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण। | 34 मी. | 129204 | 2584 | 400 | 3 माह |
| 14. | ग्राम हरसूनगला में खडंजे से कुलवन्त सिंह के घर की ओर सी.सी. रोड व नाली निर्माण। | 50 मी. | 326720 | 6534 | 400 | 3 माह |
| 15. | ग्राम पिंडारी अभयचन्द्र में सस्ता गल्ला दुकान से खंजन लाल के घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण। | 130 मी. | 600000 | 12000 | 700 | 3 माह |
| 16. | ग्राम भरौनी में विकास कुमार के घर से हरीराम के घर की ओर नाली व सी.सी. रोड निर्माण | 155 मी. | 989000 | 19700 | 1100 | 3 माह |
| 17. | ग्राम फिरोजपुर में ट्रांसफार्मर से प्रगट सिंह के घर की ओर सी.सी. रोड व नाली निर्माण। | 150 मी. | 900000 | 18000 | 1000 | 3 माह |
| 18. | ग्राम खगाईनागर में मेन रोड से गांव की ओर सी.सी. व नाली निर्माण | 170 मी. | 999900 | 19998 | 1100 | 3 माह |
| 19. | ग्राम ग्वारी में शंकर लाल के घर से ओम प्रकाश के घर की ओर सी.सी. रोड व नाली निर्माण | 150 मी. | 900000 | 18000 | 1000 | 3 माह |
| 20. | ग्राम इटौआपुरा में डेरा मंदिर के सामने शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण। | 01 नं. | 329300 | 6586 | 500 | 3 माह |
| 21. | ग्राम बाकोली में भमसेन मंदिर के निकट शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण। | 01 नं. | 329300 | 6586 | 500 | 3 माह |
| 22. | ग्राम भीकमपुर में शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण। | 01 नं. | 329300 | 6586 | 500 | 3 माह |
| 23. | ग्राम लखीमपुर में शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण। | 01 नं. | 329300 | 6586 | 500 | 3 माह |
| 24. | ग्राम तिलीजागीर के चाठो पिपलिया मंदिर के निकट शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण। | 01 नं. | 329300 | 6586 | 500 | 3 माह |
| 25. | ग्राम कचनपुर में शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण | 01 नं. | 329300 | 6586 | 500 | 3 माह |
| 26. | ग्राम मकसूदनपुर में व ग्राम नौगवां बडौरी में शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण। | 02 नं. | 658600 | 13172 | 800 | 3 माह |
| 27. | ग्राम टियूली में शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण। | 01 नं. | 329300 | 6586 | 500 | 3 माह |
| 28. | ग्राम जामखजूर में शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण। | 01 नं. | 329300 | 6586 | 500 | 3 माह |

**नियम व शर्तें:-**

1. जिस फर्म का टैण्डर स्वीकृत होगा, उस फर्म को अनुबन्ध के समय 03 प्रतिशत / 08 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करनी होगी अन्यथा धरोहर राशि 10 प्रतिशत से कम होने पर फर्म के बिलों से जमानत राशि काट ली जायेगी।
2. निविदा स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बहेड़ी में निहित होगा।
3. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायाल बरेली ही मान्य होगा।
4. निविदा भरते समय निविदा का प्रतिशत अंको के साथ शब्दों में भी अंकित किया जाये।
5. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न होने की दशा में निविदा / टैण्डर की धरोहर राशि जब्त कर निविदा निरस्त कर दी जायेगी। कार्य की गुणवत्ता उच्च कोटि की न होने पर जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। निर्माण कार्य का भुगतान धनराशि उपलब्ध होने पर ही किया सकेगा।

**मनोज बगरिया**
**खण्ड विकास अधिकारी, बहेड़ी (बरेली)**

## चलती ट्रेन से गिरी बेटी तो मां ने भी लगा दी छलांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार सुबह लालकुआं एक्सप्रेस प्लेटफार्म से चली। इंटरसिटी के इंतजार में खड़े यात्री भी उसमें सवार हो गए। लालकुआं एक्सप्रेस के जनरल कोच में भीड़ बढ़ गई। ट्रेन लोकोशेड पुल के पास पहुंची तो अचानक जनरल बोगी के गेट पर खड़ी युवती गिर गई। यह देख युवती की मां चलती ट्रेन से कूद गई। स्पीड धीमी थी, इसलिए मां-बेटी मामूली चोटिल हुईं। यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दोनों को पटरियों से उठाया। जिसके बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढ़कनी रजपुरी वि.खं. भुता, बरेली**

पत्रांक: लेखा/निविदा/वर्ष- 2024-25 दिनांक: 20.08.2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढ़कनी रजपुरी वि.ख. भुता जिला बरेली में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में सी.सी. कार्य व नाली निर्माण सामग्री आपूर्ति सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, ईंट, रोड़ा की आवश्यकता है जिस फर्म का टेन्डर सबसे कम दर का होगा। ग्राम पंचायत द्वारा उसी को स्वीकार किया जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| 01. | महेन्द्र के घर से तेजराम के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण | 3.98 लाख |
| 02. | चिरौंजी के घर से गंगा सहाय के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण | 3.93 लाख |

**श्री अजेय राघव** सचिव
**श्री नरेन्द्र कुमार** प्रधान

**पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदपुरा वि.क्षे. भदपुरा नवाबगंज, बरेली**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए./निर्माण/1634-46/2024-25 दिनांक 27.07.2024 के अनुपालन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदपुरा के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 23.08.2024 दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड व रू. 10,000/- जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रातः 9 से 10 बजे तक होगी। नीलामी की शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

**इतवारी लाल** (अध्यक्ष) पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदपुरा वि.क्षे. भदपुरा, नवाबगंज, बरेली
**राजेश कुमार मौर्य** (सचिव) पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदपुरा वि.क्षे. भदपुरा, नवाबगंज, बरेली

**कार्यालय ग्राम पंचायत दियोरिया अब्दुल्लागंज विकासखंड मीरगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत दियोरिया अब्दुल्लागंज की मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- ईट, बजरी, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत, रोड़ी, इंटरलॉकिंग व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | इस्लाम शाह के घर से गुच्छन के घर तक सीसी/इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 139475/- |
| 02. | शहामत के घर से छोटे के घर तक सीसी/नाली निर्माण कार्य | 176783/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 21/08/2024 से दिनांक 23/08/2024 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन सांय 4:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**जाकिर खां (प्रधान)** **विशाल कुमार (सचिव)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत धनेती खड़गपुर विकासखंड क्यारा (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धनेती खड़गपुर में मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस. एल. डब्ल्यू. एम, ओ. एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्ड वॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउंड्रीवॉल, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, त्रिनेत्र योजना के अंतर्गत सीसी टीवी कैमरे आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 27 अगस्त 2024 प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन दोपहर 12:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**राकेश (प्रधान)** **लवश्रेष्ठ (सचिव)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बिचराबाल किशनपुर विकासखंड क्यारा (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिचराबाल किशनपुर में मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस. एल. डब्ल्यू. एम, ओ. एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्ड वॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउंड्रीवॉल, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, त्रिनेत्र योजना के अंतर्गत सीसी टीवी कैमरे आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 27 अगस्त 2024 प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन दोपहर 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**राजवती (प्रधान)** **लवश्रेष्ठ (सचिव)**

**कार्यालय जलकल विभाग, नगर निगम, बरेली**

पत्रांक: 187/ज.क./अधि.अभि./2024-25 दिनांक: 20.08.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर निगम, बरेली द्वारा 15 वां वित्त आयोग के अन्तर्गत पाइप लाइन मरम्मत हेतु आवश्यक सामग्री (पी.वी.सी. पाइप व स्पेशल्स) की आपूर्ति तथा इण्डिया मार्क 11 हैण्डपम्पों की मरम्मत हेतु आवश्यक सामग्री (जैसे पैडस्टल, हैड बॉक्स, फ्रन्ट कवर आदि) की आपूर्ति हेतु अनुभवी फर्मो / निर्माता फर्म तथा अधिकृत विक्रेताओं से द्वि-बिड पद्धति के अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। शासनादेश सं. 3890/नौ-5-149 सा / 2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के क्रम में उक्त निविदा में नगर निगम बरेली में अपंजीकृत ठेकेदार भी प्रतिभाग कर सकते हैं। सर्वन्यून निविदादाता होने पर सम्बन्धित ठेकेदार को नगर निगम बरेली में पंजीकरण की अर्हता पूर्ण कराकर नगर निगम बरेली में पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। पंजीकरण की अर्हता सम्बन्धी विवरण/आवश्यक प्रपत्र की सूचना किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम कार्यालय के जलकल विभाग में देखी जा सकती है। ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट दिवस में नगर निगम कार्यालय के जलकल विभाग में देखी जा सकती है। ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट व http://etender.up.nic.in नगर निगम की वेबसाइट पर www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकता है। शासनादेश सं.- 4848/नौ-5-2018-470 सा/2018 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क + जी.एस.टी. ऑनलाइन आर.टी.जी.एस. के माध्यम से E-TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं. 3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड- PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कॉपी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगा एफ.डी.आर. महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्तें एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई-निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 22-08-2024- (02:30 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 22-08-2024- (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 30-08-2024- (03:00 PM) |
| टेक्नीकल बिड खोले जाने की तिथि / समय | 30-08-2024- (03:30 PM) |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता (जल)**
**नगर निगम, बरेली**

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्षणं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत् ॥

मन, वचन, और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अतः हमे सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

## संपादकीय

# सरकार की प्रतिबद्धता

केंद्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के लेटरल एंट्री भर्ती के विज्ञापन पर रोक लगा दी है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी से विज्ञापन रद करने को कहा ताकि कमजोर वर्गों को सरकारी सेवाओं में उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को दावा किया कि विपक्ष के विरोध के कारण सरकार 'लेटरल एंट्री' के मामले पर पीछे हटी है। कहा जा सकता है कि लेटरल एंट्री भर्ती को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। विपक्ष के अलावा एनडीए सरकार में शामिल चिराग पासवान ने भी इसका विरोध किया था। लेटरल एंट्री के निर्णय की इस आधार पर आलोचना की गई कि इसके जरिये होने वाली भर्तियों में एस, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। फैसला वापस लेने का कारण चाहे विपक्ष का विरोध हो या एनडीए में बिखराव की आशंका, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि लेटरल एंट्री के फैसले से विपक्ष को आरक्षण का मुद्दा मिल गया, जिसका इस्तेमाल वह हाल ही में होने वाले उपचुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करता।

हालांकि प्रत्येक लेटरल एंट्री की स्थिति को 'एकल पद' माना जाता है, इसलिए इसमें आरक्षण प्रणाली लागू नहीं होती है, जिससे आरक्षण के दिशा निर्देशों का पालन किए बिना ये नियुक्तियां की जा सकती हैं। यानि चूंकि ये पद विशेष हैं, ऐसे में इन पदों पर नियुक्तियों को लेकर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसी नौकरियां 1968 से दी जा रही हैं तो क्या अब आरक्षण पर अतार्किक कहानियां गढ़ी जा रही हैं। फिर भी किसी भी क्षेत्र में प्रतियोगिता की तरह लेटरल एंट्री का निर्णय भी लाभकारी है, लेकिन इसके लिए प्रवेश मानदंड, नौकरी की भूमिका, कर्मियों की संख्या और प्रशिक्षण पर सावधानी पूर्वक विचार करने की आवश्यकता होती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह सकारात्मक बदलाव लाए। यूपीएससी को लिखे पत्र के मुताबिक सरकार ने यह फैसला लेटरल एंट्री के व्यापक पुनर्मूल्यांकन के तहत लिया है। विशेष रूप से प्रधानमंत्री का भी विश्वास है कि लेटरल एंट्री हमारे संविधान में निहित समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के समान होनी चाहिए। लेटरल एंट्री वाले पदों की समीक्षा किए जाने की जरूरत है। यह करना सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण की दृष्टि से बेहतर होगा। सरकार ने लेटरल एंट्री के फैसले को फिलहाल वापस लेकर सार्वजनिक नौकरियों में सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उजागर किया है।

# मौसम पूर्वानुमान में अल-नीनो की भूमिका



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह तय है कि जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव के चलते मौसम अनियमित या चरम होते रहते हैं लेकिन असल में हमारे देश में मौसम की गति सात समुंदर पार निर्धारित होती है। मौसम में बदलाव की पहेली अभी भी अबुझ है और हमारे यहां कैसा मौसम होगा उसका निर्णय 'अल-नीनो' अथवा 'ला-नीना' प्रभाव पर निर्भर होता है।



भारत जैसे कृषि प्रधान देश के बेहतर जीडीपी वाला भविश्य असल में पेरू के समुद्र तट पर तय होता है। जाहिर है कि हमें इस दिशा में शोध को बढ़ावा देना ही होगा। आज जरूरत है कि भारत का मौसम विज्ञान विभाग अल-नीनो पर और गंभीरता से काम करे क्योंकि यह केवल मौसम ही नहीं स्वास्थ्य को भी प्रभावित करेगा। स्पेन के बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के शोधकर्ताओं का एक अध्ययन पीएलओएस नेगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है जिसके मुताबिक अल-नीनो की वजह से भारत में फिर हैजा फैल सकता है।

एपीईसी क्लाइमेट सेंटर (एपीसीसी) का दावा है कि सितंबर 2024 से फरवरी 2025 के दौरान ला नीना मौसम आने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि इन हालातों को एशिया खासकर भारत में अधिक बरसात लाने वाला माना जाता है। यदि यह अनुमान सही हुआ तो आने वाले दिनों में भारत में भारी बरसात हो सकती है। ला नीना और मॉनसून का संबंध वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। वैसे तो हर दो से सात साल में अल-नीनो और ला नीना की परिस्थितियां बनती हैं और इसका असर बरसात के रूप में दीखता है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक सन 1953 से 2023 के बीच कुल 22 ला नीना साल दर्ज किए गए हैं, जिसमें से सिर्फ दो बार यानी साल 1974 और 2000 के मॉनसून सीजन में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है, जबकि बाकी सालों के मॉनसून में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है। इससे पहले जून-जुलाई में इस साल भयंकर गर्मी ने अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, खराब मौसम के लिए अल-नीनो को जिम्मेदार माना जा रहा है। बीते कई हफ्तों से पूरा कश्मीर भीषण गर्मी का शिकार है। लेह हो या हिमाचल के उपरी हिस्से सभी जगह जम कर गर्मी हुई और इसका मूल कारक अल-नीनो को माना जा रहा है।

यह तय है कि जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव के चलते मौसम अनियमित या चरम होते रहते हैं लेकिन असल में हमारे देश में मौसम की गति सात समुंदर पार निर्धारित होती है। मौसम में बदलाव की पहेली अभी भी अबुझ है और हमारे यहां कैसा मौसम होगा उसका निर्णय 'अल-नीनो' अथवा 'ला-नीना' प्रभाव पर निर्भर होता है। प्रकृति रहस्यों से भरी है और इसके कई ऐसे पहलु हैं जो समूची सृष्टि को प्रभावित तो करते हैं लेकिन उनके पीछे के कारकों की खोज अभी अधूरी ही है और वे अभी भी किवदंतियों और तथ्यों के बच त्रिशंकु हैं। ऐसी ही एक घटना सन 1600 में पश्चिमी पेरू के समुद्र तट पर मछुआरों ने दर्ज की, जब क्रिसमस के आसपास सागर का जल स्तर असामान्य रूप से बढ़ता दिखा। इसी मौसमी बदलाव को स्पेनिश शब्द 'अल-नीनो' परिभाषित किया गया, जिसका अर्थ होता है- छोटा बच्चा या 'बाल-यीशु'। अल-नीनो असल में मध्य और पूर्व-मध्य भू-मध्यरेखीय समुद्री सतह के तापमान में नियमित अंतराल के बाद होने वाली वृद्धि है जबकि 'ला-नीना' इसके विपरीत अर्थात तापमान कम होने की मौसमी घटना को कहा जाता है। अल-नीना भी स्पेनिश भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है छोटी बच्ची।

दक्षिणी अमेरिका से भारत तक के मौसम में बदलाव के सबसे बड़े कारण अल-नीनो और अल नीना प्रभाव ही होते हैं। अल-नीनो का संबंध भारत व आस्ट्रेलिया में गरमी और सूखे से है, वहीं अल नीना के कारण अच्छे मानसून का वाहक है और इसे भारत के लिए वरदान कहा जा सकता है। भले ही भारत में इसका असर हो लेकिन अल-नीनो और अल नीना घटनाएं पेरू के तट (पूर्वी प्रशांत) और आस्ट्रेलिया के पूर्वी तट (पश्चिमी प्रशांत) पर घटित होती हैं। हवा की गति इन प्रभावों को दूर तक ले जाती हैं। यहां जानना जरूरी है कि भूमध्य रेखा पर समुद्र की सीधी किरणें पड़ती हैं। इस इलाके में पूरे 12 घंटे निर्बाध सूर्य के दर्शन होते हैं और इस तरह से सूर्य की ऊष्मा अधिक समय तक धरती की सतह पर रहती है। तभी भूमध्य क्षेत्र या मध्य प्रशांत इलाके में अधिक गर्मी पड़ती है व इससे समुद्र की सतह का तापमान प्रभावित रहता है। आम तौर पर सामान्य परिस्थिति में भूमध्यीय हवाएं पूर्व से पश्चिम (पछुआ) की ओर बहती हैं और गर्म हो चुके समुद्री जल को आस्ट्रेलिया के पूर्वी समुद्री तट की ओर बहा ले जाती हैं। गर्म पानी से भाप बनती है और उससे बादल बनते हैं व परिणामस्वरूप पूर्वी तट के आसपास अच्छी बरसात होती है। नमी से गर्म पछुआ हवाएं जब उपर उठती हैं तो उनकी नमी निकल जाती है और वे ठंडी हो जाती हैं। तब क्षोभ मंडल की पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली ठंडी हवाएं पेरू के समुद्री तट व उसके आसपास नीचे की ओर आती हैं। तभी आस्ट्रेलिया के समुद्र से उपर उठती गर्म हवाएं इससे टकराती हैं। इससे निर्मित चक्रवात को 'वॉकर चक्रवात' कहते हैं। असल में इसकी खेज सर गिल्बर्ट वॉकर ने की थी।

अल-नीनो परिस्थिति में पछुआ हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं व समुद्र का गर्म पानी लौट कर पेरू के तटो पर एकत्र हो जाता है। इस तरह समुद्र का जल स्तर 90 सेंटीमीटर तक ऊंचा हो जाता है व इसके परिणामस्वरूप वाष्पीकरण होता है व इससे बरसात वाले बादल निर्मित होते हैं। इससे पेरू में तो भारी बरसात होती है लेकिन मानसूनी हवाओं पर इसके विपरीत प्रभाव के चलते आस्ट्रेलिया से भारत तक सूखा हो जाता है।

ला नीनो प्रभाव के दौरान भूमध्य क्षेत्र में सामान्यतया पूर्व से पश्चिम की तरफ चलने वाली अंधड़ हवाएं पेरू के समुद्री तट के गर्म पानी को आस्ट्रेलिया की तरफ ढकेलती है। इससे पेरू के समुद्री तट पर पानी का स्तर बहुत नीचे आ जाता है, जिससे समुद्र की गहराई का ठंडा पानी थोड़े से गर्म पानी को प्रतिस्थापित कर देता है। यह वह काल होता है जब पेरू के मछुआरे खूब कमाते हैं। भारतीय मौसम विभाग के यह वह काल होता है जब पेरू के मछुआरे खूब कमाते हैं। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक कोविड काल भारत के मौसम के लिहाज से बहुत अच्छा रहा और यह 'ला नीना' का दौर था। लेकिन अभी तक यह रहस्य नहीं सुलझाया जा सका है कि आने वाले दिन हमारे लिए 'बाल-यीशु' वाले हैं या 'छोटी बच्ची' वाले।

भारत जैसे कृषि प्रधान देश के बेहतर जीडीपी वाला भविश्य असल में पेरू के समुद्र तट पर तय होता है। जाहिर है कि हमें इस दिशा में शोध को बढ़ावा देना ही होगा। आज जरूरत है कि भारत का मौसम विज्ञान विभाग अल-नीनो पर और गंभीरता से काम करे क्योंकि यह केवल मौसम ही नहीं स्वास्थ्य को भी प्रभावित करेगा। स्पेन के बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के शोधकर्ताओं का एक अध्ययन पीएलओएस नेगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है जिसके मुताबिक अल-नीनो की वजह से भारत में फिर हैजा फैल सकता है। इस घटना की वजह से असामान्य तापमान और वर्षा जैसी जलवायु में बदलाव हुआ, जो सीधे तौर पर हैजा बीमारी के प्रसार के लिए सबसे अनुकूल वातावरण है। हमारे मौसम विभाग के अधिकांश पूर्वानुमान गलत साबित होने का कारण भी यही है कि हम अभी अन-नीनो असर पर गंभीरता से काम नहीं कर रहे हैं।

## प्रसंगवश

# लुटिया



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बहुधा छोटे आकार प्रकार की चीजें बड़ा महत्व रखती हैं। मंत्र आकार में छोटा ही होता है किन्तु उसके वश में देवता हो जाते हैं। बीज मंत्र तो एक ही अक्षर का होता है। यहां बात करते हैं बर्तनों की। एक से एक बड़े बर्तन होते हैं, किंतु जो महत्व छोटी सी लुटिया का है, वह अन्य का नहीं। यह शुभ से लेकर अशुभ कामों तक और रोजमर्रा से लेकर साहित्य तक छाई है। शपथ पूर्वक कोई बात कहनी हो, तो कहा जाता है 'लुटिया उठाकर कहो'। दरअसल तब वह गंगाजली मान्य हो जाती है, क्योकि गांवों में हर समय गंगाजल से भरा पात्र तो उपलब्ध नहीं होता है, अतः पानी भरी लुटिया ही उसके समकक्ष मान ली जाती है। यही नहीं मृत्युपरांत किए जाने वाले कर्मकांड में जो स्वजन ऐसा करता है, उसे 'लुटिया साधना' कहते हैं। वह एक लुटिया पकड़े रहता है, और तेरह दिन किसी को छूता नहीं है। अंतिम दिन जो दान पुण्य किया जाता है, उसमें एक लुटिया और एक धोती जरूर होती है। किसी का किसी मामले में बंटाढार हो जाय तो कहते हैं, 'लुटिया डूब गई'। सत्यनारायण की कथा या सत्संग हो रहा हो, तो अंत में भगवान की जय बोली जाती है। उसमें यह धमकी भी रहती है कि जो ऐसा न बोलेगा, उसका सबकुछ चला जायगा। वहां भी सबकुछ का पर्यायवाची 'लुटिया थारी' ही है, यथा- 'बोलो राजा रामचंद्र की जै। जो न बोलै ओहि की लुटिया थारी गै'। साहित्यकार अन्नपूर्णानंद वर्मा ने एक बड़ी मनोरंजक कहानी लिखी है 'अकबरी लोटा'। यानी उन्होंने लोटे को ही शीर्षक बनाया, हण्डा या परात को नहीं। इसी तरह पारसनाथ सरस्वती ने एक अच्छा कहानी संग्रह सृजित किया है-'एक लोटा पानी'। इसमें 24 सुंदर कहानियां हैं, एक कहानी 'एक लोटा पानी' भी है। पुस्तक का नाम इसी कहानी के नाम पर रक्खा गया है। बड़े साहित्यकारों के आपसी विनोदात्मक संवादों में भी लोटा विद्यमान है। एक बार गोस्वामी तुलसीदास गंगा स्नान हेतु घाट पर थे। उनके पास लोटा था। तब तक उनके मित्र कवि होलकर राय भी स्नानार्थ वहां आ गए। उन्हें भी लोटे की जरूरत थी। तुलसी समझ गए और अपना लोटा उनकी ओर बढ़ाया। यह देख होलकर जी बोले,' लोटा तुलसीदास को लाख टका को मोल' सुनते ही तुलसी बाबा ने तपाक से उत्तर दिया, 'मोल तोल कछु है नहीं लेव राय कवि होल'। और फिर दोनों विभूतियों ने श्रद्धापूर्वक उसी लोटे का उपयोग करके स्नान किया।

# भारत के बिना दक्षिण एशिया का विकास संभव नहीं



प्रमोद जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

इस क्षेत्र का सबसे शांत देश भूटान सामरिक, विदेशी और आर्थिक, लगभग तमाम मामलों में भारत पर निर्भर है, उसने भी अकेले अपने दम पर चीन के साथ सीमा पर बातचीत शुरू कर दी है।

2014 में नरेंद्र मोदी ने जब पहली बार भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी तो उन्होंने पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्षों को भारत आने का न्योता देकर चौंकाया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ भी उसमें शामिल हुए थे। मोदी सरकार पहले दिन से कहती रही है कि भारत की विदेश नीति में पड़ोसी देशों को सबसे ज्यादा महत्व मिलेगा। इसे 'नेबरहुड फ़र्स्ट' का नाम दिया गया है। मतलब यह कि दूर के देशों की तुलना में भारत, पड़ोसी देशों को ज्यादा अहमियत देगा।

प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का नेपाल (अगस्त, 2014), श्रीलंका (मार्च, 2015) और बांग्लादेश (जून, 2015) में गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। पाकिस्तान के साथ भी कुछ समय तक यह गर्मजोशी रही, पर जनवरी 2016 में पठानकोट हमले के बाद वह बात खत्म हो गई और फरवरी 2019में पुलवामा और बालाकोट जैसी घटनाओं के बाद बड़े युद्ध की आशंकाओं ने जन्म भी दिया। अगस्त, 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370की वापसी ने दोनों देशों के रिश्तों को ऐसा सीलबंद किया है कि उसके खुलने का अबतक इंतज़ार है। पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते बंद ही कर रखे हैं।

भारी आर्थिक संकट के दौर में भारत ने श्रीलंका की काफी मदद की थी, वहां की सरकार ने भी दिल्ली की टेढ़ी निगाहों को नज़रंदाज़ किया और चीन के जासूसी जहाज को अपने बंदरगाह पर लंगर डालने की अनुमति दी थी। ऐसा ही मालदीव में हुआ, जहां 'इंडिया आउट' जैसा अभियान चला। इस आंदोलन के सहारे भारत-समर्थक सरकार को सत्ता से हटा कर राष्ट्रपति बने मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों को हटाया और चीनी जासूसी जहाज को लंगर डालने की अनुमति दी, जबकि श्रीलंका तक ने उस जहाज को आने से रोक दिया है।नेपाल में नए संविधान को लागू करने के दौरान भारत के मौन समर्थन से चलाए गए 'आर्थिक नाकेबंदी' कार्यक्रम को लेकर जो बदमज़गी पैदा हुई थी, वह दोनों देशों की सीमा को लेकर विवाद में बदल चुकी है। नेपाल ने अपने नए आधिकारिक नक्शे के रूप में उस कड़वाहट को स्थायी रूप दे दिया है। इस क्षेत्र का सबसे शांत देश भूटान सामरिक, विदेशी और आर्थिक, लगभग तमाम मामलों में भारत पर निर्भर है, उसने भी अकेले अपने दम पर चीन के साथ सीमा पर बातचीत शुरू कर दी है। केवल बातचीत ही शुरू नहीं की है, बल्कि राजनयिक स्तर पर रिश्ते बनाने की शुरुआत भी कर दी है। हसीना का पराभव इतने देशों के साथ कड़वाहट के बावजूद भारत-बांग्लादेश रिश्ते बेहतर स्थिति में थे। अब वहां शेख हसीना को अपदस्थ होना पड़ा है और वहां ऐसी राजनीतिक शक्तियां सक्रिय हो गई हैं, जिन्हें भारत का मित्र नहीं कहा जा सकता।

क्या यह बात भारत की विदेश नीति के दोषों की ओर इशारा कर रही है या ऐसी वैश्विक-परिस्थितियों की ओर इशारा कर रही हैं, जिनमें चीन-अमेरिका और यूरोपीय देशों की भूमिका है? या यह मानें कि दक्षिण एशिया के सामाजिक-सांस्कृतिक इतिहास और इस क्षेत्र की भू-राजनीतिक संरचना के कारण इस इलाके के देश भारत की केंद्रीयता को स्वीकार करने में हिचकते हैं? पहले यह स्वीकार करना होगा कि दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे कम एकीकृत क्षेत्र है। यहां एक देश से दूसरे देश में आवाजाही या अंतर्राष्ट्रीय सीमा संबंध जितने कठिन और जटिल हैं, उतना दुनिया के किसी और इलाक़े में नहीं हैं।

भारत के पड़ोस के राजनीतिक माहौल पर एक नज़र डालें। 2021में म्यांमार और अफगानिस्तान में सत्ता परिवर्तन हुए। 2022में पाकिस्तान में इमरान सरकार का पराभव हुआ। उसी साल श्रीलंका में भीड़ ने राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षा को भागने को मज़बूर किया। 2023में मालदीव में सत्ता परिवर्तन हुआ। नेपाल में लगातार राजनीतिक अस्थिरता चल रही है। और अब बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ है। यह सब शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित लोकतांत्रिक तरीके से हुआ होता, तब अलग बात थी। इस बात का श्रेय भारत को मिलना चाहिए, जिसने इस इलाके में अराजकता को फैलने से रोक रखा है।

कुछ पर्यवेक्षकों को लगता है कि भारत को चीन के साथ मिलकर अपने पड़ोस के साथ रिश्ते बेहतर बनाने चाहिए। शायद मोदी सरकार का पहला इरादा ऐसा ही था, पर 2020के गलवान प्रकरण के बाद इस रास्ते पर बढ़ना देश की आंतरिक राजनीति के दृष्टिकोण से व्यावहारिक नहीं रहा। दक्षिण एशिया का आर्थिक और लोकतांत्रिक विकास तभी संभव है, जब भारत की केंद्रीयता को स्वीकार किया जाएगा। यदि भारत के विरुद्ध चीनी-पाकिस्तानी कार्ड खेले जाते रहेंगे। तब तक इस इलाके में स्थिरता आ भी नहीं पाएगी। यह बात पड़ोसी देशों की समझ में भी आनी चाहिए।

## सोशल फोरम

# हम ऐसे नहीं थे



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

हम ऐसे नहीं थे, जैसे कि अभी हैं। कुछ न कुछ चूक तो हुई है जरूर। हमें पता नहीं। हम लड़ाई-झगड़े करते थे, काटाकूटी भी कभी-कभी। फिर भी ऐसी गाढ़ी नफरत कभी न हुई। सुबह हुई तो एक-दूसरे की आंखें लाल देख समझ जाते थे पूरी रात रोते हम दोनों ने गुजारी है। संगीत साझी किया, साहित्य साझी किया इस तरह कि कोई अलगा ही न सके। कितना कुछ किया बुजुर्गों ने। अब हमें चाहिए, अपना गजवाये हिंद। कब, कैसे दिक्कत होने लगी इस देश को जैसा है वैसा रहने देने से? पता ही नहीं चला।

अब तो हमारा चूल्हा अलग जलना ही चाहिए। दस लाख मौतें 1947 में न सिखा सकीं तो दोष हमारा नहीं? तब ही समझ गए होते ? गांधी और जिन्ना किस बात के महान थे, न हम सबको पहचान पाए और न भविष्य को। बस, दोनों की चाह पूरी हुई- राष्ट्रपिता और कायदे आजम बनने की। अब हमको हिंदू राष्ट्र बनने और गजवाये हिंद करने दो! हमारी यही चाह है। कुछ तो चूक हुई है आखिर हम बार-बार 1947 में ही क्यों और कैसे पहुंच जा रहे हैं? वही वक्त था या और पहले? गांधी गलत थे या जिन्ना अथवा दोनों? पहिया राजनीति का ही दलदल में धंसा और धंसता ही चला गया। आज तक निकला ही नहीं। पहले तो ऐसे बुजुर्ग थे हमारे जो मौलवियों और पंडितों से ज्यादा धर्म और इतिहास जानते थे, समझते थे। अब हमें पता ही नहीं चला कि कब हमने धर्म की रूह को जला दिया, दफन कर दिया और उसकी खाल पहन ली। हम भारतीय नहीं हिंदू-मुस्लिम हो गए। ठीक अपने-अपने धर्म वाली खाल की पोशाक पहन। गांधी के नंगे बदन वाले भारतीय से ज्यादा खूबसूरत, ज्यादा मोहक। तलवारें तो पहले से थीं ही, कुछ उधार मिल गई। कत्ल के बाद लाशें नहीं रहतीं मगर तलवारें रह जाती हैं- अगले कत्ल के लिए। मैं बेबस, अकेला हाथ में कलम लिए क्या करूं? सिसकने के लिए किसका कंधा ढूंढू? हमारा अंत प्रेमचंद के शतरंज के उन दो खिलाड़ियों की तरह ही होगा जहां हम दोनों की लाशें इबाबतगाह के फर्श पर पड़ी होगी और विदेशी साम्राज्य का लाव-लश्कर धीरे-धीरे शहर के अंदर प्रवेश कर रहा होगा।

-फेसबुक वॉल से

# प्रतियोगी परीक्षा के नियमों के प्रति सजग रहें परीक्षार्थी



आलोक तिवारी
लखनऊ

अधिकतर परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका का प्रारम्भ ॐ गणेशाय नमः या सथिया बनाकर करते हैं, जो वर्जित है अतः अपनी उत्तर पुस्तिका मैं किसी भी प्रकार के धार्मिक चिन्ह, धार्मिक नारे न लिखे।

स्वतंत्र भारत के इतिहास मैं शायद यह पहली और अनूठी घटना होगी कि एक परीक्षार्थी के प्रश्न के उत्तर के अंत में जय हिंद लिख देने से उसके उत्तर को अमान्य कर दिया गया हो। कल्पना एक उम्मीदवार थी जो तमिलनाडु पब्लिक सर्विस कमीशन (टीएनपीएससी ) की प्राथमिक परीक्षा पास करने के बाद तमिलनाडु पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा में भाग ले रही थी। उस परीक्षा के निबंध विषय के प्रश्न पत्र में एक प्रश्न था: "प्राकृतिक संसाधनों के महत्व और संरक्षण पर विस्तृत विवरण लिखें।" कल्पना ने प्रश्न का विस्तृत उत्तर दिया और अपने उत्तर की समाप्ति के पश्चात लिखा "जय हिंद, हम प्रकृति के साथ एकजुट रहें"।

परीक्षाफल घोषित होने पर अंक सूची से उसे ज्ञात हुआ कि उसे 184 अंक मिले है जबकि अंतिम अहर्ता अंक 190 है और मात्र 6 अंको से वह पीछे रह गई थी। उसने आयोग अपने सारे उत्तरों के अंकों का ब्योरा मांगा तब उसे पता लगा कि निबंध विषय के उसके उत्तर को आयोग द्वारा जांचा ही नहीं गया था । सूचना आयोग के निर्देशों पर तमिलनाडु पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा अंकों का ब्योरा दिया गया तब उसे ज्ञात हुआ कि इंटरव्यू में उसे 40में से 24 अंक मिले है परंतु निबंध विषयमें कल्पना को कोई अंक नहीं दिए गए थे क्योंकि उत्तर को अमान्य घोषित किया, क्योंकि उनके अनुसार उसने उत्तर के अंत में "जय हिंद, हम प्राकृति के साथ एकजुट रहें" वाक्य लिखा था, जो प्रश्न से संबंधित नहीं था।

तमिलनाडु आयोग ने अदालत में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उम्मीदवारों को अपने उत्तर में अप्रासंगिक नहीं लिखना चाहिए। किसी भी प्रकार की असंगत टिप्पणी या कोई अपील या कोई निशान भी नहीं प्रकट करना चाहिए। मदुरई हाईकोर्ट के जस्टीस बट्टु देवानन्द ने 6 नवंबर 2023 को कल्पना के पक्ष में फैसला सुनाते हुये कहा कि जय हिंद का अर्थ है भारत कि जय हो और इस नारे का सबसे पहले प्रयोग क्रांतिकारी चम्पक नारायण ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध किया था और बाद मैं इसी जय हिंद नारे को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज के अपने सिपाहियों के मन में जोश भरने के लिए किया था।

जस्टिस बट्टु ने अपने आगे के निर्णय मैं लिखा कि कोई भी छात्र जब राष्ट्र के प्राकृतिक संसाधनों के महत्व और संरक्षण पर निबंध लिख रहा होगा वह स्वयं को राष्ट्र से जोड़कर देखेगा। राष्ट्र के प्राकृतिक संसाधनों और उनके प्रयोग से संबंधित विषय पर उसमे देशभक्ति की भावना जागृत होगी साथ ही भविष्य की आने वाली देश की पीढ़ियों के लिए `जयहिंद` आइए हम सब प्रकृति के साथ मिलकर रहें, लिखना एक स्वतः स्फूर्त देश प्रेम भावना है और इसे किसी भी प्रकार से अनुचित टिप्पणी या विषय से असंबद्ध नहीं कहा जा सकता। अदालत ने छात्रा कल्पना की उत्तर पुस्तिका को जांच कर अंक देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इन अंकों के साथ उसकी नियुक्ति मेरिट के आधार पर जहां आ रही हो वहां की जाए।

यहां सभी छात्रों को एक बात समझनी होगी कि कल्पना ने जो उत्तर लिखा था उसे उस पर पूरा आत्मविश्वास था और इसलिए उसने 2016 से अपनी लड़ाई जारी रखी और उसे न्याय 2023 में प्राप्त हुआ। परंतु हमारे देश मैं ऐसे बहुत से बच्चे हैं जो प्रतियोगी परीक्षाओं में अपने ज्ञान और लिखे गए उत्तर के प्रति आत्मविश्वास नहीं रख पाते और न ही अपनी असफलता के कारणों का पता करते है और न ही कहीं शिकायत या अपील करते हैं।

आयोग द्वारा न्यायालय में रखे गए निर्देशों का प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्र ध्यान रखें ताकि वे इस प्रकार की गलतियों की पुनरावृत्ति न करें । उत्तर पुस्तिका न जांचे जाने के आयोग द्वारा बताए गए कारण :- परीक्षार्थीयों को नीले या काले पेन (बाल पेन, फाउंटेन पेन ये जेल पेन ) किसी एक का प्रयोग करना चाहिए। दूसरे रंग या पेन का प्रयोग उसके उत्तर को अमान्य कर सकता है।

उत्तर पुस्तिका मैं किसी भी स्थान पर व्हाइटनर (सफेदा ), स्केच्च पेन या कलर पेंसिल का प्रयोग न करें उत्तर या वाक्य गलत हो जाने पर उसे एक सीधी लाइन से काटकर पुनः सही उत्तर लिखे। अपने रोल नंबर को दिए गए नियत स्थान पर ही लिखे इसके अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका के अंत में या अन्य किसी स्थान पर अपना रोल नंबर न लिखें।

अधिकतर परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका का प्रारम्भ ॐ गणेशाय नमः या सथिया बनाकर करते हैं, जो वर्जित है अतः अपनी उत्तर पुस्तिका मैं किसी भी प्रकार के धार्मिक चिन्ह, धार्मिक नारे न लिखे। उत्तर पुस्तिका में दिए गए नियत स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य जगह पर अपना नाम, हस्ताक्षर, पता या फोन नंबर न लिखें। उत्तर पुस्तिका में परीक्षक से कोई अपील या प्रार्थना करने वाले वाक्य न लिखें। उत्तर पुस्तिका में किसी भी स्थान पर उत्तर के अतिरिक्त कुछ भी लिखना या ऐसा लिखना जो उत्तर से संबंधित न हो परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका को अमान्य घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण होता है।

# कुछ पल बिताएं बुजुर्गों के संग



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस का इतिहास 1988 से शुरू होता है इसकी आधिकारिक रूप से घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने की थी। 1991 से 21 अगस्त वरिष्ठ नागरिक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने जीवन में दी गई सेवाओं, उपलब्धियों और समर्पण के लिए उनका जश्न मनाने और उनकी सराहना करने का एक अवसर है।

खासकर इसलिए क्योंकि हमारी कई परंपराएं बड़े होने के दौरान उनके द्वारा निर्धारित की गई थीं। आज अपने परिवार की परंपराओं को फिर से बनाने के लिए समय निकालें और अपने दादा-दादी और अपने परिवार के अन्य बुजुर्गों को भी इसमें शामिल करना सुनिश्चित करें। यह वो समय है जब बुजुर्ग एकाकी जीवन जीने को मजबूर हैं। देश के बुजुर्गों के साथ होने वाले अपराध की संख्या भी बहुत ज्यादा है। ऐसे में इनके विशेष देखभाल की जरूरत है। एक सर्वे के अनुसार हमारे देश में लगभग 24 प्रतिशत बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं यानि हर चौथा बुजुर्ग अकेले रह रहा है। बुजुर्गों की समस्याएं भी लगातार बढ़ रही हैं। उपभोक्तावादी युग में जहां महानगरीय संस्कृति के चलन से नैतिक मूल्यों में गिरावट हो रही है। वहीं युवा पीढ़ी की सोच में आए परिवर्तन और महंगाई की मार से बुजुर्ग सर्वाधिक उपेक्षित महसूस हो रहे हैं।

वरिष्ठ नागरिक बनना जीवन का सत्य है, युवा पीढ़ी को इस बात को अच्छी तरह समझ कर बुजुर्गों का मान सम्मान करना चाहिए जिसके वो वास्तविक रूप से अधिकारी भी हैं। दिन में कुछ पल जरूर बिताए अपने बुजुर्गों के साथ।

## पिता ने चाकू से गोद कर की पुत्र की हत्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना पटरंगा के ग्राम रमई इंदारा गांव में पिता ने रक्षाबंधन के दिन देर रात इकलौते पुत्र के गले पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया कि थाना क्षेत्र पटरंगा के राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे रमई का इंदारा मजरे रानीमऊ निवासी रिंकू रावत(35) पुत्र जगदीश रावत रक्षाबंधन की शाम बहनों से राखी बंधवाने के लिए अपने घर दरियाबाद से आया था। दोनों बहनों ने उसे राखी बांधी। रात करीब नौ बजे मां जानकी ने सबको खाना खाने के लिए कहा, लेकिन इकलौता बेटा रिंकू अपनी पत्नी व पांचों बच्चों को लेकर आबादी के मकान में सोने के लिए जाने लगा। इसी बीच किसी बात को लेकर पत्नी पर नाराज हो उसे मारने लगा।बहू की चीख पुकार पर सास जानकी उसे बचाने पहुंची। नशे में धुत्त रिंकू ने अपनी मां को भी पीट दिया। यह सब देख नशे में धुत्त पिता जगदीश ने अपने इकलौते बेटे के गले पर चाकू से कई वार कर दिये। परिजन व पुलिस उसे सीएचसी मवई ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सिपाही भर्ती परीक्षा:एसटीएफ के रडार पर 1,541 अपराधी

- परीक्षा की मुख्यमंत्री योगी कर रहे निगरानी, प्रतिदिन की जा रही है समीक्षा
- पुलिस विभाग में 60,244 रिक्त पदों पर चयन के लिए 1174 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

## 67 जिलों में 23 से 25 और 30 व 31 को आयोजित की जाएगी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार :** योगी सरकार ने पुलिस विभाग में सिपाही भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। 60,244 पदों पर चयन के लिए होने वाली परीक्षा 67 जिलों में 23 से 25 अगस्त और 30, 31 अगस्त को आयोजित होगी। परीक्षा को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत पुलिस और एसटीएफ 1500 से अधिक ऐसे अपराधियों पर लगातार नजर रख रही है, जो पिछले 12 वर्षों से पेपर लीक और सॉल्वर गैंग जैसी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं।

परीक्षा को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए अब तक 48 लाख अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन कराया जा चुका है। इसके अलावा 20 हजार संदिग्ध अभ्यर्थियों के सत्यापन के लिए परीक्षा केंद्र पर ही ईकेवाईसी की व्यवस्था की जा रही है। वहीं 23 अगस्त को होने वाली परीक्षा के लिए मंगलवार से उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जाने संबंधी कार्य शुरू हो गया है। अभ्यर्थी अपनी परीक्षा के तीन दिन पहले एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप परीक्षा की शुचिता को बरकरार रखने के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रदेश के 67 जिलों में परीक्षा के लिए 1174 केंद्र बनाए गए हैं, जो सभी शहर में ही स्थित हैंसभी पिछले 25 दिनों से लगातार बोर्ड के संपर्क में हैं। इसके अलावा बोर्ड की ओर से हर जिले में ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। इनमें एसपी, एएसपी और डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। बताया गया कि 20 हजार संदिग्ध अभ्यर्थी पाए गए हैं। इन सभी को परीक्षा के दिन केंद्र पर सप्लीमेंट्री कागज (पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट) के साथ ढाई घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। इन सभी का परीक्षा केंद्र पर ईकेवाईसी किया जाएगा। इसके बाद ही इन्हें परीक्षा की अनुमति दी जाएगी। इन सभी अभ्यर्थियों की परीक्षा के बाद स्कूटनी भी की जाएगी।

### परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए पिछले 20 दिनों से पुलिस और एसटीएफ 1,541 ऐसे अपराधियों पर लगातार नजर रख रही है, जो पिछले 12 वर्षों से पेपर लीक और सॉल्वर गैंग जैसी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। इन सभी अपराधियों की लिस्ट पुलिस और एसटीएफ को बोर्ड की ओर से मुहैया करायी गई है। इसके अलावा पिछले कुछ दिनों से टेलीग्राम के करीब 10 चैनल पर सक्रिय ठगी के गिरोह की जानकारी भी एसटीएफ और पुलिस से साझा की गयी है, ताकि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। बोर्ड की ओर से अभ्यर्थियों को इन ठगों से सावधान रहने के लिए वेबसाइट और सोशल मीडिया के जरिये अलर्ट किया जा रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी की ओर से अभ्यर्थियों को कई तरह की सहूलियतें भी दी गयी हैं। इसके तहत किसी भी अभ्यर्थी से यूपी रोडवेज की बसों में किराया नहीं लिया जाएगा। उनका एडमिट कार्ड ही उनका टिकट होगा। इसके लिए उन्हें अपने एडमिट कार्ड की छायाप्रति कंडक्टर को देनी होगी। इसके अलावा सरकार की ओर से पहली बार परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के टाइम मैनेजमेंट के लिए परीक्षा केंद्र के सभी 17 हजार कमरों में दीवार घड़ी लगायी गयी है।

## ज्योतिषी रमेश तिवारी हत्याकांड में 12 लोगों को उम्र कैद

**जौनपुर, एजेंसी :** जौनपुर की एक अदालत ने ज्योतिषी रमेश तिवारी की हत्या के मामले में 12 आरोपियों को दोषी करार देते हुए मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। तिवारी को समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और उनके परिवार का करीबी माना जाता था। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र पांडेय ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के ज्योतिषी रहे रमेश चन्द्र तिवारी की 2012 में सरपतहां के ऊंचगांव में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) रूपाली सक्सेना ने शूटर विपुल समेत 12 आरोपियों को दोषी करार दिया और उन्हें आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई। पांडेय ने बताया कि 15 नवंबर 2012 की सुबह ऊंचगांव में ज्योतिषी रमेश चन्द्र तिवारी की उनके घर में घुसकर पुलिस की वर्दी पहने दो बदमाशों ने हत्या कर दी थी।

## आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक बालकृष्ण का निधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री समेत तमाम शीर्ष नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख एवं अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक बालकृष्ण त्रिपाठी का मंगलवार की सुबह लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान में निधन हो गया। वह करीब 88 साल के थे। उन्हें स्वास्थ्य खराब होने पर शुक्रवार को भर्ती कराया गया था। अंतिम संस्कार कानपुर के भैरव घाट पर होगा।

निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को भारती भवन में सुबह 7:30 से 10 बजे तक अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। जहां तमाम लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक, पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख और अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक बालकृष्ण का निधन अत्यंत दुःखद है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बालकृष्ण के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बालकृष्ण का जन्म पांच मार्च 1937 को कानपुर देहात के शिवराजपुर ब्लॉक के कंठीपुर गांव में हुआ था। वे परिवार में पांच भाइयों में दूसरे क्रम पर थे। उन्होंने 1962 में नौकरी छोड़कर संघ के प्रचारक के रूप में काम करना शुरू किया। आपातकाल के दौरान उन्होंने कानपुर में भूमिगत रहकर संघ की गतिविधियों को संचालित किया और समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान दिया।

# 4 नए आईएएस अफसरों की हुई तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने 2022 बैच के 14 आईएएस अधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी को अलग-अलग जिलों में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में तैनाती की है।

जिन अधिकारियों को तैनाती मिली है उनमें उत्कर्ष द्विवेदी को सोनभद्र का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है। अभिनव जे जैन मथुरा के संयुक्त मजिस्ट्रेट होंगे। सुनील कुमार धनवंता संयुक्त मजिस्ट्रेट आजमगढ़ बनाए गए हैं। उत्सव आनंद को संयुक्त मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर बनाया गया है। रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड को गाजीपुर का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है। प्रफुल्ल कुमार शर्मा संयुक्त मजिस्ट्रेट रायबरेली बनाए गए हैं।

आईएएस राममोहन मीना को मुरादाबाद में संयुक्त मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी मिली है। इसी तरह आलोक प्रसाद को संयुक्त मजिस्ट्रेट बहराइच बनाया गया है। जौनपुर का संयुक्त मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ को बनाया गया है। वहीं, नेहा ब्याडवाल संयुक्त मजिस्ट्रेट जालौन बनाई गयी हैं। पूजा साहू को चित्रकूट का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है। दीक्षा जोशी हरदोई की संयुक्त मजिस्ट्रेट बनी हैं। गामिनी सिंगला को संयुक्त मजिस्ट्रेट सुल्तानपुर बनाया गया है। श्रुति शर्मा को देवरिया का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

### मुरादाबाद के कमिश्नर की एक साल बढ़ी प्रतिनियुक्ति

लखनऊ। मुरादाबाद के कमिश्नर आईएएस आंजनेय कुमार सिंह की राज्य में प्रतिनियुक्ति एक वर्ष के लिए बढ़ाई गई है। राज्य सरकार के अनुरोध पर केंद्र ने सिक्किम कैडर के 2005 बैच के आईएएस आंजनेय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति बढ़ाने को मंजूरी दी गई है। वे राज्य के मऊ जिले के सलाहाबाद गांव के निवासी हैं। सपा शासनकाल में 16 फरवरी 2015 को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर यहां आए। बाद में रामपुर का जिलाधिकारी रहते पूर्व मंत्री आजम खां के साम्राज्य को ध्वस्त करने से लेकर उन्हें जेल भिजवाने में अहम भूमिका रही।

## सार-संक्षेप

### पूर्णिमा पर छह लाख श्रद्धालुओं ने लगाई सरयू में डुबकी

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में एक माह से चल रहे सावन झूला मेले का समापन हो गया। गर्भगृह में मंगलवार से रामलला के दर्शन हो रहे हैं। सावन शुक्ल पूर्णिमा पर छह लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान कर मठ मंदिरों में दर्शन पूजन किया है। सरयू नदी में स्नान के बाद राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन किया। पिछले वर्ष लगभग आठ लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। अयोध्या में 15 दिन से चल रहे विश्व प्रसिद्ध सावन झूला मेले का समापन सोमवार को हो गया। इस मौके पर पुण्यार्जन करने के लिए देश के कोने-कोने से भक्त और श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम रहे। सरयू तट पर मोटर बोट पर तैनात जल पुलिस के जवानों के साथ नाविक और गोताखोरों की सतर्कता रही। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे के जरिए पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखी गई। राम मंदिर, कनक भवन, रामलला सदन, लाल साहब दरबार समेत अन्य सभी मंदिरों में झूले पर विराजमान भगवान को गर्भगृह में विराजमान कराया गया।

### पूर्व मंत्री ओपी सिंह के मामले में सुनवाई पूरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत 10 आरोपियों के मामले में मंगलवार को सुनवाई पूरी हुई। विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में पूर्व मंत्री ओम प्रकाश सिंह अपने वकील संतोष पांडेय के साथ हाजिर हुए तथा मामले में दोनों पक्षों ने अपने तर्क रखे। कोर्ट ने फैसले के लिए की दो सितंबर की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत 10 आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उपनिरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

### स्मार्ट सिटी पर क्षेत्रीय कार्यशाला आज

**लखनऊ, अमृत विचार :** राजधानी में बुधवार को स्मार्ट सिटी की होने वाली क्षेत्रीय कार्यशाला (जोनल कम्पीट-ओ-थॉन ) में बरेली को भी शामिल किया गया है। वहीं, उप्र. के अलावा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के भी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। इस दौरान इस प्रोजेक्ट से जुड़े देश के कुल 20 शहरों के सीईओ यहां आ रहे हैं। पांच प्रमुख मुद्दों पर आधारित यह कार्यशाला स्थानीय सेंट्रम होटल में सुबह से शाम तक चलेगी। इसको लेकर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों में तैयारियां कर लीं हैं।

### कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर हिंदू गौरव दिवस आज

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि को भाजपा हिंदू गौरव दिवस के तौर पर मनाने जा रही है। बुधवार को को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संगठन के बड़े नेता मौजूद रहेंगे।इससे पहले सोमवार को कल्याण सिंह के पौत्र और बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व सांसद राजवीर सिंह ने पार्टी मुख्यालय पर लखनऊ महानगर और जिले के पदाधिकारियों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम की रूपरेखा तय की।

### पीड़ित को 2 करोड़ 87 लाख ब्याज के साथ का आदेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** लिफ्ट में गड़बड़ी के कारण करीब 45 मिनट तक एक हृदय रोगी फंसा रहा। शिकायत करने के बाद भी कंपनी ने लिफ्ट को ठीक नहीं कराया। शिकायतकर्ता की ओर से उक्त कंपनी के खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया गया। आयोग ने पूरे मामले की सुनवाई करने के बाद अगस्त 2012 से जुलाई 2024 तक 2 करोड़ 82 लाख 7 हजार रुपये वादी को मय ब्याज देने का आदेश दिया।

## मुरादाबाद, बरेली में अटल आवासीय विद्यालय के काम तेज करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का अनुपालन न करने वाले ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में अटल आवासीय विद्यालय की राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति (एसएलएमसी) की बैठक आयोजित की गई। मंगलवार को लोकभवन में इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालयों में बालिका छात्रावासों में छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर महिला होमगार्ड्स की तैनाती की जाये। उन्होंने कहा कि सभी अटल आवासीय विद्यालयों में रूफ टॉप सोलर पैनल की स्थापना का कार्य तेजी से पूरा कराया जाये, ताकि इनका लाभ विद्यालयों को मिल सके।

उन्होंने मुरादाबाद में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय के अवशेष निर्माण कार्यों को त्वरित गति से पूरा कराने के निर्देश दिये। यह भी कहा कि निर्माण कार्यों में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता का अनुपालन न करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। वहीं जानकारी दी गई कि बरेली में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय में सीनियर छात्रों के लिए छात्रावास को छोड़कर अन्य समस्त ब्लॉक का कार्य पूरा हो चुका है, जिस पर मुख्य सचिव ने कहा कि सीनियर छात्र-छात्राओं के छात्रावास का कार्य तेजी से पूरा कराया जाये और छात्रावास का निर्माण कार्य पूरा होने तक सीनियर छात्र-छात्राओं के रहने की व्यवस्था जूनियर छात्र-छात्राओं के छात्रावास में की जाये। बैठक में प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार, विशेष सचिव श्रम कुणाल सिल्कू, महानिदेशक अटल आवासीय विद्यालय ग़ज़ल भारद्वाज समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## जबरन धर्मांतरण करने वाले मौलाना की जमानत याचिका खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण से जुड़े एक मामले में अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि फादर, कर्मकांडी, मौलवी या मुल्ला, चाहे कोई भी पदनाम हो, अगर वह किसी व्यक्ति का बलपूर्वक, गलत बयानी, धोखाधड़ी, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती और प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराता है तो उसे उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 2(i) के तहत दोषी माना जाएगा। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने पुलिस स्टेशन अंकुर विहार, गाजियाबाद में दर्ज मामले में मोहम्मद शाने आलम को जमानत देने से इनकार करते हुए की। मौलाना पर पीड़िता को जबरन इस्लाम में धर्मांतरित करने और एक मुस्लिम व्यक्ति के साथ निकाह करने का आरोप है।

## हरिद्वार की निजी कंपनी बिजली कंपनियों में कर रही घटिया केबिल की आपूर्ति, जांच में हुआ खुलासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुरादाबाद समेत आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में केबिल लगाने पर रोक



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की बिजली वितरण करने वाली सहायक बिजली कंपनियों में हरिद्वार की निजी कंपनी वी मार्क इंडिया लिमिटेड सिडकुल घटिया गुणवत्ता की केबिल आपूर्ति कर रही है। केंद्रीय जांच प्रयोगशाला की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट आते ही मुरादाबाद समेत आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में तत्काल प्रभाव से केबिल लगाने पर रोक लगा दी गई है। कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के लिए नोटिस दी गई है। पावर कॉरपोरेशन ने सभी बिजली कंपनियों में जांच के निर्देश दिए हैं। केबिल की शिकायत आने पर अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने जांच के निर्देश दिए थे। इस पर पश्चिमांचल निगम ने निगम ने इसके नमूने को सीपीआरआई नोएडा, केसी इंडिया टेस्ट लेबोरेटीज गाजियाबाद व ईआरडीए बड़ोदरा में जांच के लिए भेजा था। जांच में पाया गया कि केबिल मानक के विपरीत है। गारंटेड टेक्निकल पर्टिकुलर के तहत तीन कोर 120 एमएम एरियल बंच कंडक्टर के तीनों फेस में अल्युमिनियम का भार 1016 किलो प्रति किलोमीटर होना चाहिए, पर वह केवल 867 किलो प्रति किलोमीटर यानी लगभग 149 किलोग्राम प्रति किलोमीटर कम निकला।

### बिजली कंपनियों में बड़े घोटाले की आशंका- अवधेश वर्मा

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कॉरपोरेशन से सभी वितरण कंपनियों में केबिल की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों में बड़ा घोटाला होने की आशंका है, ऐसे में आपूर्ति किए जा रहे सभी कंपनियों की केबिल की जांच होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर सभी बिजली कंपनियों में अलग-अलग निजी कंपनियों से लगभग एक लाख किलोमीटर एरियल बंच कंडक्टर लगाए गए हैं।


## वर्ग पहेली-167

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी मत या विचारधारा का समर्थक 2. किसी मत का प्रतिपादक।
4. 1. गर्व, ऐंठ, शान, घमंड, शेख़ी 2. पानी का भंवर।
6. 1. वनमाली 2. कृष्ण।
7. एक तरह का कुष्ठ रोग।
8. 1. वह दूत जो किसी एक राज्य की ओर से दूसरे राज्य में कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के लिए भेजा जाता है 2. प्रतिनिधि 3. संदेशवाहक।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नदी
2. अविवाहित होने की अवस्था, विवाह होने के पहले की अवस्था।
5. 1. आम्र पुष्प, आम के बौर 2. नया कल्ला, कोंपल 3. तुलसी।
6. एक प्रसिद्ध छोटा नर चौपाया जिसके सींग तिकोने होते हैं और पूंछ छोटी होती है, छाग।



### वर्ग पहेली -166 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अ | | 2 प |
| 3 वि | शे | षा | धि | का | र |
| | | | का | | ची |
| | | 4 वा | रि | द | |
| 5 अ | कं | ट | क | | 6 वा |
| ची | | | | | ची |
| 7 र | ज | त | म | य | |

## सुडोकू -80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 2 | 1 | | | 3 | |
| 4 | | | | | 3 | 6 | | |
| | 5 | | 6 | | | | 7 | 8 |
| | | | 8 | | 7 | 5 | | 2 |
| | 7 | | | | | | 6 | |
| 1 | | 2 | 4 | | 6 | | | |
| 8 | 3 | | | | 5 | | 4 | |
| | | 6 | 3 | | | | | 1 |
| | 4 | | | 9 | 2 | | | 6 |

### सुडोकू -79 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 | 3 |
| 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 | 2 | 6 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 1 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 अगस्त बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 05 .06 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्वभाद्रपद 22 अगस्त 12 .33 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष:** आज व्यवसायिक गतिविधियां बहुत ही अच्छी रहने वाली है। आप लोगों को नीति और सत्कर्मों की प्रेरणा देंगे। घर में आपको बड़ी ज़िम्मेदारी दी जा सकती है। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**वृष:** आज सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। परिवार में आपका दबदबा बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में बड़े परिवर्तन हो सकते हैं। घर के बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद मिलेगा। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े कारोबार में तेजी आयेगी। आपकी दिनचर्या काफी सन्तुलित रहेगी।

**मिथुन:** आज पड़ोसियों के साथ व्यर्थ के वाद-विवाद होने की आशंका है। अपने धन का दुरुपयोग न करें। जॉब में बदलाव करने को लेकर जल्दबाज़ी करना उचित नहीं है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की चिन्ता करनी चाहिए।

**कर्क:** आज आपकी कोई अधूरी इच्छा पूर्ण हो सकती है। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क की भावना के कारण आपके कार्य अच्छी तरह से हो जायेंगे। कार्यक्षेत्र की स्थितियां शानदार रहने वाली है। रुके हुए प्रोजेक्ट्स आज शुरू हो सकते हैं। पुराने मित्रों के साथ मेल-मिलाप बढ़ेगा।

**सिंह:** आज विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी। बिना मांगे किसी को ज्ञान न दें। दांपत्य संबंधों का तनाव दूर होगा। किसी नजदीकी व्यक्ति की आर्थिक मदद करनी पड़ेगी। वकीलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। व्यवसाय में नए पार्टनर्स जुड़ सकते हैं।

**कन्या:** आज जीवनसाथी के साथ आनन्दकारी समय बितायेंगे। मन में भावनात्मक उथल-पुथल हो सकती है। आर्थिक रूप से मजबूत रहेंगे। सीनियर्स के साथ आपके संबंध बहुत अच्छे रहेंगे। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अधिकारी वर्ग आपका समर्थन करेगा।

**तुला:** आज सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट संबंधित प्रोजेक्ट्स से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आपको अपने ऊपर नियंत्रण रखना होगा। ससुराल पक्ष से थोड़े नाखुश सकते हैं। थकान की वजह से कमजोरी महसूस होगी। वाणी में मधुरता बनाये रखें।

**वृश्चिक:** आज मेहनत और लगन से आप अपना काम करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर काफी पजेसिव रहेंगे। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है। व्यापार को लेकर नई योजना बनायेंगे। उच्चाधिकारियों से आपको बेहतरीन लाभ मिलेगा।

**धनु:** आज विरोधी आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमता का भरपूर प्रदर्शन करेंगे। पहले किए गए प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा समय है।

**मकर:** आज आपकी गलतियों के कारण आपके सहयोगियों को परेशानी हो सकती है। अपने विचारों को रूढ़िवादी न होने दें। पेट में संक्रमण जैसी समस्या होने की आशंका है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे। प्रेम संबंधों में एकतरफा पहल से अपमान हो सकता है।

**कुंभ:** आज आप पूरा दिन व्यस्त रहने वाले हैं। घर में अनुशासन बनाए रखना चाहिए। नकारात्मक बातों को अपने ऊपर हावी न होने दें। हल्के-फुल्के बुखार की समस्या हो सकती है। जॉब में स्थायीत्व की समस्या हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता को सम्मान मिलेगा। मन में रचनात्मक विचारों का सृजन होगा। कोई बड़ा कार्य होने से आपका मनोबल बढ़ेगा। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
इंसानियत — सुबह : 08 .04
जज्बा — रात : 08 .53


&pictures
बंगाराजू — सुबह : 11 .00
करन अर्जुन — रात : 07 .30

SONY PIX
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 08 .25
ग्रैन टुरिस्मो — शाम : 06 .33

ZEE CINEMA
सूर्या एस थी — सुबह : 11 .20
गुमनाम — शाम : 05 .21

colors CINEPLEX
बेटिंग राजा — सुबह :09 .21
गब्बर इज बैक — शाम : 06 .52

### आज की सुपरहिट फिल्म




कर्लस सिनेमैक्स पर शाम :06 .52 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सिट्टू (अपनी मम्मी से) – मां खुशखबरी है,
हम दो से तीन हो गए हैं
मां – बधाई हो बेटा, क्या हुआ है... बेटा या बेटी ?
सिट्टू – ना बेटा, और ना बेटी, मैंने दूसरी शादी कर ली है।

पत्नी : उठो सुबह हो गई,
पति : आंखें नहीं खुल रही हैं, ऐसा कुछ बोलो कि नींद गायब हो जाए,
पन्नी : रात में जिस जानू से चैट कर रहे थे, वो मेरी दूसरी आईडी है, अब बेचारे पति को 3 दिन से नींद नहीं आ रही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, बुधवार, 21 अगस्त 2024


## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2060, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1560, जय जवान 1495, सचिन 1530, सूरज 1520, अवसर 1645, राग गोल्ड 1620, गृहणी ली 1520, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1870, स्वास्तिक 2030 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 31000, लाल मिर्च 19000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल - (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल-7275-7900, मलका छॉंटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8350, दाल चना 9300, लाल हिंदुस्तान 9400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8400, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16300 । चीनी-डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72400 |
| सिल्वर ( पक्की) | 852 (अनुमानित) |

# प्रदेश की कृषि, खनन, निर्माण, ट्रांसपोर्ट और रियल एस्टेट ने लगाई लंबी छलांग

## राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में सरकार ने कई सेक्टर्स में 101% जीएसवीए की हासिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों ने बढ़ाया उत्साह
- ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज एवं कम्युनिकेशन में सर्वाधिक 129 प्रतिशित जीएसवीए

**अमृत विचार।** राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में मिशन मोड में राज्य सरकार ने विभिन्न सेक्टर्स में 101 प्रतिशत जीएसवीए हासिल किया है। खासकर कृषि, खनन, निर्माण, ट्रांसपोर्ट और रियल एस्टेट क्षेत्र में लंबी छलांग लगी है।

केंद्र सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया गया है। इन आंकड़ों ने उत्तर प्रदेश उद्योग प्रदेश बनाने के संकल्प को मजबूती दी है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में सकल राज्य मूल्य वर्धित (जीएसवीए) में कई सेक्टर्स में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इनमें कृषि और उससे संबंधित सेक्टर में 5.85 लाख करोड़ रुपये के टार्गेट के सापेक्ष 5.98 लाख करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जो 102 प्रतिशत रही। वहीं, खनन और उत्खनन सेक्टर में 0.26 लाख करोड़ के सापेक्ष 0.30 लाख करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जो 115 प्रतिशत रही। इसी प्रकार कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 2.48 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 2.79 लाख करोड़ की प्राप्ति हुई, जो 112 प्रतिशत रही। ऐसे ही ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज एवं कम्युनिकेशन सेक्टर में 1.53 लाख करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 1.98 लाख करोड़ के साथ इसमें सर्वाधिक 129 प्रतिशत की ग्रोथ दिखी। सबसे अधिक फायदा उद्योग-व्यापार के सेकेंड्री सेक्टर में देखने को मिला, जिसमें 104 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं प्राइमरी सेक्टर भी लक्ष्य के सापेक्ष 103 प्रतिशत बढ़ा है।

गौरतलब है कि सकल राज्य मूल्य वर्धन (जीएसवीए) एक आर्थिक उत्पादकता मीट्रिक है जो किसी राज्य की अर्थव्यवस्था और उत्पादक क्षेत्र में उसके योगदान को मापता है। इसमें विभिन्न सेक्टर में निजी खपत, सकल निवेश, सरकारी निवेश, सरकारी व्यय, कुल निर्यात, कुल आयात, उत्पादों पर कुल कर और उत्पादों पर कुल सब्सिडी को मापा जाता है।

### रियल एस्टेट के लिए 3.23 लाख करोड़ का मिला था लक्ष्य 3.29 लाख करोड़ रुपये का किया व्यापार

रियल एस्टेट और मकान खरीदने से संबंधित सेक्टर में भी लक्ष्य के सापेक्ष 102 प्रतिशत प्रगति रही। वित्तीय वर्ष 2023-24 में रियल एस्टेट सेक्टर के लिए 3.23 लाख करोड़ का लक्ष्य रखा गया था, जबकि इस सेक्टर ने 3.29 लाख करोड़ का व्यापार किया। इसके अलावा मेन्युफैक्चरिंग सेक्टर, ऊर्जा, ट्रेड, रिपेयरिंग, होटल एवं रेस्टुरेंट, फाइनेंशियल सेवा, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेश, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सेक्टर में भी सरकार के प्रयासों का असर स्पष्ट दिखाई देने लगा है।

# ई-नाम से जुड़ेंगी 35 मंडी समिति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंडी परिषद ने चयनित किए नाम, शासन को जाएगा प्रस्ताव
- स्वीकृति मिलने पर बाहरी राज्यों से ऑनलाइन होगा कारोबार

**अमृत विचार :** प्रदेश की 35 मंडी समितियां जल्द ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) से जुड़ेंगी। जहां, आढ़ती व किसान खरीद-बिक्री से लेकर पूरा कारोबार ऑनलाइन करेंगे। प्रदेश सरकार के निर्देश पर मंडी परिषद ने मंडियों का चयन करके प्रस्ताव तैयार किया है। जो शासन से स्वीकृत होते ही ऑनलाइन व्यवस्था से लैस की जाएंगी। इससे किसानों के लिए देश की किसी भी ई-नाम से जुड़ी मंडी से कारोबार करना आसान हो जाएगा, जिससे किसान अन्य राज्यों के आढ़ती से सीधे जुड़ेंगे। जो ऑनलाइन बोली लगाकर गल्ला, फल, सब्जी आदि की बिक्री करेंगे। अब तक प्रदेश की 251 में से 125 मंडियों में ई-नाम व्यवस्था लागू है।

### गुणवत्ता के आधार पर मिलेंगे उपज के उचित दाम

ई-नाम से जुड़ी मंडियों में बिक्री संबंधित प्रपत्र ऑनलाइन जारी होंगे। समिति उपज का लैब में परीक्षण करके गुणवत्ता के आधार पर ए, बी व सी ग्रेड के दाम तय करेगी। इससे किसानों को उपज के उचित दाम मिलेंगे। जो दाम तय होंगे उसी आधार पर आढ़ती भुगतान करेंगे। जबकि ऑफ लाइन बिक्री में आढ़ती अपने हिसाब से दाम तय कर खरीद करते हैं।

### किसानों को होगा सीधे भुगतान

ई-नाम से किसान स्थानीय मंडी से उपज की एलईडी स्क्रीन से बिक्री के लिए बोली लगाएंगे और अन्य राज्यों की मंडी के आढ़ती गुणवत्ता व दाम आदि देखकर खरीद करेंगे। इसमें स्थानीय आढ़तियों का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। इसका 24 घंटे में भुगतान होगा। डिजिटल व्यवस्था में रुपये फंसने या देर से भुगतान की समस्या रहेगी।

> 35 मंडियां ई-नाम की प्रक्रिया में हैं। इससे किसानों को व्यापक बाजार मिलेगा। उपज के आधार पर उन्हें अच्छे दाम मिलेंगे। इसी तरह अन्य मंडियां ई-नाम से जोड़ी जाएंगी।
> - अंजनी कुमार सिंह, निदेशक, मंडी परिषद।

# सरकारी राशन की दुकानों पर भी मिलेंगे दैनिक उपयोग के सामान

नई दिल्ली, एजेंसी



- सरकार ने की जन पोषण केंद्र की पायलट परियोजना शुरू

खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना में 60 उचित दर दुकानों (एफपीएस) को जन पोषण केंद्र में बदलने के लिए पायलट परियोजना की शुरुआत की। इसका मकसद एफपीएस की व्यवहार्यता और पोषण युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता को बढ़ाना है। एफपीएस को आम बोलचाल में सरकारी राशन की दुकान कहते हैं।

परियोजना के तहत एफपीएस डीलर को सब्सिडी वाले अनाज के अलावा अपने उत्पादों में विविधता लाने की अनुमति होगी। ये दुकानें अपने नये रंगरूप में अब बाजरा, दालें, डेयरी उत्पाद और दैनिक जरूरत का सामान बेच सकती हैं। जोशी ने कहा कि यह बदलाव दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने मौजूदा परिचालन अक्षमताओं का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ क्षेत्रों में एफपीएस सिर्फ 8-9 दिन के लिए खुलते हैं, जबकि दूसरे केंद्र हर तीन महीने में एक बार ही खुलते हैं। बाकी समय, ये दुकानें बंद रहती हैं।

# चार सूचीबद्ध रीट ने निवेशकों को दिए 1,371 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** चार सूचीबद्ध रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट ने इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए अपने यूनिट धारकों को 1,371 करोड़ रुपये दिये हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। देश में सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध चार रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट)... ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट, एम्बेसी ऑफिस पार्क रीट, माइंडस्पेस बिजनेस पार्क रीट और नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट...हैं। इंडियन रीट्स एसोसिएशन (आईआरए) के आंकड़ों के अनुसार, जून तिमाही में इन चार रीट ने मिलकर 2,45,000 से अधिक यूनिट धारकों को 1,371 करोड़ रुपये से ज्यादा वितरित किये हैं। अपनी स्थापना के बाद से, पिछले पांच साल से अधिक समय में इन चार रीट ने सामूहिक रूप से अपने यूनिट धारकों को 18,000 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किये हैं। घरेलू रीट बाजार के पास अब 1,40,000 करोड़ रुपये से अधिक की सकल प्रबंधन अधीन संपत्ति (एयूएम) है।

# संदेश सेवाओं के दुरुपयोग पर कार्रवाई तय : ट्राई

नई दिल्ली, एजेंसी



- 140 शृंखला वाली टेलीमार्केटिंग कॉल को 30 सितंबर तक डीएलटी मंच पर ले जाने का निर्देश

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मंगलवार को बार-बार कॉल कर परेशान करने वाले टेलीमार्केटर पर सख्ती करते हुए दूरसंचार कंपनियों को मैसेजिंग सेवाओं का दुरुपयोग और उपभोक्ताओं को फर्जीवाड़े से बचाने के लिए विशेष उपाय के निर्देश दिए।

दूरसंचार नियामक ने कहा कि एक सितंबर से सभी दूरसंचार कंपनियों को यूआरएल, ओटीटी लिंक या उन कॉल बैक नंबर वाले संदेशों के प्रसारण से रोक दिया जाएगा जिन्हें प्रेषकों ने अधिकृत नहीं किया है। संदेश भेजने वाले की पहचान की क्षमता बढ़ाने के लिए ट्राई ने अनिवार्य किया है कि एक नवंबर से प्रेषक से लेकर प्राप्तकर्ता तक सभी संदेशों के स्रोत का पता लगाया जा सकेगा।

इस क्रम में अपरिभाषित या बेमेल टेलीमार्केटर शृंखला वाला कोई भी संदेश अस्वीकार कर दिया जाएगा। ट्राई का यह कदम इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि नियामक ने दूरसंचार ग्राहकों को प्रचार के लिए कॉल और संदेश भेजने वाले अनधिकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों पर नकेल कसने की दिशा में पहल की है। ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को 140 शृंखला से शुरू होने वाली टेलीमार्केटिंग कॉल को 30 सितंबर, 2024 तक ऑनलाइन डीएलटी मंच पर ले जाने को कहा है ताकि उनपर बेहतर नजर रखी जा सके। प्रचार सामग्री के लिए निर्धारित ढांचे के दुरुपयोग को रोकने के लिए ट्राई ने दंडात्मक प्रावधान भी किए हैं।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### दिव्यांग बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक सरकारी अस्पताल परिसर में एक दिव्यांग बच्ची से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में 42 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी कथित तौर पर 11 वर्षीय बच्ची को सोमवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे कलवा के सरकारी अस्पताल लाया और छेड़छाड़ की। उन्होंने बताया कि एक मरीज के रिश्तेदार ने आरोपी को यह सब करते हुए पकड़ लिया।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के ठिकाने का चला पता

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने मंगलवार को आतंकियों के भूमिगत ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों के मुताबिक सीमावर्ती जिले के दरहाल क्षेत्र के सागरवत जंगल में पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त दल द्वारा घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान इस छिपे हुए ठिकाने का पता चला। आतंकवादियों के इस ठिकाने से खाना पकाने की गैस, कंबल और बर्तन सहित दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं।

### दिल्ली में पीजी में मृत मिली नर्सिंग की छात्रा

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में पीजी रह रही नर्सिंग की 22 वर्षीय छात्रा कमरे में मृत मिली और उसके हाथ पर कैनुला (पतली ट्यूब) लगा था। संदेह है कि छात्रा ने आत्महत्या की है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि रविवार को पीसीआर को फोन कर सूचित किया गया था कि महिला कमरे में बेसुध पड़ी है। पुलिस ने दरवाजा तोड़ने पर महिला बिस्तर पर मृत मिली। मध्य प्रदेश की छात्रा दो अन्य लोगों के साथ पीजी में रहती थी, जो रक्षाबंधन पर घर गयी हुई थीं।

# कृपया हम पर विश्वास करें, काम पर लौटें : सुप्रीम कोर्ट

## चिकित्सकों से कहा- हड़ताल से समाज पर पड़ता है असर

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता की एक डॉक्टर से बलात्कार व हत्या की घटना को लेकर देशभर में प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों से हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने की अपील करते हुए मंगलवार को कहा कि कृपया हम पर विश्वास करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि चिकित्सकों के काम से दूर रहने से समाज के उन वर्गों पर असर पड़ता है, जिन्हें चिकित्सकीय देखभाल की जरूरत है।

न्यायालय ने कहा, हम सभी चिकित्सकों से अपील करते हैं कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए यहां हैं कि उनकी सुरक्षा और संरक्षण सर्वोच्च राष्ट्रीय चिंता का विषय है। कृपया हम पर विश्वास करें, इसलिए हमने इस मामले को उच्च न्यायालय पर नहीं छोड़ा है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि यह न केवल गंभीर अपराध का मामला है, बल्कि यह देशभर में स्वास्थ्य सेवा संस्थान को प्रभावित करता है। इसलिए इस मामले पर उच्चतम न्यायालय द्वारा विचार किए जाने की आवश्यकता है।

### पीड़िता का नाम, तस्वीर, वीडियो हटाने का आदेश



सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के अस्पताल की उस प्रशिक्षु डॉक्टर का नाम, फोटो और वीडियो मंगलवार को सभी सोशल मंच से हटाने का आदेश दिया, जिसकी दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि पीड़िता की पहचान का खुलासा निपुण सक्सेना मामले में पारित उसके आदेश का उल्लंघन है। पीड़िता के शव की तस्वीरों और वीडियो क्लिप का सोशल मीडिया पर प्रसार हो रहा है... हम निर्देश देते हैं कि पीड़िता का नाम, फोटो और वीडियो क्लिप को सभी सोशल मीडिया मंच से तुरंत हटाया जाए। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

### आरएमएल अस्पताल में डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

- चिकित्सक संघ ने कोर्ट के हस्तक्षेप का स्वागत किया
- हड़ताल अवधि के दौरान वेतन में कटौती नहीं की जाएगी

**नई दिल्ली।** कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में नई दिल्ली में आंदोलनरत आरएमएल (राम मनोहर लोहिया) अस्पताल के डॉक्टरों ने मंगलवार को हड़ताल समाप्त कर दी। साथ ही फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोरडा) ने मामले में उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप का स्वागत करते हुए कहा कि इससे चिकित्सक समुदाय के हितों की रक्षा होगी। केंद्र द्वारा संचालित राम मनोहर लोहिया अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने कहा कि केंद्र द्वारा देशभर से उनके साथियों द्वारा रखी गई सभी मांगों को स्वीकार करने के बाद हड़ताल वापस ले ली है। आरडीए ने कहा, स्वास्थ्य मंत्रालय और चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय ने आश्वासन दिया है कि चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त की गई हैं तथा कार्यान्वयन के लिए 45 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। मंत्रालय ने सभी केंद्रीय सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा कड़ी करने और राज्य सरकारों को सलाह जारी करने का भी वादा किया है। डॉक्टरों ने कहा कि हालांकि उन्होंने अपनी हड़ताल स्थगित करने पर सहमति जताई है, लेकिन वे कोलकाता के आरजी कर अस्पताल मामले में न्याय की वकालत करना जारी रखेंगे। डॉक्टर शाम चार बजे से काम पर लौट आएंगे और हड़ताल अवधि के दौरान वेतन में कोई कटौती नहीं की जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री बिट्टू राजस्थान तो जॉर्ज मप्र से उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने की राज्यसभा की नौ सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

भाजपा ने मंगलवार को राज्यसभा की नौ सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन को मध्य प्रदेश जबकि रवनीत सिंह बिट्टू को राजस्थान से प्रत्याशी बनाया गया है। करीब दो माह पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं किरण चौधरी को हरियाणा से उम्मीदवार बनाया है। चौधरी ने मंगलवार सुबह हरियाणा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

भाजपा ने वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को बिहार से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा बिहार से राज्यसभा की दूसरी सीट के लिए सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं। असम से मिशन रंजन दास और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली, महाराष्ट्र से धैर्यशील पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता और त्रिपुरा से राजीव भट्टाचार्य को उम्मीदवार घोषित किया है। ममता मोहंता हाल में ही बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर भाजपा में शामिल हुई हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तेली का असम की डिब्रूगढ़ संसदीय सीट से टिकट काट दिया था। नौ राज्यों में राज्यसभा की 12 रिक्त सीट के लिए चुनाव तीन सितंबर को होगा।

# ट्रक में घुसा श्रद्धालुओं को ले जा रहा ऑटो, 7 की मौत

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में मंगलवार सुबह ऑटो रिक्शा सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गया। हादसे में एक वर्ष के बच्चे समेत सात की मौत हो गई और छह घायल हो गए। दुर्घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र में उस समय हुई, जब ऑटो-रिक्शा सुबह 5 बजे खजुराहो-झांसी राजमार्ग पर बागेश्वर की ओर जा रहा था। एसपी अगम जैन ने बताया कि ऑटो-रिक्शा में 13 लोग थे और महोबा से छतरपुर बागेश्वर धाम जा रहे थे। एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सीएनजी से चलने वाला ऑटो रिक्शा सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा। तीन घायलों को झांसी रेफर किया गया है। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान ऑटो रिक्शा चालक प्रेम नारायण (46), एक वर्षीय आसमा, जनार्दन यादव (45), मनु श्रीवास्तव (25), गोविंद श्रीवास्तव (35), नन्नी बुआ (42) और लालू के रूप में हुई है। सभी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

# शिंदे ने दुष्कर्म के प्रयास का आरोप दर्ज करने के दिए निर्देश

## यौन उत्पीड़न मामला

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुलिस को ठाणे जिले के बदलापुर कस्बा स्थित स्कूल में दो छात्राओं से हुए कथित यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का आरोप दर्ज करने का निर्देश दिया है। शिंदे ने मंगलवार को कहा कि मामले की त्वरित सुनवाई और सरकारी वकील नियुक्त किया जाएगा।

घटना के बाद अभिभावकों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया है, जिसने मंगलवार को हिंसक रूप ले लिया। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने स्कूल में तोड़फोड़ की। वे बदलापुर स्टेशन पर पटरियों पर उतर आए और लोकल ट्रेनों का परिचालन अवरुद्ध कर दिया। सुबह 8.30 बजे उपनगरीय ट्रेनों का मार्ग अवरुद्ध हो गया। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर पथराव किया। इस बीच शिंदे ने कहा, मैंने ठाणे के पुलिस आयुक्त से बात की है। आरोपी गिरफ्तार हो गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने प्राथमिकी दर्ज करने में देरी पर सवाल उठाया है। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने घटना पर अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।



ठाणे के बदलापुर रेलवे स्टेशन पर विरोध में ट्रैक अवरुद्ध कर रहे लोगों से बात करते पुलिसकर्मी।

### जांच को एसआईटी गठित

महाराष्ट्र सरकार ने मामले की जांच के लिए मंगलवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर कहा कि एसआईटी का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक रैंक की अधिकारी आरती सिंह करेंगी। फडणवीस ने बताया कि उन्होंने ठाणे पुलिस आयुक्त को मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है।

# त्रिपुरा में भूस्खलन से सात की मौत, दो लापता

**अगरतला।** त्रिपुरा में तीन से चार स्थानों पर बारिश से हुए भूस्खलन में एक परिवार के तीन सदस्यों सहित सात लोगों की मौत हो गई जबकि दो ग्रामीण लापता हैं। राजस्व विभाग के सचिव बृजेश पांडे ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण त्रिपुरा में पांच लोगों और गोमती और खोवाई जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। लापता होने के दो मामले खोवाई और गोमती जिलों से सामने आए हैं। रविवार से जारी भारी बारिश से राज्य के कई इलाकों में जलभराव है। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद दक्षिण त्रिपुरा में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# दुष्कर्म पीड़िता पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- किशोरियों को यौन इच्छाओं पर काबू रखने की सलाह देने वाला फैसला रद

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया, जिसके तहत दुष्कर्म के आरोपी को बरी किया गया था और किशोरियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखने की सलाह देते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि उसने पॉक्सो के तहत दर्ज मामलों से निपटने के लिए प्राधिकारियों को कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

पीठ की तरफ से फैसला सुनाने वाले न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि अदालतों को फैसला किस तरह से लिखना चाहिए, इस संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 8 दिसंबर को कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की आलोचना की थी। उसमें फैसले में की गई टिप्पणियों को आपत्तिजनक और अनुचित करार दिया था। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट की खंडपीठ की टिप्पणियों का स्वतः संज्ञान लिया था और उस पर रिट याचिका के रूप में शुरू की थी।

# राहुल की नागरिकता से संबंधित याचिका की सुनवाई करेगी कोर्ट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद करने संबंधी भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट जनहित याचिका की तरह सुनवाई करेगा। स्वामी ने याचिका में अदालत से आग्रह किया है कि वह गृह मंत्रालय को उनके अभ्यावेदन पर फैसला लेने का निर्देश दे।

कोर्ट ने मंगलवार को स्वामी से पूछा कि इस मामले में उनका कानूनी रूप से क्या अनुमेय अधिकार है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि यदि कोई अधिकार है तो इसे जनहित माना जा सकता है। न्यायाधीश ने कहा, कोई ऐसा अनुमेय अधिकार नहीं है, जो इस मामले में लागू होता हो। स्वामी ने कहा कि यदि कोर्ट को लगता है कि याचिका पर जनहित के रूप में सुनवाई होनी चाहिए, तो इसे जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली पीठ के पास भेज दे।

# जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। नामांकन 27, पत्रों की जांच 28, नाम वापसी 30 अगस्त और मतदान 18 सितंबर को होगा। पहले चरण में दक्षिण कश्मीर के 16 और जम्मू के आठ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। कश्मीर घाटी में पंपोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनापोरा, शोपियां, डी. एच. पोरा, कुलगाम, देवसर, दूरू, कोकेरनाग (अजजा), अनंतनाग पश्चिम, अनंतनाग, श्रीगुफवारा-बिजबहेड़ा, शंगस-अनंतनाग पूर्व और पहलगाम और जम्मू के इंदरवाल, किश्तवाड़, पड्डेर-नागसेनी, भद्रवाह, डोडा, डोडा पश्चिम, रामबन और बनिहाल में चुनाव होंगे।

### माधव, रेड्डी बने चुनाव प्रभारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राम माधव और जी. किशन रेड्डी को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी बनाया है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

# मलयालम अभिनेता पर थिलकन की बेटी ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**तिरुवनंतपुरम।** प्रसिद्ध अभिनेता दिवंगत थिलकन की बेटी ने मंगलवार को कहा कि मलयालम के प्रमुख अभिनेता ने पिता के निधन के बाद उनसे दुर्व्यवहार किया था। सोनिया ने कहा कि अभिनेता ने उन्हें कमरे में बुलाया और कहा कि उन्होंने उनके पिता के साथ जो कुछ किया था उसके लिए और बाद में उसे जो आपत्तिजनक संदेश भेजे थे उसके लिए माफी मांगना चाहते हैं।

न्यायमूर्ति हेमा समिति की सोमवार को सामने आई रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें कई महिलाओं ने आरोप लगाया है कि काम शुरू करने से पहले ही उन पर अवांछित समझौता करने के लिए जोर दिया गया। सरकार ने 2019 में न्यायमूर्ति हेमा समिति का गठन किया था।

## खेल डायरी

### अश्मिता-मालविका जापान ओपन के पहले दौर में बाहर



**योकोहामा (जापान)।** भारत की अश्मिता चालिहा और मालविका बंसोड़ मंगलवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गईं। अश्मिता जहां चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई त्ज़ु यिंग से 16-21, 12-21 से हार गईं, वहीं मालविका को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 23-21, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। भारत की तरफ से महिला एकल में आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश कर रही है। वह पहले दौर में दक्षिण कोरिया की किम गा यून का सामना करेगी। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता में नहीं खेल रहा है।



### बांग्लादेश-पाकिस्तान का पहला टेस्ट आज से

**रावलपिंडी।** बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में बुधवार को मैदान पर उतरेगी। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है, जिसकी तालिका में पाकिस्तान छठे जबकि बांग्लादेश आठवें पायदान पर है।

### यूएई में होगा महिला टी-20 विश्व कप

**दुबई।** आईसीसी ने मंगलवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद बांग्लादेश में व्याप्त अशांति के कारण महिला टी-20 विश्व कप को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित किया जाएगा। इस विश्व कप को तीन से 20 अक्टूबर तक दुबई और शारजाह में आयोजित किया जाएगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा बांग्लादेश के लिए महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी नहीं करना निराशाजनक है क्योंकि हम जानते हैं कि बीसीबी ने एक यादगार आयोजन की तैयारी की थी।

### ध्रुव चव्हाण ने पोलो कप का खिताब जीता

**चेन्नई।** मुंबई के ध्रुव चव्हाण ने मंगलवार को यहां पोलो कप इंडिया 2024 रेसिंग प्रतियोगिता में आदित्य पटनायक को पछाड़कर खिताब जीता। ओजस सुर्वे तीसरे स्थान पर रहे। मद्रास अंतर्राष्ट्रीय सर्किट पर पहली रेस जीतकर आदित्य ने बढ़त बनाई लेकिन ध्रुव ने अगली रेस जीतकर उनकी बराबरी पर ली। आदित्य ने दूसरे दौर की भी पहली रेस जीती लेकिर ध्रुव ने अपने प्रदर्शन के अधिक निरंतरता दिखाते हुए बाकी रेस में महत्वपूर्ण अंक जुटाकर खिताब अपने नाम किया। रोमिर आर्या को बेस्ट रूकी ऑफ द सीजन चुना गया जबकि मुंजाल सावला ने मास्टर चैंपियनशिप जीती।

### उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने ओलंपियंस को किया सम्मानित

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को पेरिस ओलिंपिक में प्रतिभाग कर वापस आए खिलाड़ियों अंकिता ध्यानी, परमजीत सिंह और सूरज पंवार ने मुलाकात की। आज यहां मुंख्यमंत्री आवास पर धामी ने तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। धामी ने तीनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में पूरे समर्पण से अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और प्रदेश की जनता उनके साथ है। उल्लेखनीय है कि पेरिस ओलंपिक 2024 में सूरज पंवार ने 42 किमी रेस वॉक मिक्स्ड रिले, परमजीत सिंह ने 20 किमी रेस वॉक एवं अंकिता ध्यानी ने 5000 मीटर में प्रतिभाग किया।

## बार्कले ने तीसरे कार्यकाल का नहीं चुना विकल्प, निगाहें जय शाह पर

दुबई, एजेंसी

**आईसीसी चेयरमैन चुनाव**

आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने 30 नवंबर को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद मंगलवार को तीसरे कार्यकाल की दौड़ से खुद को अलग कर लिया जिससे खेल की वैश्विक संचालन संस्था में बीसीसीआई के सचिव जय शाह के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

शाह इस पद के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे या नहीं यह 27 अगस्त तक स्पष्ट हो जाएगा जो चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है। आईसीसी ने कहा चेयरमैन बार्कले ने बोर्ड को पुष्टि की है कि वह तीसरे कार्यकाल के लिए खड़े नहीं होंगे और नवंबर के अंत में अपना वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने पर पद छोड़ देंगे। मौजूदा निदेशकों को अब 27 अगस्त तक अगले अध्यक्ष के लिए नामांकन प्रस्तुत करना होगा और यदि एक से अधिक उम्मीदवार हैं तो चुनाव 1 दिसंबर से शुरू होगा। शाह को बोर्ड में सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक माना जाता है।

## लॉस एंजेलिस ओलंपिक में खेलना चाहता हूं : स्मिथ



सिडनी, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलियाई के बल्लेबाज बोले- अभी संन्यास की कोई योजना नहीं

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि उनका अभी संन्यास का कोई इरादा नहीं है वह लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 की टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलना चाहते हैं। स्मिथ ने हाल ही में सिडनी सिक्सर्स के साथ तीन साल का बीबीएल के साथ अनुबंध किया है। इस अनुबंध का अभिप्राय है वह कम से कम 2026-27 तक पेशेवर क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ का मानना है कि वह इस दौरान ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम से जुड़े रहेंगे।

उन्होंने कहा मैं अगले चार साल तक कम से कम टी-20 क्रिकेट खेलता रहूंगा। यह एक ऐसा प्रारुप है, जिसे मैं अन्य दूसरे प्रारुप के अलावा फ्रैंचाइजी क्रिकेट में लंबे समय तक खेल सकता हूं। मैंने तीन साल का अनुबंध किया है और एक साल बाद ओलंपिक होगा। मैं ओलंपिक का हिस्सा बनना चाहता हूं, यह एक बेहतरीन अनुभव होगा। अन्य प्रारूपों से संन्यास की अटकलों को लेकर उन्होंने कहा मेरी अभी संन्यास की कोई योजना नहीं है। मैं फिलहाल क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं और इन गर्मियों का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यह एक बेहतरीन सीरीज होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया और भारत वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट की दो बेहतरीन टीमें हैं। हमने पिछले साल ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला है। भारतीय टीम पिछले दो ऑस्ट्रेलियाई दौरों पर बेहतरीन रही है और उन्होंने यहां अच्छा क्रिकेट खेला है। लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस बार हम पासा पलटेंगे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीते हुए 10 साल हो गए, इसलिए हमें यह इस साल जरूर करना है।

उन्होंने कहा मैं कहीं भी बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। अगर दो गेंदों पर लगातार दो विकेट गिर जाते हैं तो भी नई गेंद को संभालने मुझे नंबर चार पर आना ही होगा। मेरे लिए बस यह एक नंबर है।



### बल्लेबाज यही कहते हैं वह बुरा सपना हैं, नहीं जानते अगली गेंद पर क्या होगा

## बुमराह पिछले पांच-छह साल में सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज : पोंटिंग

दुबई, एजेंसी



- टी-20 विश्व कप से लेकर आज जसप्रीत की तक गति और सटीकता वही है जो दे सकते हैं

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पिछले पांच या छह वर्षों में कई प्रारूपों में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। पोंटिंग ने कहा कि बुमराह के लंबे समय तक खेलने को लेकर कुछ चिंताएं हो सकती हैं लेकिन उन्होंने हमेशा चोटों से उबरकर मजबूत वापसी की है।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यु पर कहा मैं यह लंबे समय से कहता रहा हूं कि वह पिछले पांच या छह साल से विश्व क्रिकेट में शायद कई प्रारूप में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। कुछ साल पहले जब चोटें लगी तो कुछ डर था कि क्या वह पहले जैसा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने वापसी करके वास्तव में बेहतर प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा इन खिलाड़ियों के बारे में हमेशा सही जानकारी पाने का सबसे अच्छा तरीका खिलाड़ियों से पूछना है, और जब आप विपक्षी बल्लेबाजों से बुमराह बारे में बात करते हैं तो हमेशा यही जवाब होता है कि नहीं, वह एक बुरा सपना हैं! आप कभी नहीं जानते कि क्या होने वाला है।

उन्होंने कहा कोई गेंद स्विंग करेगी, कोई सीम होगी, वह इन स्विंग गेंदबाजी करेगा, वह आउट स्विंग गेंदबाजी करेगा। टी-20 विश्व कप में 15 विकेट लेकर बुमराह ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और पोंटिंग ने 30 वर्षीय बुमराह की जमकर तारीफ की। पोंटिंग ने कहा अगर मैं टी-20 विश्व कप में उनके प्रदर्शन को देखूं तो - गति अब भी वही है, सटीकता या वह जो दे सकते हैं, उसमें कुछ भी नहीं बदला है। कौशल भी समान है। वह साल दर साल बेहतर होते जा रहे हैं। जब आपके पास वह कौशल और निरंतरता होती है जो उनके पास है, तो आप एक महान खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। ग्लेन मैकग्रा को देखें, जेम्स एंडरसन को देखें, इन लोगों को देखें। उनका कौशल इतने लंबे समय तक कायम रहा जो उन्हें बाकी लोगों से अलग करता है।

## खेलों से भी बन सकती है अच्छी जिंदगी : मनु भाकर

चेन्नई, एजेंसी



मनु भाकर को चांदी की पिस्टल से किया गया सम्मानित। ● एजेंसी

- चेन्नई के वेलाम्मल नेक्सस स्कूल कार्यक्रम में बोलीं ओलंपिक कांस्य विजेता
- बेहतर जीवन के लिए युवाओं के पास डॉक्टर या इंजीनियर के अलावा भी और विकल्प हैं

ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ स्वदेश लौटी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एक स्कूल में सम्मानित होने के बाद छात्रों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे जिंदगी अच्छी बनाई जा सकती है।

हरियाणा की इस 22 साल की निशानेबाज ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक अपने नाम किये। वह ओलंपिक के किसी एक सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी हैं। मनु ने यहां वेलाम्मल नेक्सस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा युवा छात्रों से खेल को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की सलाह देने के साथ बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमें बहुत कड़ी मेहनत और प्रयास करना चाहिए। यह हमेशा किसी बड़े लक्ष्य के साथ शुरू नहीं होता है, आपको इसे हासिल करने के लिए निरंतर काम करते रहना होता है। हमारे पास करियर के कई विकल्प हैं। आपको डॉक्टर या इंजीनियर बनने की जरूरत नहीं है।

## विसेर ने बनाए एक ओवर में 39 रन

नई दिल्ली, एजेंसी

**ओवर पर नजर**

| |
|---|
| पहली गेंद - 6 रन |
| दूसरी गेंद - 6 रन |
| तीसरी गेंद - 6 रन |
| चौथी नो बॉल- फ्री हिट 1 रन |
| चौथी गेंद - 6 रन |
| पांचवीं नो बॉल- फ्री हिट 1 रन |
| पांचवीं नो बॉल- फ्री हिट 7 रन |
| छठी गेंद- 6 रन |



शतक बनाने वाले बल्लेबाज डेरियस विसेर>>

समोआ के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेरियस विसेर ने मंगलवार को राजधानी शहर एपिया में टी-20 विश्व कप पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र क्वालीफायर में वनातु के खिलाफ एक ओवर में 39 रन बनाकर टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया।

विसेर ने तेज गेंदबाज नलिन निपिको के एक ओवर में छह छक्के मारे। इस ओवर में तीन नोबॉल भी शामिल थीं जिससे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड बन गया। इस 28 वर्षीय बल्लेबाज का यह केवल तीसरा टी-20 मैच था। उन्होंने 62 गेंदों में पांच चौकों और 14 छक्कों की मदद से 132 रन बनाए। इससे पहले पांच अवसरों पर किसी गेंदबाज ने एक ओवर में 36 रन दिए। इन गेंदबाजों में स्टुअर्ट ब्रॉड (2007), अकिला धनंजय (2021), करीम जन्नत (2024), कामरान खान (2024) और अजमतुल्लाह उमरजई (2024) शामिल हैं। विसेर इस प्रारूप में शतक बनाने वाले समोआ के पहले बल्लेबाज हैं। उनकी इस पारी के बावजूद समोआ की टीम 174 रन पर आउट हो गई। विसेर के बाद उनकी टीम की तरफ से दूसरा सर्वोच्च स्कोर कप्तान कालेब जसमत का 16 रन था। वनातु की टीम ने इसके जवाब में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में वह नौ विकेट पर 164 रन ही बना पाई और 10 रन से मैच हार गई।

## भारतीय दल के मिशन प्रमुख बने सत्य प्रकाश सांगवान

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सांगवान को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को भारतीय दल का मिशन प्रमुख नियुक्त किया। सांगवान को पैरालंपिक अभियान के साथ जुड़े रहने का एक दशक का अनुभव है।

मिशन प्रमुख के रूप में वह 84 पैरा खिलाड़ियों के भारत के अब तक के सबसे बड़े दल की अगुआई करेंगे। भारतीय खिलाड़ी 12 खेलों में चुनौती पेश करेंगे। सांगवान ने कहा यह जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि हमारे खिलाड़ियों के पास पैरालंपिक में सफल होने और भारत को गौरवांवित करने के लिए आवश्यक सभी चीजें हों।

## चिली-कोलंबिया के खिलाफ नहीं खेलेंगे मेस्सी

ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना), एजेंसी

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी चोटिल होने के कारण अर्जेंटीना की तरफ से विश्व कप क्वालीफायर के अगले दो मैच में नहीं खेल पाएंगे।

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने पांच सितंबर को चिली और उसके पांच दिन बाद कोलंबिया के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए सोमवार को अपनी 28 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मेस्सी अभी दाहिने टखने की चोट से उबर रहे हैं।

अर्जेंटीना के कोपा अमेरिका चैंपियन बनने के बाद राष्ट्रीय टीम से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय एंजेल डि मारिया भी टीम में नहीं हैं। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना छह मैचों के बाद 15 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष पर है।



### भारत को मिले मौकों को गोल में बदलना होगा : मुख्य कोच

**काठमांडू।** मुख्य कोच रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भूटान पर 1-0 से संघर्षपूर्ण जीत के बाद भारतीय टीम को सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप के आगामी मैचों में मौकों को गोल में बदलने के कौशल में सुधार करना होगा। अपने शुरुआती मैच में जीत के बाद भारत ग्रुप बी में तीन अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। चौधरी ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भूटान के खिलाफ गोल नहीं खाने पर टीम की सराहना की। उन्होंने हालांकि कहा कि खिलाड़ियों को आगामी मैचों में अपने खेल में सुधार करना होगा। चौधरी ने कहा जिस तरह से हमारे खिलाड़ियों ने दो रेड कार्ड मिलने के बाद संघर्ष किया, वह वास्तव में सराहनीय है। नौ खिलाड़ियों के साथ किसी मैच में बने रहना आसान नहीं होता है लेकिन उन्होंने शानदार जज्बा दिखाया। यह उनकी मजबूत मानसिकता के बारे में बहुत कुछ बताता है। भारतीय कोच ने कहा हमारे खिलाड़ियों ने रक्षा पंक्ति में बेहतरीन बचाव किया और कई बार भूटान की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहे। हमें जिस एक क्षेत्र में सुधार करना होगा वह है मौकों को गोल में बदलना। भारतीय टीम का अगला मैच 23 अगस्त को मालदीव के खिलाफ है। चौधरी ने कहा कि टीम दोनों मैचों के बीच में तीन दिन के समय का इस्तेमाल तरोताजा होने और अभ्यास करने के लिए करेगी।

## बॉलीवुड हलचल



### जल्द रिलीज होगी प्रियंका की फिल्म पाणी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की निर्मित फिल्म पाणी 18 अक्टूबर को रिलीज होगी। प्रियंका चोपड़ा अपने बैनर पर्पल पेबल पिक्चर्स के तले कई फिल्मों का निर्माण कर चुकी हैं। प्रियंका चोपड़ा ने अपने बैनर तले मराठी फिल्म का निर्माण किया है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर पाणी का मोशन टीजर रिलीज करते हुए इसकी रिलीज डेट रिवील की है, जिसके मुताबिक पाणी 18 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा,यह बहुत बहुत खास है। हमारी मराठी फीचर फिल्म पाणी 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है,सिनेमाघरों में मिलते हैं। राजश्री एंटरटेनमेंट और पर्पल पेबल पिक्चर्स, कोठारे विजन प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से फिल्म पाणी प्रस्तुत की गई है। निर्देशक आदिनाथ कोठारे के निर्देशन में बन रही फिल्म पाणी हनुमंत केंद्रे के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। किस तरह से वह अपने गांव में पानी की समस्याओं का निवारण करते हैं।

### एसडीजीएम में काम करेंगे रणदीप हुड्डा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा, सनी देओल की एक्शन फिल्म एसडीजीएम में शामिल हो गए हैं। रणदीप हुड्डा, आज अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस खास मौके पर उन्होंने अपनी आगामी फिल्म को लेकर अपडेट दी है। रणदीप हुड्डा, सनी देओल की एक्शन फिल्म एसडीजीएम में शामिल हो गए हैं। रणदीप हुड्डा ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए पोस्ट में कहा, इस एक्शन फीस्ट एसडीजीएमका हिस्सा बनने के लिए एक्साइटेड हूं। सनी देओल पाजी और पूरी टीम के साथ सेट पर जाने का इंतजार नहीं कर सकता। जैसा कि वादा किया गया था ये एक मास फीस्ट होगा। सनी देओल ने भी इंस्टा स्टोरी के साथ रणदीप हुड्डा का स्वागत किया। इसके अलावा फिल्म निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी ने भी एक्स पर तस्वीर पोस्ट की और रणदीप हुड्डा को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, वर्सेटाइल एक्टर रणदीप हुड्डा सर का स्वागत है। टीम एसडीजीएमकी ओर से आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाइयां। एसडीजीएम में सनी देओल और रणदीप हुड्डा के साथ रेजिना कैसंड्रा और सैयामी खेर की भी अहम भूमिका होगी। एसडीजीएम का निर्माण नीवन यरनेनी, वाई रविशंकर और टीजी विश्व प्रसाद माइथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले कर रहे हैं।

## सिनर-सबालेंका ने जीता सिनसिनाटी ओपन





सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के खिताब के साथ जश्न मनाते यानिक और आर्यना। ● एजेंसी

मेसन (अमेरिका), एजेंसी

विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिलाओं में नंबर दो आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल करके खिताब जीते।

यह दोनों खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन में पहली बार चैंपियन बने। सबालेंका ने जेसिका पेगुला को 6-3, 7-5 से हराकर जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहली बार कोई खिताब जीता। शुक्रवार को अपना 23वां जन्मदिन मनाने वाले सिनर ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 7-6(4) 6-2 से हराया। वह 2008 में एंडी मरे के बाद सबसे कम उम्र में सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मरे ने 21 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था। सिनर और टियाफो दोनों पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले यहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीसरे दौर में पहुंचना था। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है।

### छठी टेनिस प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे नागल और गेस्टन

**मुंबई।** दिग्गज भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और फ्रांस के ह्यूगो गेस्टन यहां तीन से आठ दिसंबर तक होने वाली छठी टेनिस प्रीमियर लीग के पुरुष वर्ग में मुख्य आकर्षण होंगे। क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) में होने वाले इस टूर्नामेंट के दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की मेग्डा लिनेट और आर्मेनिया की दुनिया की 52वें नंबर की एलिना एवानेस्यान महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी होंगी। यह टूर्नामेंट 25 अंक प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें प्रत्येक फ्रेंचाइजी को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पांच मुकाबले मिलेंगे। दो फ्रेंचाइजी के बीच होने वाले मुकाबले में पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल मैच होंगे जिसमें कुल 100 अंक दांव पर लगे होंगे। प्रत्येक वर्ग का मैच 25 अंक का होगा। आयोजकों ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, ''प्रत्येक टीम लीग चरण में 500 अंक (100 अंक गुणा पांच मुकाबले) के लिए खेलेगी और अंक तालिका में शीर्ष चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्रतियोगिता में सात फ्रेंचाइजी पीबीजी पुणे जैगुआर्स, बंगाल विजाड़र्स, पंजाब पैटरियट्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, गुजरात पैंथर्स, मुंबई लियोन आर्मी और गत चैंपियन बेंगलुरू एसजी पाइपर्स खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### उड़ान भरने के बाद प्रशिक्षण विमान लापता, तलाश जारी

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में मंगलवार को एक हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद दो सीटों वाला एक प्रशिक्षण विमान लापता हो गया, उसका पता लगाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया गया। विमान ने पूर्वाह्न करीब 11 बजे जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने एजेंसी को बताया कि विमान को आखिरी बार सरायकेलाखरसावां जिले के निमडीह के पास देखा गया था।

### पूर्व अधिकारी को रिश्वत के जुर्म में सात साल कैद

**वुहान।** चीन की एक अदालत ने चीनी फुटबॉल एसोसिएशन के पूर्व अधिकारी हुआंग सोंग को रिश्वत लेने के आरोप में सात साल की कैद की सजा सुनायी है। चीन के हुबेई प्रांत में सोंगजी शहर के पीपुल्स कोर्ट की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, चीनी फुटबॉल एसोसिएशन के प्रतियोगिता विभाग के पूर्व निदेशक सोंग पर मंगलवार को 600,000 युआन (लगभग 84,122 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया।

### हमले से यूक्रेन के तेल भंडारण डिपो में लगी आग

**कीव।** यूक्रेन के पश्चिमी टेरनोपिल क्षेत्र में मंगलवार तड़के रूसी लक्षित हवाई हमलों से ईंधन और लुब्रिकेट (स्नेहक) तेल भंडारण डिपो में आग लग गयी। क्षेत्रीय अधिकारी ने यह जानकारी दी और कहा कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। रूसी सेना ने स्थानीय समयानुसार तड़के तीन बजे टेरनोपिल शहर के तेल भंडारण डिपो पर प्रक्षेप्य दागे गये।

### सरकार में भूमिका निभाने के लिए तैयार हूं: मस्क

**वाशिंगटन।** अमेरिक के प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क ने मंगलवार को कहा कि अगर अमेरिकी सरकार में भूमिका निभाने का प्रस्ताव मिलता है, तो वह इसके लिए तैयार हैं। मस्क ने कहा, मैं सेवा करने के लिए तैयार हूं। सोमवार को ट्रम्प ने कहा कि अगर वह नवंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो वह कैबिनेट पद या संभावित सलाहकार के रूप में मस्क के नाम पर विचार करने के लिए तैयार हैं।

### इमरान खान पर तोशाखाना मामले में तीसरा केस दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ मंगलवार को तोशाखाना भ्रष्टाचार का एक नया मामला दर्ज किया। यह तोशाखाना का तीसरा मामला है, जिसमें पहला मामला पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा खान के खिलाफ दायर किया गया था, जबकि दूसरा मामला राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने दायर किया था।

### हैरिस टेलीविजन पर बहस में शामिल नहीं होंगी : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने उनकी टीम को 4 सितंबर को फॉक्स न्यूज चैनल पर होने वाली बहस में शामिल नहीं होने की जानकारी दी है।

# सुरक्षा के बीच पाकिस्तान में हिंदुओं ने मनाया रक्षाबंधन

- पीपीपी की सीनेटर कृष्णा कुमारी ने बिलावल भुट्टो को बांधी राखी

पेशावर/कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में हिंदू समुदाय, विशेषकर उत्तर-पश्चिमी शहर पेशावर और दक्षिणी शहर कराची में रहने वाले लोगों ने भारी सुरक्षा के बीच रक्षाबंधन का त्योहार उत्साह के साथ मनाया। शहर के कई मंदिरों के परिसर में अलग-अलग रंगों और डिजाइन वाली राखियां बेचने के लिए अस्थायी दुकानें खोली गईं। थारपारकर सिंध से पीपीपी की सीनेटर कृष्णा कुमारी ने पार्टी अध्यक्ष बिलावल को राखी बांधी।

पीपीपी नेता को राखी बांधने का एक वीडियो साझा करते हुए, कुमारी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, रक्षाबंधन की शुभकामनाएं। अध्यक्ष बिलावल भुट्टो का शुक्रिया। कुमारी ने बिलावल की बहनों आसिफा जरदारी और बख्तावर बी जरदारी को भी इस पोस्ट में टैग किया। पेशावर में कड़ी सुरक्षा के बीच त्योहार मनाया गया।

### भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई

पेशावर में कड़ी सुरक्षा के बीच त्योहार मनाया गया। त्योहार के मद्देनजर शहर और छावनी क्षेत्रों में मंदिरों के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। शहर के झंडा बाजार स्थित एक मंदिर में सुबह के समय पूजा के लिए बड़ी संख्या में हिंदू महिलाएं और युवतियां एकत्रित हुईं और फिर आरती की तैयारी की गई। धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के बाद महिलाओं ने अपने भाइयों को राखी बांधी।

# चर्चा में है एमपॉक्स, अफ्रीका में सबसे ज्यादा



एमपॉक्स एक दुर्लभ बीमारी है जो एमपॉक्स वायरस के कारण होती है। यह वायरस आमतौर पर चूहों या चूहों जैसे कृंतकों या बंदरों जैसे गैर-मानव प्राइमेट्स को प्रभावित करता है। लेकिन यह लोगों में भी हो सकता है। एमपॉक्स आमतौर पर मध्य और पश्चिमी अफ्रीका में होता है। अफ्रीका के बाहर के मामले अक्सर आयातित होते हैं। 2022 से शुरू होकर एमपॉक्स के मामले उन देशों में रिपोर्ट किए गए, जहां एमपॉक्स अक्सर नहीं होता है, जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित दुनिया भर में रिपोर्ट किए गए मामलों की निगरानी करना जारी रखता है। एमपॉक्स के लक्षण आपके संपर्क में आने के 3 से 17 दिन बाद शुरू हो सकते हैं। जब आप संपर्क में आते हैं और जब आपको लक्षण दिखाई देते हैं, उसके बीच के समय को इनक्यूबेशन पीरियड कहा जाता है।

### इस तरह फैलता है एमपॉक्स वायरस

यह वायरस संक्रमित जानवर या व्यक्ति के साथ निकट संपर्क से फैलता है। या यह तब भी फैल सकता है जब कोई व्यक्ति कंबल जैसी सामग्री को संभालता है जो एमपॉक्स से पीड़ित किसी व्यक्ति के संपर्क में रही हो। ऐसे लोगों के साथ निकट संपर्क से बचें जिनके शरीर पर एमपॉक्स जैसा दाने हों। ऐसे कपड़े, चादरें, कंबल या अन्य सामग्री को छूने से बचें जो किसी संक्रमित जानवर या व्यक्ति के संपर्क में आए हों। एमपॉक्स से पीड़ित लोगों को स्वस्थ लोगों से अलग रखें। किसी संक्रमित व्यक्ति या जानवर के संपर्क में आने के बाद अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं। अगर साबुन और पानी उपलब्ध न हो, तो अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें।

### एमपॉक्स का उपचार क्या है?

एमपॉक्स से पीड़ित ज्दायातर लोगों के लिए उपचार का उद्देश्य लक्षणों से राहत दिलाना होता है। देखभाल में एमपॉक्स रैश से त्वचा को होने वाले नुकसान का प्रबंधन, मल को नरम रखने के लिए पर्याप्त तरल पदार्थ पीना और दर्द प्रबंधन शामिल हो सकता है। यदि आपको एमपॉक्स है, तो अपने दाने और पपड़ी के ठीक होने तक अपने परिवार और पालतू जानवरों से अलग कमरे में रहें।

### लक्षण व जटिलताएं

- एमपॉक्स के लक्षण 2 से 4 सप्ताह तक रहते हैं।
- बुखार।
- त्वचा के लाल चकत्ते।
- सूजी हुई लिम्फ नोड्स।
- सिरदर्द।
- मांसपेशियों और पीठ में दर्द।
- ठंड लगना।
- थकान।
- बुखार आने के लगभग 1 से 4 दिन बाद त्वचा पर चकत्ते पड़ने लगते हैं।
- चेहरे, हाथ और पैरों पर गंभीर निशान।
- अंधापन।
- अन्य संक्रमण।
- दुर्लभ मामलों में मृत्यु।
- 2022 के प्रकोप में फैलने वाले एमपॉक्स वायरस का प्रकार, जिसे क्लेड II कहा जाता है, शायद ही कभी मृत्यु का कारण बनता है।

### नए मंकीपॉक्स वेरिएंट को लेकर नीदरलैंड में चौकसी

**हेग।** नीदरलैंड के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकरण ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा प्रदाता मंकीपॉक्स वायरस के एक नए संस्करण से संभावित संक्रमण के लिए हाई अलर्ट पर हैं। आरआईवीएम ने सोमवार को कहा नीदरलैंड के पास स्टॉक में पर्याप्त टीके हैं।

# भारत-मलेशिया के बीच आठ समझौते

## मोदी ने कहा- आतंकवाद और चरमपंथ से निपटने को लेकर दोनों देशों का दृष्टिकोण समान

- मलेशिया में भारतीय श्रमिकों की भर्ती को बढ़ावा देने तथा उनके हितों से संबंधित समझौता हुआ
- द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाएंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी



अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों पर गहन बातचीत के बाद भारत और मलेशिया ने मंगलवार को फैसला किया कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को समग्र रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाएंगे। दोनों देशों ने कम से कम आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें से एक मलेशिया में भारतीय श्रमिकों की भर्ती को बढ़ावा देने तथा उनके हितों की सुरक्षा से संबंधित समझौता है।

इब्राहिम तीन दिवसीय भारत दौरे के तहत सोमवार रात दिल्ली पहुंचे। यह बतौर प्रधानमंत्री उनका पहला भारत दौरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कामगारों के रोजगार पर समझौते से भारतीयों की भर्ती को बढ़ावा मिलेगा तथा उनके हितों की सुरक्षा भी होगी। भारत-मलेशिया आर्थिक संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार रुपये और मलेशियाई मुद्रा रिंगित में किया जा रहा है। हमारा मानना है कि आर्थिक सहयोग में अब भी काफी संभावनाएं हैं। द्विपक्षीय व्यापार और निवेश का विस्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें सेमीकंडक्टर, फिनटेक, रक्षा उद्योग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम जैसे नए तकनीकी क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाना चाहिए। हमने भारत और मलेशिया के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते की समीक्षा में तेजी लाने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई को मलेशिया के पेनेट से जोड़ने के लिए काम किया जाएगा। मोदी ने कहा कि आतंकवाद और चरमपंथ से निपटने को लेकर दोनों देशों का दृष्टिकोण समान है।

### डिजिटल प्रौद्योगिकी में सहयोग का लिया निर्णय

दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में स्थिति की तरफ इशारा करते हुए मोदी ने कहा हम अतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार, जहाजों और विमानों की मुक्त आवाजाही के लिए प्रतिबद्ध हैं और सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत करते हैं। दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में चीनी सेना की भड़काऊ कार्रवाई लगातार बढ़ रही है। भारत और मलेशिया ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग की नयी संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। दोनों देशों ने डिजिटल परिषद स्थापित करने और एक स्टार्ट-अप गठबंधन बनाने का भी निर्णय लिया।

### गौरवाशाली है भारत का इतिहास : इब्राहिम

इब्राहिम ने अपने बयान में कहा कि सभी संवेदनशील या उसी तरह के अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई, जिससे दोनों देशों के बीच दोस्ती के सही मायने प्रतिबिंबित होते हैं। भारत एक महान राष्ट्र है जिसका गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और सभ्यता है। यह कई मायनों में बहु-संस्कृति और बहु-धर्म वाला देश है। इब्राहिम ने कहा, इसलिए, व्यापार और निवेश से परे हमारे बीच बहुत सी समानताएं हैं। मोदी-इब्राहिम के बीच वार्ता में मलेशिया के टुंकू अब्दुल रहमान विश्वविद्यालय में आयुर्वेद पीठ स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मलय विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर पीठ स्थापित करने का भी फैसला किया गया।

### राष्ट्रपति मुर्मू से मिले मलेशियाई प्रधानमंत्री

भारत की यात्रा पर आए मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने इस बात पर संतोष प्रकट किया कि भारत और मलेशिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। यह भी अच्छी बात है कि दोनों देश अब साझेदारी को अमल में लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा पर कार्य कर रहे हैं।

# हसीना पर मुकदमा चलाने के लिए प्रत्यर्पण की मांग

- बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव ने भारत से की मांग

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर देश में क्रांति (सरकार के खिलाफ प्रदर्शन) को बाधित करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को भारत से कहा कि हसीना को प्रत्यर्पित किया जाए ताकि उन पर मुकदमा चलाया जा सके।

हसीना (76) ने बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को लेकर अपनी सरकार के खिलाफ छात्रों और अन्य लोगों के भारी विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं। फखरुल के हवाले से डेली स्टार अखबार ने लिखा, हमारी आपसे मांग है कि आपको उन्हें कानूनी तरीके से बांग्लादेश की सरकार के हवाले कर देना चाहिए। इस देश की जनता ने उन पर मुकदमे का फैसला किया है। उन पर मुकदमा चलने दें। पूर्व राष्ट्रपति और बीएनपी संस्थापक जिया-उर-रहमान की कब्र पर पुष्पचक्र चढ़ाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में फखरुल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भारत उन्हें शरण देकर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता नहीं निभा रहा है।

### प्रदर्शनों की याद में ढाका की दीवारों पर बनाए भित्ति-चित्र

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकार बदलने का असर ढाका विश्वविद्यालय में भी दिख रहा रहा है जो तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन का एक प्रमुख केंद्र था। यहां दीवारों पर ऐसे-ऐसे नारे लिखे है जिनसे पता चलता है कि प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाले युवा व छात्र इस परिवर्तन को भूलना नहीं चाहते हैं। ढाका विश्वविद्यालय में एक आधिकारिक बंगले के गेट पर स्प्रे पेंट से बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था यह नया बांग्लादेश है। कई नए भित्तिचित्रों में 36 जुलाई की तारीख अंकित है, जो प्रदर्शनकारियों द्वारा 5 अगस्त का वर्णन करने के लिए इस्तेमाल किया गया एक अलग तरह का शब्द है।

# महाराजा के चित्र के साथ मधुमक्खियों की डिजाइन वाले सिक्के प्रचलन में आए

- हेजल डोरमाउस, पफिन और अटलांटिक सैल्मन जैसे जीव-जंतु भी शामिल

लंदन, एजेंसी



ब्रिटेन में मंगलवार से महाराजा चार्ल्स तृतीय के चित्र तथा मधुमक्खियों के डिजाइन वाले एक पाउंड के पहले सिक्के प्रचलन में आ गए हैं। देश भर के डाकघरों और बैंकों के माध्यम से कुल 29.75 लाख सिक्के नकदी प्रचलन में आएंगे। ब्रिटेन की टकसाल रॉयल मिंट के अनुसार, मधुमक्खियों के डिजाइन वाला पाउंड आठ डिजाइन में से एक है जो एक पेंस से दो पाउंड मूल्यवर्ग में सिक्कों पर दिखाई देंगे।

इनमें हेजल डोरमाउस, पफिन और अटलांटिक सैल्मन जैसे जीव-जंतु भी शामिल हैं। ये सभी प्रजातियां संरक्षण कार्यक्रमों में शामिल हैं, जो चार्ल्स तृतीय (75) की पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दर्शाता है। स्मृति सिक्का निदेशक रेबेका ने कहा रॉयल मिंट ने (पूर्ववर्ती सम्राट) अल्फ्रेड द ग्रेट के बाद से ब्रिटेन के प्रत्येक महाराजा-महारानी के सिक्के बनाए हैं और हमें गर्व हो रहा है कि चार्ल्स तृतीय का एक पाउंड का सिक्का अब प्रचलन में है। हमें पता है कि एतिहासिक सिक्के को पाने के लिए संग्रहकर्ताओं और आम लोगों में उत्साह की लहर पैदा होगी।

### 3,000 लोगों ने पसंदीदा डिजाइन के लिए वोट दिया

रॉयल मिंट द्वारा आयोजित एक सर्वेक्षण में, एक-पाउंड के सिक्के को सभी आठ सिक्कों के डिजाइनों में से सबसे पसंदीदा माना गया तथा लाल गिलहरी को दर्शाने वाला दो-पेंस का सिक्का दूसरे स्थान पर रहा। करीब 3,000 लोगों ने अपने पसंदीदा डिजाइन के लिए वोट दिया, जिसमें एक पाउंड का डिजाइन करीब 30 प्रतिशत वोट के साथ शीर्ष पर रहा।

# भारत में सैन्य अभ्यास पर चर्चा करेगी रूसी नौसेना

**मॉस्को।** रूस की नौसेना के कमांडर-इन-चीफ अलेक्जेंडर मोइसेव अपनी भारत यात्रा के दौरान नौसेना अभ्यास और जहाजों के आदान-प्रदान पर चर्चा करेंगे। मोइसेव के नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय का आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भारत पहुंचा, जहां वे भारतीय सशस्त्र बलों और नौसेना के कमांड स्टाफ के साथ प्रोटोकॉल कार्यक्रम आयोजित करेंगे। प्रतिनिधिमंडल सैन्य जहाज निर्माण उद्यमों, नौसेना ठिकानों और नौसेना शैक्षणिक संस्थानों का भी दौरा करेंगे। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष नौसेना के क्षेत्र में रूसी-भारतीय सहयोग के विकास की वर्तमान स्थिति और संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

# हमास ने युद्धविराम को छलावा बताया

- कहा- इजरायल एक नए युद्ध की तैयारी के लिए कुछ समय की तलाश में

गाजा, एजेंसी

फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के राजनीतिक नेता याह्या सिनवार ने गाजा पट्टी में युद्धविराम को छलावा (धोखा) करार दिया और कहा कि ऐसा कर इजरायल एक नये युद्ध की तैयारी के लिए कुछ समय की तलाश में है। स्ट्रीट जर्नल ने अरब मध्यस्थों का हवाला से यह रिपोर्ट दी।

इसके अलावा रिपोर्ट में यह दावा किया जा रहा है कि हमास पोलित ब्यूरो के प्रमुख को सशस्त्र संघर्ष का विस्तार करके इजरायल पर दबाव बढ़ाने की उम्मीद है, जिसमें वेस्ट बैंक से हमले करना भी शामिल है। पिछले सप्ताह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि वह गाजा समझौते को आगे बढ़ाने के लिए काम करना जारी रख रहे हैं, जिससे अधिकतम बंधकों की रिहाई हो सके और इस बात पर जोर दिया जाएगा कि इजरायली सेना गाजा और मिस्र के बीच सीमा पर गलियारे में बनी रहे।

### मिस्र के साथ गाजा सीमा को पूरी तरह से छोड़ने से इजरायल के इनकार का अमेरिका का समर्थन

**जेरूसलम।** अमेरिका इजराइल के इस निर्णय से सहमत है वह गाजा पट्टी और मिस्र के बीच की सीमा पर फिलाडेल्फी कॉरिडोर से पूरी तरह से पीछे नहीं हट सकता है। टाइम्स ऑफ इजराइल ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के बीच बैठक से जुड़े एक इजराइली अधिकारी का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। ब्लिंकन गाजा में संघर्ष को सुलझाने के लिए राजनयिक प्रयास जारी रखने के लिए सोमवार को इजराइल के दौरा पर थे।

### गाजा से छह और इजरायली बंधकों के शव वापस

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास की कैद में मारे गए छह और बंधकों के शव ढूंढकर इजरायल को लौटा दिये हैं। इजराइली प्रधानमंत्री के सलाहकार दिमित्री गेंडेलमैन ने मंगलवार को टेलीग्राम पर लिखा इजरायल रक्षा बलों और शिन बेट सुरक्षा सेवा के बीच एक संयुक्त अभियान में सात अक्टूबर, 2023 को नरसंहार के दिन हमास द्वारा अपहरण करके गाजा पट्टी में रखे गए छह इजरायली बंधकों के शव पाये गये।

# भारत-जापान साझेदारी हिन्द प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण

- केंद्रीय मंत्री राजनाथ और जयशंकर ने जापान के रक्षामंत्री तथा विदेश मंत्री के साथ तीसरी टू प्लस टू वार्ता की

नई दिल्ली, एजेंसी



जापान के विदेश मंत्री के साथ राजनाथ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र से भारत और जापान दोनों के हित गहरायी से जुड़े हैं और इनकी साझेदारी क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। सिंह ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ जापान के रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा तथा विदेश मंत्री योको कामिकावा के साथ यहां हुई तीसरी टू प्लस टू वार्ता के बाद कहा कि दोनों देशों का हिन्द प्रशांत को लेकर साझा विजन है और साझेदारी क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा मंगलवार को हमारी चर्चा के दौरान, हमने परस्पर हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों के बारे में चर्चा की। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण हितधारक होने के नाते, भारत और जापान कई मायनों में इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर तालमेल और साझा नजरिया मजबूत हुआ है। भारत, आसियान और जापान सहित अन्य देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एडीएमएम प्लस' का एक सक्रिय सदस्य है। बैठक में दोनों पक्षों ने क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा तथा सार्थक परिणामों पर पहुंचने के लिए एक-दूसरे के प्रयासों का समर्थन करने की वचनबद्धता को व्यक्त किया है।

### यह वर्ष दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण : राजनाथ

रक्षामंत्री ने कहा कि यह वर्ष दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम विशेष वैश्विक सामरिक साझेदारी की स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर पिछले एक दशक में हुई प्रगति पर भी प्रसन्नत व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बैठकों के परिणाम अपेक्षाओं से भी अधिक रहे हैं। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच बेहतरीन तालमेल से ही संभव हो पाया है।

# दुनिया में सबसे बुजुर्ग महिला का 117 वर्ष की आयु में निधन



**मैड्रिड।** दुनिया में सबसे बुजुर्ग समझी जाने वाली अमेरिकी मूल की स्पेनवासी मारिया ब्रान्यास का 117 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ब्रान्यास के एक्स अकाउंट पर उनके परिवार ने लिखाः मारिया ब्रान्यास हम सब को छोड़कर चली गईं। वह जिस तरह से जाना चाहती थीं, वैसे ही चली गईः बिल्कुल शांत, चिरनिन्द्रा में और बिना किसी पीड़ा के। जेरोन्टोलॉजी रिसर्च ग्रुप ने पिछले वर्ष हुई फ्रांसीसी नन लुसिले रैंडन की मृत्यु के बाद ब्रान्यास को विश्व का सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बताया है। यह ग्रुप 110 या उससे अधिक आयु के माने जाने वाले लोगों के विवरण को प्रमाणित करता है। ब्रान्यास का चार मार्च, 1907 को सैन फ्रांसिस्को में जन्म हुआ था।

**कन्वेंशन** डेमोक्रेटिक पार्टी के हजारों नेताओं ने बाइडन का तालियों की गड़गड़ाहट से किया स्वागत

# हैरिस ऐतिहासिक राष्ट्रपति साबित होंगी : बाइडन

शिकागो, एजेंसी



डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के साथ बाइडन।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार रात डेमोक्रेटिक पार्टी की कमान आधिकारिक तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को सौंप दी। उन्होंने कमला को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति करार देते हुए कहा कि वह एक ऐतिहासिक राष्ट्रपति साबित होंगी।

बाइडन (81) जब शिकागो में आयोजित डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में पहुंचे, तो वहां मौजूद हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस सम्मेलन के दौरान कमला (59) गुरुवार को आधिकारिक तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी स्वीकार करेंगी। 5 नवंबर को प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में उनका मुकाबला रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप (78) से होगा। बाइडन ने उत्साह से भरपूर नेताओं और कार्यकर्ताओं से सवाल किया क्या आप कमला हैरिस को अमेरिकी की राष्ट्रपति चुनने के लिए तैयार हैं। उन्होंने देशवासियों से कमला के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की। उन्होंने कहा मुझे अपने काम से प्यार है। मुझे अपने देश से और भी ज्यादा प्यार है। हमें अपने लोकतंत्र को बचाए रखने की जरूरत है। हमें ट्रंप को हराने और हैरिस व टिम (वाल्ज) को क्रमशः अमेरिका का राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति चुनने के लिए आपकी जरूरत है। बाइडन ने कहा कि ट्रंप को 2024 में महिलाओं की ताकत का अंदाजा लगेगा। कमला जल्द अमेरिका की 47वीं राष्ट्रपति के रूप में सेवाएं देंगी। बाइडन ने कहा अमेरिका का भविष्य देशवासियों के हाथों में हैं। हमने 2020 में लोकतंत्र की रक्षा की और हमें 2024 में फिर ऐसा करना है। मैंने अपने करियर में कई गलतियां कीं, लेकिन मैंने अपने स्तर पर आपकी सर्वश्रेष्ठ सेवा की। बाइडन ने कहा मैं आपसे पूछता हूं क्या आप आजादी के लिए मतदान करने को तैयार हैं।

### हम साझा दृष्टिकोण को लेकर एकजुट हैं : हैरिस

**शिकागो।** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोमवार को कहा कि देश के भविष्य के लिए अमेरिकी अपने साझा दृष्टिकोण को लेकर एकजुट हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में अचानक पहुंचीं हैरिस (59) ने कहा आज रात सभी को देखकर मुझे हमारे महान राष्ट्र की खूबसूरती का भली भांति अंदाजा हो गया है।